राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 दिल्लीवालों से केजरीवाल की अपील, गाली-गलौज पार्टी जनता ...

रोहित शर्मा वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के प्रशिक्षण शिविर में शामिल ... 11

वर्ष : 15 | अंक : 260 | नई दिल्ली, बुधवार, 15 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

# दिल्ली में सरकार बनी तो जाति-जनगणना का क्रन्तिकारी कदम उठाएंगेः राहुल

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनती है तो सबसे पहले जाति जनगणना कराई जाएगी और दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जाति जनगणना का क्रांतिकारी कदम उठाया जाएगा।

श्री गांधी ने सोमवार को यहां सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के साथ खड़ी है और उनके हक की लड़ाई लड़ती रहेगी। भारतीय जनता पार्टी पर नफरत फैलाने और हिंसा भड़काने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस मोहब्बत की दुकान हर जगह खोल रही है और इसके लिए उन्होंने 4000 किलोमीटर की पैदल यात्रा की है। दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने दिल्ली में जो किया था वह असाधारण था और ऐसा काम है सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है इसलिए कांग्रेस का समर्थन कर उसके उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करें।

कांग्रेस नेता ने कहा,ह्लभाजपा और आरएसएस के लोग देश का संविधान खत्म करना चाहते है। संविधान पर हर तेज आक्रमण हो रहा है, नफरत फैलाई जा रही है लेकिन मैं जब तक जीवित हूं किसी हिंदुस्तानी पर आक्रमण होगा तो राहुल गांधी उनकी रक्षा के लिए मौजूद रहेगा। मेरी राजनीति का मकसद है कि मैं गरीब से गरीब व्यक्ति की सेवा में खड़ा रहा हूं। मैंने 4000 किलोमीटर पैदल यात्रा इसी संविधान को बचाने के लिए की है। देश में गरीब जनता भूखी मर रही है लेकिन एक उद्योगपति को एयरपोर्ट, पोर्ट सब कुछ



सौपा जा रहा है, ऐसा हिंदुस्तान हमको नहीं चाहिए। मैं जहां भी जाता हूं यही कहता हूं कि इस देश में गरीबों की भागीदारी नहीं है। श्री गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने महंगाई रोकने के लिए जो वादा किया था कि इसको लेकर कोई कदम नहीं उठाया। आज महंगाई चरम पर है, गरीब और गरीब हो रहा है तथा अमीर की अमीरी लगातार बढ़ रही है। देश का पूरा पैसा अडानी और अंबानी को मिल रहा है और यह दोनों उद्योगपति श्री मोदी की मार्केटिंग करते हैं। श्री मोदी और श्री केजरीवाल कभी अडानी की खिलाफ नहीं बोलते हैं लेकिन मैं साफ कहता हूं कि हमें अरबपतियों का देश नहीं चाहिए। हम सब कहते हैं कि देश में 50 प्रतिशत पिछड़े लोग हैं, 15 प्रतिशत दलित है, आठ प्रतिशतआदिवासी और 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। न्यायपालिका या किसी अन्य क्षेत्र में दलित, पिछड़ा या आदिवासी नहीं मिलेगा।

देश को चलाने वाले जो 90 लोगों में इन वर्गों की हिसेस्सेदारी नहीं है। बजट की बात आती है तो जो पिछड़े वर्ग के अधिकारी सिर्फ पांच प्रतिशत बजट पर निर्णय लेते हैं। दलित और पिछड़ा वर्ग की आबादी 65 प्रतिशत है लेकिन उनकी भागीदारी है सिर्फ छह प्रतिशत है। श्री मोदी और श्री केजरीवाल जाति जनगणना नहीं चाहते हैं। वे नहीं चाहते हैं कि शासन में इन वर्गों की भागीदारी हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भागीदारी और समानता चाहती है इसलिए जिस दिन कांग्रेस की सरकार आएगी उस दिन आरक्षण 50 प्रतिशत से आगे होगा और जाति जनगणना कराई जाएगी। वह चाहते हैं कि देश में दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों, आदिवासियों को भागीदारी मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही इन वर्गों को भागीदारी दे सकती है और इसी का परिणाम है कि देश में लोगों को मनरेगा लागू हुआ, शिक्षा का अधिकार मिला, भोजन का अधिकार मिला। श्री गांधी ने कहा कि दिल्ली में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो जाति जनगणना कराई जाएगी। इससे पता चल जाएगा कि दिल्ली सरकार में दलित, पिछड़ों आदिवासियों की कितनी भागीदारी है। आज सच्चाई यह है कि किसी स्तर पर इन वर्गों की भागीदारी नहीं है लेकिन यदि जाति जनगणना होती है तो यह क्रांतिकारी कदम होगा और कमजोरों को उनका अधिकार मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा सागर में पुण्य स्नान शुरू, लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

कोलकाता। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालुओं ने आज गंगा सागर में आस्था की डुबकी लगाई। त्रेता युग के पवित्र सागर तट, जहां मां गंगा ने राजा सगर के साठ हजार पुत्रों को मोक्ष प्रदान किया था, वहां मोक्ष की कामना में भक्तजन पुण्य स्नान के लिए उमड़ पड़े। राजा सगर के पुत्रों को जिस शुभ मुहूर्त में गंगा ने स्पर्श किया, उसी शुभ मुहूर्त में पुण्य स्नान की शुरूआत होती है। गंगा सागर मेला आठ जनवरी से शुरू हो चुका है। इसका समापन 17 जनवरी को होगा। पुण्य स्नान का शुभ मुहूर्त आज सुबह 6:58 बजे से 15 जनवरी को सुबह 6:58 बजे तक है। पश्चिम बंगाल सरकार ने गंगा सागर मेला के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। सरकारी बसों और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

### महत्वपूर्ण खबर



**संगम में प्रथम 'अमृत स्नान' कर पुण्य अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालुजनों का अभिनंदन : सीएम योगी**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को देशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है। आज लोक आस्था के महापर्व 'मकर संक्रांति' के पावन अवसर पर महाकुंभ-2025, प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में प्रथम 'अमृत स्नान' कर पुण्य अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालु जनों का अभिनंदन! संगम नगरी प्रयागराज में सनातन आस्था के महापर्व महाकुंभ का दिव्य भव्य शुभारंभ सोमवार को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ हो गया है। महाकुंभ के अमृत स्नान का सनातन आस्था में विशेष महत्व है। अनादि काल से साधु, संन्यासियों और श्रद्धालुओं की महाकुंभ के अमृत काल में संगम स्नान करने की परंपरा रही है।

### सीएम आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर केजरीवाल ने दी प्रतिक्रिया, भाजपा-कांग्रेस को घेरा

नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीएम आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधा। अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इनके नेता खुलेआम पैसा बांटते हैं, साड़ी, कंबल, सोने की चैन आदि बांटते हैं, फर्जी वोट बनवाते हैं, फिर भी एक एफआईआर तक दर्ज नहीं होती। लेकिन मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ तुरंत एफआईआर हो जाती है। पूर्व सीएम ने आगे कहा, ₹आम आदमी पार्टी पूरे सिस्टम के खिलाफ लड़ रही है। इस सड़े गले सिस्टम को जनता के साथ मिलकर बदलना है, मिलकर साफ करना है। भाजपा और कांग्रेस दोनों उसी सड़े गले सिस्टम का हिस्सा हैं। अरविंद केजरीवाल ने इससे पहले भाजपा नेता अमित मालविया की एक्स पर एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी थी।

# आईएमडी के 150 साल आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजी की गौरवपूर्ण यात्रा का प्रतीक : पीएम

**आईएमडी के 150 साल सिर्फ भारत मौसम विज्ञान विभाग की यात्रा का जश्न नहीं हैं। यह भारत में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की गौरवपूर्ण यात्रा का भी प्रतीक है। वैज्ञानिक संस्थाओं में रिसर्च और इनोवेशन नए भारत के टेम्परामेंट का हिस्सा है। इसलिए पिछले 10 वर्षों में आईएमडी के इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी का भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। भारत एक क्लाइमेट स्मार्ट राष्ट्र बने इसके लिए हमने मिशन मौसम भी लॉन्च किया है। मिशन मौसम सस्टेनेबल फ्यूचर को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। डॉपलर मौसम रडार, स्वचालित मौसम स्टेशन, रनवे मौसम निगरानी प्रणाली और जिलेवार वर्षा निगरानी स्टेशनों जैसे आधुनिक बुनियादी ढांचे की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है और इसे भी अपग्रेड किया गया।**






प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत मौसम विज्ञान विभाग के 150वें स्थापना दिवस के समारोह में शामिल हुए। पीएम मोदी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम भारतीय मौसम विभाग यानी आईएमडी के 150 वर्ष सेलिब्रेट कर रहे हैं। ये केवल भारतीय मौसम विभाग की यात्रा नहीं है, ये हमारे भारत में आधुनिक साइंस और टेक्नोलॉजी की भी गौरवपूर्ण यात्रा है। आईएमडी ने न केवल करोड़ों भारतीयों की सेवा की है, बल्कि भारत की वैज्ञानिक यात्रा का भी प्रतीक बना है। आईएमडी के 150 साल सिर्फ भारत मौसम विज्ञान विभाग की यात्रा का जश्न नहीं हैं। यह भारत में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की गौरवपूर्ण यात्रा का भी प्रतीक है। वैज्ञानिक संस्थाओं में रिसर्च और इनोवेशन नए भारत के टेम्परामेंट का हिस्सा है। इसलिए पिछले 10 वर्षों में आईएमडी के इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी का भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है।

भारत एक क्लाइमेट स्मार्ट राष्ट्र बने इसके लिए हमने मिशन मौसम भी लॉन्च किया है। मिशन मौसम सस्टेनेबल फ्यूचर को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। डॉपलर मौसम रडार, स्वचालित मौसम स्टेशन, रनवे मौसम निगरानी प्रणाली और जिलेवार वर्षा निगरानी स्टेशनों जैसे आधुनिक बुनियादी ढांचे की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है और इसे भी अपग्रेड किया गया। भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और डिजिटल प्रौद्योगिकी का पूरा लाभ मौसम विज्ञान को भी मिल रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मौसम विज्ञान किसी भी देश की आपदा प्रबंधन क्षमता का सबसे जरूरी सामर्थ्य होता है। प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम से कम करने के लिए हमें मौसम विज्ञान की कार्यकुशलता को अधिकतम करने की आवश्यकता होती है। भारत ने लगातार इसकी अहमियत को समझा है। आज हम उन आपदाओं की दिशा को मोड़ने में कामयाब हो रहे हैं जिन्हें पहले नियति कहकर छोड़ दिया जाता था। किसी भी देश के वैज्ञानिक संस्थानों की प्रगति विज्ञान के प्रति उसकी जागरूकता को दशार्ती है। हमारे पड़ोस में कहीं कोई आपदा आती है, तो भारत सबसे पहले मदद के लिए उपस्थित होता है। इससे विश्व में भारत को लेकर भरोसा भी बढ़ा है। दुनिया में विश्व बंधु के रूप में भारत की छवि और भी मजबूत हुई है। मौसम संबंधी प्रौद्योगिकी में प्रगति के कारण हमारी आपदा प्रबंधन क्षमताओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यह प्रगति न केवल हमारे देश के लिए बल्कि वैश्विक समुदाय के लिए भी फायदेमंद साबित हुई है। आज, हमारी फ्लैश फ्लड गाइडेंस प्रणाली नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका सहित पड़ोसी देशों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज इस दिशा में और अधिक शोध करने का समय है। हमें सत्यापित ज्ञान को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने के तरीके खोजने होंगे। जैसे-जैसे मौसम विभाग के पूर्वानुमान अधिक सटीक होते जाएंगे, इसकी जानकारी का मूल्य बढ़ता जाएगा। भविष्य में आईएमडी के डेटा की मांग बढ़ेगी और इसकी उपयोगिता विभिन्न क्षेत्रों, उद्योगों और यहां तक कि रोजमर्रा के मानव जीवन में भी बढ़ेगी। इसलिए हमें भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर काम करने की जरूरत है। भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं जैसी चुनौतियां भी हैं, जहां हमें एक चेतावनी प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। मुझे उम्मीद है कि हमारे वैज्ञानिक, अनुसंधान विद्वान और आईएमडी जैसे संस्थान इस क्षेत्र में काम करेंगे।

### भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की जरूरतः प्रधानमंत्री मोदी ने वैज्ञानिकों से कहा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वैज्ञानिकों से भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया और कहा कि मौसम विज्ञान में हुई प्रगति ने देश को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने में मदद की है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने देश को प्रत्येक मौसम और जलवायु का सामना करने के लिए स्मार्ट राष्ट्र बनाने के मकसद से मिशन मौसम की शुरूआत की। मोदी ने कहा कि हर तरह की जलवायु का सामना करने के लिए भारत एक स्मार्ट राष्ट्र बने, इसके लिए हमने मिशन मौसम शुरू किया है। उन्होंने कहा, ह्यह्यमिशन मौसम टिकाऊ भविष्य और भविष्य की तैयारियों को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। मिशन मौसमह्व का लक्ष्य अत्याधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और सिस्टम विकसित करके, उच्च-रिजॉल्यूशन वायुमंडलीय अवलोकन, अगली पीढ़ी के रडार और उपग्रहों एवं उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटरों का इस्तेमाल करते हुए उच्च स्त रीय क्षमता को हासिल करना है। यह मौसम और जलवायु प्रक्रियाओं की समझ को बेहतर बनाने, वायु गुणवत्ता डेटा प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा जो लंबे समय में मौसम प्रबंधन और हस्तक्षेप की रणनीति बनाने में सहायता प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, मौसम विज्ञान किसी भी देश की आपदा प्रबंधन क्षमता के लिए सबसे महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करता है।

## त्रिनगर विधानसभा पर 'आप' के सामने हैट्रिक लगाने की चुनौती, भाजपा करेगी पलटवार की कोशिश

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा की तारीख ज्यों-ज्यों नजदीक आ रही है, राजनीतिक दलों की मतदाताओं को लुभाने की कोशिश और तेज होती जा रही है। दिल्ली चुनाव से पहले राजनीतिक पार्टियां एक-एक सीट का गुणा-भाग कर रही हैं। ऐसे में दिल्ली की चांदनी चौक विधानसभा के अंतर्गत आने वाली त्रिनगर विधानसभा बहुत महत्वपूर्ण है।

चांदनी चौक लोकसभा में आने वाली त्रिनगर सीट 1993 में अस्तित्व में आई थी। तब से यहां हर चुनाव में जबरदस्त मुकाबले होते रहे हैं। साल 2020 में आम आदमी पार्टी (आप) की उम्मीदवार प्रीति तोमर ने भारतीय जनता पार्टी के तिलक राम गुप्ता को 10,710 वोटों के अंतर से हराया था। प्रीति तोमर को 58,504 वोट जबकि तिलक राम गुप्ता को 47,794 वोट मिले थे। कांग्रेस के उम्मीदवार कमल कांत शर्मा को 4,075 वोट मिले और वह तीसरे स्थान पर रहे। इस चुनाव में कुल 1,67,978 वोटरों में से 66 प्रतिशत यानी 1,11,697 लोगों ने वोट डाले थे, जो त्रिनगर क्षेत्र के लिए एक अच्छा मतदान प्रतिशत था। त्रिनगर विधानसभा सीट के इतिहास पर नजर डालें, तो इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी का प्रभुत्व शुरूआत में देखने को मिला था। साल 1993 में पहली बार यहां विधानसभा चुनाव हुआ और भाजपा के उम्मीदवार नंद किशोर गर्ग ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1998 में भी नंद किशोर गर्ग ने दोबारा जीत हासिल की थी। साल 2003 में कांग्रेस के उम्मीदवार अनिल भारद्वाज ने उन्हें हराया, और 2008 में भी अनिल भारद्वाज ने भाजपा उम्मीदवार को हराकर दोबारा जीत हासिल की। हालांकि इस बार मुकाबला कड़ा था, जिसमें हार-जीत का अंतर मात्र 1,969 वोटों का था। साल 2013 में बीजेपी के नंद किशोर गर्ग ने एक मजबूत वापसी की और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार जितेंद्र सिंह तोमर को 2,809 वोटों से हराया। कांग्रेस के उम्मीदवार अनिल भारद्वाज तीसरे स्थान पर रहे। हालांकि 2015 में फिर से दिल्ली में विधानसभा चुनाव हुआ और इस बार आम आदमी पार्टी ने इतिहास रचते हुए भाजपा को हराया। आप के उम्मीदवार जितेंद्र सिंह तोमर ने नंद किशोर गर्ग को 22,000 से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया।

## इसरो का स्पेडेक्स मिशन सफल रहा तो भारत भी बन जाएगा ताकतवर

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष में एक ऐसे मिशन की नींव रख रहा है, जो भविष्य की उड़ानों के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होंगे। यह है स्पेडेक्स मिशन। इस मिशन में इसरो सफल रहा तो हम भी अमेरिका, चीन, रुस की तरह ताकतवर बन जाएंगे। इस मिशन में दो छोटे अंतरिक्ष यान शामिल हैं, जिनमें हर एक का वजन करीब 220 किलो है। इन्हें रॉकेट पीएसएलवी-सी60 के जरिए लॉन्च किया गया है। इसरों ने 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से स्पेडेक्स यानी स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया था। इसके तहत पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी से 470 किमी ऊपर तैनात किए गए थे। इसरो के पूर्व वैज्ञानिक के मुताबिक ये यान पृथ्वी से 470 किलोमीटर ऊपर चक्कर लगाएंगे। इनमें एक चेजर (एसडी गुणा 01) और दूसरा टारगेट (एसडी गुना02) नाम का उपग्रह है। इस मिशन का मकसद सफल डॉकिंग, डॉक किए गए अंतरिक्ष यानों में एनर्जी ट्रांसफर करना और अनडॉकिंग के बाद पेलोड का संचालन करना है। इसरो ने बीते रविवार को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट स्पेडेक्स का सफल ट्रायल किया। इसरो ने 2 स्पेस सैटेलाइट के बीच दूरी पहले 15 मीटर, फिर 3 मीटर तक रखी। इसके बाद दोनों सैटेलाइट को वापस सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। इसरो ने बताया कि डॉकिंग ट्रायल का डेटा एनालिसिस किया जा रहा है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

**आस्था** | अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था।

# महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान के अवसर पर नागा साधू बने आकर्षण का केंद्र

प्रात : किरण/ एजेंसी

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 के प्रथम अमृत स्नान के दौरान नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना। त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था।

कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवारें लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजने का प्रदर्शन करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन कर रहे थे।

अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभा यात्रा में कुछ नागा साधु घोड़ों पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और







त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुम्भ की भव्यता को और भी बढ़ा दिया स्व-अनुशासन में रहने वाले ये साधु शीर्ष पदाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए आगे बढ़े। नगाड़ों की गूंज के बीच उनके जोश ने इस अवसर को और भी खास बना दिया। त्रिशूल और डमरू केसाथ उनके प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के मिलन का उत्सव है।

शोभायात्रा के दौरान मीडिया ही नहीं, बल्कि आम श्रद्धालु भी इन दृश्यों को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर रहे थे। नागा साधु इस दौरान नगाड़ों की ताल पर नृत्य करते हुए अपनी परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन भी कर रहे थे। स्नान के दौरान भी नागा साधुओं का अंदाज निराला था। त्रिवेणी संगम में उन्होंने पूरे जोश के साथ प्रवेश किया और बर्फ के समान पानी के साथ ऐसे अठखेलियां कीं जैसे ठंडेपानी से उन्हें कोई भी कठिनाई नहीं हो रही हो। पुरुष नागा साधुओं के साथ ही महिला नागा संन्यासियों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। महिला नागा संन्यासी भी पुरुष साधुओं की तरह तप और योग में लीन रहती हैं। वे गेरुआ वस्त्र धारत करती हैं जो बिना सिला हुआ होता है। उन्हें भी परिवार से अलग होना पड़ता है, खुद के साथ परिवार के लोगों का पिंड दान करना होता है और तब जाकर कोई महिला नागा संन्यासी बन पाती हैं।

# नैनीताल जू में वन्यजीवों की संख्या बढ़ाने के लिए कवायद, यहां प्रमुख तेंदुए-रेड पांडा हैं

**नैनीताल, एजेंसी।**
जीबी पंत उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान में बीते 4-5 वर्षों से वन्य जीवों की संख्या कम हो रही है। बीते पांच साल में वन्यजीवों की संख्या 231 से 210 पहुंच चुकी है। अब जू प्रबंधन की ओर से नए वन्यजीवों को लाने के लिए कवायद की जा रही है।

जीबी पंत उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान में बीते चार-पांच वर्षों से वन्य जीवों की संख्या कम हो रही है। बीते पांच साल में वन्यजीवों की संख्या 231 से 210 पहुंच चुकी है। वहीं, कई जीव बूढ़े हो चुके हैं। अब जू प्रबंधन की ओर से नए वन्यजीवों को लाने के लिए कवायद की जा रही है। बता दें कि तल्लीताल क्षेत्र में समुद्र तल से 2100 मीटर की ऊंचाई पर जीबी पंत उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान स्थापित है। इसकी स्थापना वर्ष 1995 में 4693 वर्ग मीटर क्षेत्र में की




गई थी। यहां प्रमुख वन्यजीव बंगाल टाइगर, हिमालयी काले भालू, तेंदुए, रेड पांडा, सांभर व पक्षियों में प्रमुख सिल्वर फीजेंट, कलीज फीजेंट, चकोर व मोनाल हैं।

इनको देखने के लिए प्रतिवर्ष दो लाख ज्यादा सैलानी यहां आते हैं, लेकिन बीते चार-पांच वर्षों से चिड़ियाघर में वन्यजीवों के विस्थापन और मौत के चलते वन्यजीवों की संख्या कम हो रही है। विभागीय जानकारी के अनुसार वर्तमान में जू में वर्तमान में 210 वन्यजीव मौजूद हैं। हालांकि हाल ही में जू में एक मारखोर लाया गया था। वहीं, जू में एक मात्र भेड़िये की मौत हो चुकी है। इसके अलावा कई वन्यजीव बूढ़े हो चुके हैं, जिससे भविष्य में यह संख्या और कम हो सकती है।

चिड़ियाघर के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि वन्यजीवों की संख्या बढ़ाने को लेकर कवायद की जा रही है। लगातार अन्य चिड़ियाघरों के साथ पत्राचार कर वन्यजीवों की मांग की जा रही है।

## जिस जमीन का लिया स्टे उसे जोतने से रोकने पर की मारपीट

**काशीपुर, एजेंसी।** अदालत से स्टे प्राप्त जमीन को जोतने और पेड़ खुर्द-बुर्द करने का विरोध करने पर हमलावरों ने एक किसान के साथ मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

भोगपुर निवासी महेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी आराजी कुल रकबा 0.4730 हेक्टेयर संक्रमणीय भूमि की है। इस आराजी पर कुछ लोग कब्जा करना चाहते हैं। इस पर उसे सिविल जज ज्यूडिशियल की अदालत से 21 नवंबर 2021 को स्टे मिला है।

आरोप है कि 26 दिसंबर 2024 की सुबह लगभग वह अपने जीजा हुकुम चंद के साथ अपने खेत गया था। वहां कुछ दबंग उसकी सरसों की फसल को ट्रैक्टर से जोत रहे थे। आरोप है कि विरोध करने पर सौरभ, करनैल, उमेश, मुंशी यादव, अजय व अंकित निवासी प्रतापपुर, भगत सिंह निवासी गांव भीमनगर ने उनके साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा होने पर आसपास खेतों में काम करने वालों ने उसे बचाया। पुलिस ने तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## महिला हाट बाजार में लगाए गए समूहों के स्टॉल

गदरपुर, एजेंसी। ग्राम पंचायत नारायणपुर के ग्राम श्याम नगर में मनरेगा से निर्मित महिला हाट बाजार के शेड में एनआरएलएम से गठित समूहों के उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। मुख्यमंत्री सशक्त बहना योजना के अंतर्गत महिला हाट बाजार में आचार, मशरूम, मसाले, फास्टफूड, तालपोश, धूप, अगरबत्ती और शहद आदि के स्टॉलों पर खरीदारों की भीड़ रही। बीडीओ अतिया परवेज ने कहा कि लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। वहां एबीडीओ शेखर जोशी, हेम चंद कांडपाल, डीपीओ मनरेगा अमित मेहरा, ब्लॉक मिशन में मैनेजर शखावत शाह आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएस और चौदह बीघा क्लब ने जीते अपने मैच

**ऋषिकेश, एजेंसी।** जिला खेल कार्यालय नरेंद्रनगर टिहरी गढ़वाल की ओर से मुनि की रेती कैलाश गेट स्थित ओमकारानंद सरस्वती निलियम स्कूल में दो दिवसीय जिला स्तरीय अंडर 18 बालक वर्ग वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में टिहरी जनपद की करीब 12 टीमों ने भाग लिया। सोमवार को पहला मुकाबला आरपीएस और एसडीएस के बीच खेला गया। जिसमें एसडीएस ने 2-0 से मुकाबला जीता। दूसरा मैच चौदह बीघा क्लब और ओएसएन के बीच खेला गया। जिसमें चौदह बीघा ने 2-0 से मुकाबला जीता। इस मौके पर खेल विभाग के प्रशिक्षक वहीद अहमद, विश्वनाथ राजपूत, मोहम्मद शहजाद सलमानी, अवतार सिंह, प्रदीप खंतवाल, संदीप रावत, दीपक रावत आदि शामिल रहे।

### स्मैक तस्करी के आरोप में महिला समेत दो गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** कोतवाली पुलिस की ओर से गठित एएनटीएफ टीम ने बीते शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान स्मैक तस्करी के आरोप में एक महिला व एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 13.31 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसाईं ने बताया कि महिला आरोपी महनाज निवासी नियामवाला डोईवाला से 7.81 ग्राम और इरफान निवासी ग्राम बाजावाला थाना डोईवाला से 5.50 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। साथ ही 67510 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह खुद स्मैक के आदी हैं और शेरपुर सहसपुर से लेकर आते है। डोईवाला के आसपास के क्षेत्रों में स्मैक ऊंचे दामों पर बेचते है। प्रभारी निरीक्षक गुसाईं ने बताया कि दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### तेज धूप खिली तो अधिकतम तापमान नौ डिग्री बढ़ा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** पिछले दो दिन से बारिश और सर्द हवाएं चलने से तापमान में काफी कमी आई थी। सोमवार को तेज धूप खिलने के बाद अधिकतम तापमान में नौ डिग्री का इजाफा हुआ। लोग अपने आंगन और छतों पर जाकर धूप सेंकते दिखाई दिए। हालांकि सूर्य ढलने के बाद फिर से सर्द हवाएं चलने लगीं। एयरपोर्ट मौसम विभाग के अनुसार सोमवार का अधिकतम तापमान 23.2 और न्यूनतम 6.4 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि रविवार का अधिकतम तापमान 14.8 और न्यूनतम 9.0 डिग्री दर्ज किया गया था।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से नहीं मिल रही राहत

**पथरी, एजेंसी।** भट्टीपुर स्थित बिजली घर में तकनीकी खराबी से लगातार छह घंटे बिजली गायब रही। इस वजह से लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ा। सोमवार की सुबह सात बजे करीब बिजली गुल हुई और दोपहर एक बजे के बाद शुरू हो सकी। इसके अलावा पूरे दिन बिजली की ट्रिपिंग होती रही। क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती को लेकर लोगों में रोष बना हुआ है। लोगों का कहना है कि बिजली आने जाने का कोई निर्धारित समय नहीं है। 24 घंटे में सात से आठ या कभी-कभी छह घंटे ही बिजली आपूर्ति हो रही है। लोगों के रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे है। क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता अरविन्द, सोमप्रकाश, राजेन्द्र, मतलूब, इकरार, मकसूद आदि लोगों का कहना है कि दिन में लगातार कई-कई घंटे की बिजली कटौती व ट्रिपिंग की जा रही है। इन दिनों क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। वहीं ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रवेश कुमार का कहना है कि भट्टीपुर स्थित बिजली घर की मशीन में खराबी आने के कारण बिजली आपूर्ति बंद रही। दोपहर में मशीन ठीक होने पर बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

### 25 छात्रों ने तीन सप्ताह का निशुल्क प्रशिक्षण लिया

**ऋषिकेश, एजेंसी।** जिला उद्योग केंद्र और सिपेट की ओर से कोटद्वार स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुगड्डा के ड्रॉफ्टमैन ट्रेड के 25 छात्र-छात्राओं को तीन सप्ताह का निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के विशेषज्ञों ने छात्रों को ऑटोकैड के माध्यम से 2डी और 3डी डिजाइन, सीएनसी-लेथ, सीएनसी-मिलिंग आदि मशीनों के बारे में बताया। जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार के अधिकारियों ने भी विशेष लेक्चर से प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# राष्ट्रीय खेलः तैराकी में नैनीताल जिले के खिलाड़ियों की रहेगी धूम

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। खेल संघों ने राष्ट्रीय खेलों के लिए अपनी-अपनी टीमें बनानी शुरू कर दी हैं। स्विमिंग एसोसिएशन ने भी अपनी टीम की सूची जारी की है। इसमें छह महिला और छह पुरुष वर्ग में हैं। पुरुष वर्ग में तीन खिलाड़ी नैनीताल जिले के हैं।

28 जनवरी से शुरू हो रहे राष्ट्रीय खेलों में 29 जनवरी से चार फरवरी तैराकी खेल होंगे। इसमें तैराकी के लिए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में ऑल वेदर पूल तैयार हो रहा है। इसके लिए उत्तराखंड स्विमिंग एसोसिएशन ने सोमवार को राष्ट्रीय खेलों में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी की।



इसमें पुरुष वर्ग में नैनीताल के नितेश राणा, प्रभात धपोला, शिवम धपोला शामिल हैं। इसके अलावा हरिद्वार के पार्थ, देहरादून के रितेश कुमार अग्रवाल और पिथौरागढ़ के दीपक कुमार रहेंगे। वहीं महिला वर्ग में देहरादून की काव्या बरकोटी, इरा रावत, ईशा पंवार, मेघा सिंह अग्रवाल हैं। इसके अलावा हरिद्वार से तिशा वर्मा और नैनीताल से श्रद्धा जोशी शामिल हुई। उत्तराखंड स्विमिंग एसोसिएशन की सचिव सीमा मल्होत्रा ने बताया कि गत वर्ष सितंबर में बंगलूरू में हुए सीनियर नेशनल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय खेलों के लिए किया गया है। अब 16 से 25 जनवरी तक कैंप चलेंगे।

## ऐरावत गुफा के कायाकल्प की तैयारी तेज

**जागेश्वर (अल्मोड़ा), एजेंसी।** प्रसिद्ध जागेश्वरधाम में स्थित प्राचीन ऐरावत गुफा का कायाकल्प करने के लिए पहल शुरू हो गई है और प्रशासक/तहसीलदार बरखा जलाल की मौजूदगी में पुरातत्व विभाग की टीम ने गुफा का स्थलीय निरीक्षण किया। जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारी व स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। तहसीलदार भनोली बरखा जलाल ने इस धरोहर की सफाई करने पर जोर दिया। इसके लिए स्थानीय लोगों व मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा संयुक्त प्रयास किया जाना चाहिए। साफ-सफाई, भैरव कुंडों की सफाई के साथ आवश्यक अन्य सौंदर्यीकरण कार्य होंगे। क्षेत्रीय पुरातत्व विभाग के डॉ. चंद्र सिंह चौहान ने बताया कि इस टापू के चारों ओर बैठने की उचित व्यवस्था बनाकर पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाया जा सकता है।

## युवक को गोली मारने के मामले में कई युवकों पर केस दर्ज

**रूड़की, एजेंसी।** युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो नामजद युवकों और अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। साथ ही युवकों की तलाश शुरू कर दी है।शनिवार को अकौढा खुर्द गांव निवासी अनुज कुमार पड़ोसी गांव स्थित मुंडाखेड़ा गांव कुछ सामान लेने के लिए जा रहा था। इस बीच रास्ते में कुछ युवकों ने उसे रोक लिया था और गाली-गलौज कर दी थी। विरोध करने पर युवकों ने मारपीट कर दी थी। अनुज ने भागने का प्रयास किया तो युवकों ने गोली मार दी थी। गोली उसकी पीठ में जा लगी थी और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया था। गोली की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर फरार हो गए। लोगों ने सूचना अनुज के परिजनों को दी थी। परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां से उसे डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया था। इस मामले में अनुज के भाई अर्जुन कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर विशाल व कार्तिक निवासी गांव मुंडाखेड़ा और अन्य के खिलाफ तहरीर दी है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**हरिद्वार, एजेंसी।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में ट्रक की टक्कर लगने से एक बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को देहरादून के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, कविता निवासी शिवरतन सिटी रोशनाबाद ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि मोटरसाइकिल पर पति प्रशांत कुमार और बच्चों के साथ बैठकर किसी काम से ज्वालापुर जा रहे थे।

## कृषि भूमि पर छह लोगों पर अवैध खनन करने का आरोप



**रूड़की, एजेंसी।**
एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर खनन माफिया की ओर से उसकी जमीन खोदे जाने की शिकायत की है। पुलिस ने तीन नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिद्वार गुरुकुल कांगड़ी निवासी डॉ. नवनीत परमार ने पुलिस को बताया कि लक्सर क्षेत्र के निहंदपुर सुठारी गांव में उनकी कृषि भूमि है। आरोप है कि गांव के ही बली, उसके बेटे सोनू और अनिल व तीन अज्ञात लोगों ने उनकी जमीन में अवैध खनन कर लाखों रुपये का नुकसान कर दिया है। आरोप है कि उक्त लोगों ने ग्राम समाज की लगभग तीन हजार बीघा जमीन में भी अवैध रूप से खनन कर राजस्व का नुकसान किया है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक वाद नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में भी वाद दायर किया जा रहा है। आरोप लगाया कि उक्त लोग रात में चोरीछिपे अवैध खनन कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। साथ ही मामले की जांच कराई जा रही है।

# 'आभा' से आसान हुआ एम्स में पर्चा बनवाना

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट (आभा) क्यूआर कोड आधारित स्कैन एंड शेयर सुविधा रोगियों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है । अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में बीते दो वर्षों के दौरान 3.2 लाख से अधिक रोगियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है। लोगों को ओपीडी पर्चा बनवाने के लिए अब घंटों तक लाइन में खड़ा नहीं होना पड़ता है।

एम्स ऋषिकेश में आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट (आभा) के क्यूआर कोड आधारित काउंटर सुविधा 26 नवंबर 2022 में शुरू हुई थी। उत्तराखंड में एम्स ऋषिकेश पहला सरकारी स्वास्थ्य संस्थान है, जहां मरीजों के पंजीकरण के लिए यह व्यवस्था सबसे पहले अमल में लाई गई थी। तब से अब तक एम्स अस्पताल में 3.2 लाख से अधिक लोग आभा आईडी से जुड़ चुके हैं और अपना ओपीडी पर्चा बनवाने में इस डिजिटल तकनीक आधारित सुविधा का लाभ उठाया है।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत इलाज करवाने वाले रोगियों की



केवल आभा आईडी ही नहीं बनाई जाती है, बल्कि अस्पताल के हेल्थ प्रोफेशनल चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ को भी इस योजना से जोड़ा गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार अभी तक 2279 हेल्थ प्रोफेशनलों का इसमें पंजीकरण किया जा चुका है। इसके अलावा 3.65 लाख मरीजों का हेल्थ रिकॉर्ड्स डिजिटल लिंक्ड भी कर दिया गया है।

एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने इस उपलब्धि के लिए संस्थान की एबीडीएम (आभा) टीम की प्रशंसा की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच व देश के आम गरीब परिवारों के स्वास्थ्य की चिंता के मद्देनजर आयुष्मान भारत योजना तेजी से गतिमान है। इस योजना से उत्तराखंड में लाखों लोग लाभान्वित हो चुके हैं।

एम्स में आभा योजना के नोडल ऑफिसर व अस्पताल के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. भरत भूषण भारद्वाज ने बताया कि आभा एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति किसी भी अस्पताल में क्यूआर कोड स्कैन करके अपना पर्चा बनवा सकता है। इसके साथ ही अपने सभी प्रकार के हेल्थ रिकॉर्ड अपने मोबाइल में आभा एप के माध्यम से देख सकता है।

उन्होंने बताया कि आभा एबीडीएम योजना पूरी तरह से लागू होने के बाद मरीज को अपने स्वास्थ्य दस्तावेजों को साथ में ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आभा एप के माध्यम से चिकित्सक उनके स्वास्थ्य दस्तावेजों का अवलोकन कर सकेंगे। डॉ. भरत ने बताया कि एबीडीएम योजना के अगले चरण में क्यूआर कोड के माध्यम से बिल पेमेंट करने की सुविधा भी प्रस्तावित है।

इलाज के लिए आने वाले मरीजों को एम्स के प्रवेश गेट नम्बर-3 तथा ओपीडी एरिया में प्रदर्शित क्यूआर कोड के माध्यम से मोबाइल से आभा एप डाउनलोड करना होता है। योजना के समन्वयक कमल जुयाल ने बताया कि एप डाउनलोड करने के बाद मोबाइल कैमरे द्वारा पंजीकरण काउंटर क्षेत्र में प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करने पर उनके मोबाइल एप पर ओपीडी का पंजीकरण नंबर आता है। इसे टोकन नंबर कहते हैं। टोकन नंबर को दिखाकर ओपीडी खिड़की में मौजूद स्टाफ से अपना पंजीकरण पर्चा बनवाया जा सकता है। इस प्रक्रिया में संस्थान के सेवावीरों की टीम विशेष मदद करती है।

# ब्रिटानिया चौक से पंतनगर एयरपोर्ट तक होगी रोड साइकिलिंग, मिली मंजूरी

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
38वें राष्ट्रीय खेल में रोड साइकिलिंग के लिए रूट तय कर दिया गया है। ओलंपिक संघ, पुलिस और प्रशासन के साथ डीओसी साइकिलिंग ने सिडकुल ब्रिटानिया चौक से पंतनगर एयरपोर्ट तक के 9.5 किलोमीटर तक की सड़क को हरी झंडी दी गई।

38वें राष्ट्रीय खेल में रोड साइकिलिंग के लिए रूट तय कर दिया गया है। ओलंपिक संघ, पुलिस और प्रशासन के साथ डीओसी साइकिलिंग ने सिडकुल ब्रिटानिया चौक से पंतनगर एयरपोर्ट तक के 9.5 किलोमीटर तक की सड़क को हरी झंडी दी गई। इसी रूट पर साइकिलिंग के चार इवेंट होंगे।रोड साइकिलिंग के लिए पहले रेडिसन होटल के सामने से सिडकुल तक रूट तय किया गया था। हाईवे पर रोड



साइकिलिंग प्रतियोगिता होने से आवागमन बाधित हो सकता था।

सोमवार को ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. डीके सिंह, एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम मनीष बिष्ट और डीओसी साइकिलिंग प्रताप जाधव ने राजमार्ग का निरीक्षण किया। तय किया गया कि ब्रिटानिया चौक के 300 मीटर पहले कट से रोड साइकिलिंग की शुरुआत होगी। यहां से खिलाड़ी एयरपोर्ट के पहले वाले कट तक 9.5 किलोमीटर का चक्कर लगाएंगे।

# खेत में बैलों को चराने गए बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नरेंद्रनगर मुनि की रेती वन प्रभाग अंतर्गत शिवपुरी रेंज के गूलर दोगी पट्टी में ग्राम पंचायत पसर के तोक बंधाण गांव में एक बुजुर्ग संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हो गया। घायल बुजुर्ग को ग्रामीणों ने उपचार के लिए एम्स में भर्ती किया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कुछ ग्रामीण बुजुर्ग पर भालू के हमले की बात कह रहे हैं।वहीं वन विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई है।

ग्राम पंचायत पसर के पूर्व प्रधान जोत सिंह रावत ने बताया कि सोमवार को बंधाण गांव निवासी 65 वर्षीय सुंदर सिंह पुंडीर पुत्र नारायण सिंह पुंडीर जंगल के समीप अपने खेत में बैलों को चराने गए हुए थे। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीण दयाल सिंह पुंडीर, वीरेंद्र सिंह पुंडीर ने बताया कि इस दौरान बुजुर्ग पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। बुजुर्ग ने भालू से बचने के लिए शोर मचाया। जब तक वे वहां पहुंचे तब तक भालू जंगल की ओर भाग गया।

उसके बाद उन्होंने घायल बुजुर्ग को एम्स में भर्ती किया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बुजुर्ग के सिर पर गंभीर चोटें आई थी। क्षेत्र में जंगली जानवरों की चहलकदमी से स्थानीय ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है।

# भाजपा दिल्ली को बताए, अगर रमेश बिधूड़ी उसका सीएम चेहरा नहीं तो फिर कौन? : संजय सिंह

प्रातः किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने एक फिर सीएम चेहरा को लेकर भाजपा पर हमला बोला है। आप के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा को दिल्ली की जनता को बताना चाहिए कि अगर रमेश बिधूड़ी उसका मुख्यमंत्री चेहरा नहीं हैं तो फिर कौन है? पिछले दिनों रमेश बिधूड़ी को भाजपा का सीएम चेहरा बनाने को लेकर चर्चा शुरू हुई तो उसके नेताओं के बीच झगड़े शुरू हो गए। आप के राष्ट्रीय संयोजक और सीएम चेहरा अरविंद केजरीवाल ने रमेश बिधूड़ी को डिबेट की खुली चुनौती थी और पूछा था कि दिल्ली को लेकर उनका विजन क्या है, लेकिन अब रमेश बिधूड़ी कह रहे हैं कि वह सीएम चेहरा नहीं है, तो फिर भाजपा बिना दुल्हे की बारात लेकर कहां जा रही है?

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि दो-तीन दिन पहले आम आदमी पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक और पार्टी के मुख्यमंत्री चेहरा अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के नेता रमेश बिधूड़ी को खुलेआम चुनौती दी थी। उन्होंने



भाजपा के सीएम चेहरा रमेश बिधूड़ी से पूछा था कि दिल्ली को लेकर उनका विजन क्या है और वह दिल्ली के बारे में क्या सोचते हैं? इस विषय पर अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वह रमेश बिधूड़ी से सार्वजनिक मंच डिबेट करना चाहते हैं। संजय सिंह ने कहा कि रमेश बिधूड़ी भाजपा में मुख्यमंत्री पद के सबसे सशक्त और मजबूत दावेदार हैं। रमेश बिधूड़ी के अंदर वह सारी योग्यता है, जो भाजपा में मुख्यमंत्री बनने के लिए चाहिए। वह सब कुछ रमेश बिधूड़ी के पास मौजूद है। जब हमें सूत्रों से पता चला कि भाजपा में रमेश बिधूड़ी का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए चल रहा है तो इस पर अरविंद केजरीवाल ने प्रेस वार्ता की। अरविंद केजरीवाल की प्रेसवार्ता के बाद भाजपा के लोग आपस में ही झगड़ना शुरू कर दिए। सीएम चेहरा बनने के लिए भाजपा के नेता आपस में लड़ना शुरू कर दिए। प्रवेश वर्मा ने कहा कि हम भी मुख्यमंत्री के दावेदार हैं। साथ ही कई अन्य नेताओं ने भी अपनी दावेदारी पेश की। संजय सिंह ने कहा कि अब पता चल रहा है कि रमेश बिधूड़ी कह रहे हैं कि वह भाजपा के सीएम चेहरा नहीं है। अगर रमेश बिधूड़ी सीएम चेहरा नहीं है तो भाजपा को बताना चाहिए कि उनका दूल्हा कौन है? बिना दूल्हे की बारात लेकर भाजपा कहां जा रही है? बिना दूल्हे की बारात लेकर भाजपा दिल्ली की जनता को क्या बताना चाह रही है? फिर तो यह बहुत ही खतरनाक बात है कि चुनाव हो जाएगा और चुनाव तक दिल्लीवालों के यह पता ही नहीं चलेगा कि भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री का चेहरा कौन है? दिल्लीवालों को पता नहीं चलेगा कि भाजपा का सीएम चेहरा कौन है? संजय सिंह ने कहा कि भाजपा को दिल्ली की जनता को यह बताना चाहिए कि उनका दूल्हा कौन है। सीएम चेहरा कौन है? रमेश बिधूड़ी के ऊपर दबाव बनाकर उनसे बयान क्यों दिलवाया गया कि वह मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं है? अगर वह मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं है तो फिर भाजपा का चेहरा कौन है, यह दिल्ली और देश की जनता जानना चाहती है।

## संक्षिप्त खबरें

### आईआईटी दिल्ली अबु धाबी कैंपस में दाखिला लेने का अवसर

नईदिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने अबू धाबी के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अपने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस वर्ष से इस कैंपस में केमिकल इंजीनियरिंग से बीटेक का कोर्स जोड़ा गया है। ज्ञात हो कि अबू धाबी में यह कैंपस जनवरी 2024 में स्थापित हुआ था। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग, एनर्जी साइंस और इंजीनियरिंग तथा केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की है। इसमें अभ्यर्थी को जेईई (एडवांस्ड) 2025 तथा संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 के माध्यम से दाखिला मिलेगा। संयुक्त प्रवेश परीक्षा 16 फरवरी और 13 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसमें कुल सीटों में से एक-तिहाई सीटें जेईई (एडवांस्ड) 2025 के माध्यम से और दो-तिहाई सीटें संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 के माध्यम से आवंटित की जाएगी। यहां पर यूएई के नागरिकों, अंतरराष्ट्रीय छात्रों और भारतीय प्रवासियों के लिए दाखिला खुला है।

### दिल्ली के गाजीपुर में युवक की पीट-पीट कर हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में एक युवक की पत्थर और ईंट से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान दिल्ली से सटे यूपी के खोड़ा कॉलोनी निवासी दीनदयाल के तौर पर हूई है। डीसीपी अभिषेक ने बताया कि सोमवार रात तकरीबन 12:00 बजे गाजीपुर पेपर मार्केट में एक युवक के हत्या की सूचना मिली, सूचना मिलने के बाद गाजीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। डीसीपी अभिषेक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवाया गया है। हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के लिए गाजीपुर थाना, स्पेशल स्टाफ और एएटीएस की विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने जांच शुरू की, जांच के दौरान मृतक की पहचान दीनदयाल उर्फ पवन यादव के तौर पर हुई है। पवन खोड़ा कॉलोनी का हिस्ट्रीशीटर था। डीसीपी के मुताबिक घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खांगला गया। जिससे हत्या में शामिल चार आरोपियों की पहचान हो गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संदीप, इरफान, राहुल ठाकुर और निखिल गौतम के तौर पर हुई है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि खोड़ा कॉलोनी थाने का घोषित अपराधी के साथ मिलकर उन्होंने पवन की हत्या की है। मुख्य आरोपी की तलाश जारीः पुलिस ने बताया कि पवन और मुख्य आरोपी ने मिलकर कारोबार शुरू किया था। लेकिन कुछ समय बाद दोनों में झगड़ा हो गया, दोनों अलग हो गए। एक महीने पहले मुख्य आरोपी और पवन के बीच मारपीट हुई थी। इसी बात को लेकर मुख्य आरोपी ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर पवन की पीट-पीट कर हत्या कर दी और फरार हो गए। डीसीपी ने बताया कि हत्या में शामिल मुख्य आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर डॉक्टरों को भेजा रंगदारी का लेटर, चार गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगी के नाम पर दिल्ली के डॉक्टर से रंगदारी मांगने के लिए लेटर भेजने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाकर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दीप चंद बंधु अस्पताल के सीएमओ समेत 10 डॉक्टर को वसूली के लिए लेटर भेजे थे। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है। डॉक्टरों को भेजे गए लेटर में लिखा गया कि वे लॉरेंस बिश्नोई का सहयोगी हैं और पैसे ना देने पर अंजाम भुगतना होगा। इसके बाद दीप चंद बंधु अस्पताल के सीएमओ अभिषेक ने भारत नगर थाने में 10 जनवरी को शिकायत दी गई।

# दिल्लीवालों से केजरीवाल की अपील, गाली-गलौज पार्टी जनता को खरीदना चाहती है, वक्त आ गया है इन बेईमानों को यह बताने का कि दिल्ली की जनता बिकाऊ नहीं है

गाली-गलौंज पार्टी वाले खुलेआम कह रहे हैं कि पैसे से दिल्लीवालों के वोट खरीद लेंगे। मेरी अपील है कि इस बार इन्हें बता दो कि दिल्लीवाले बिकाऊ नहीं हैं। इनके पास बहुत पैसा हो गया है। अब इन्होंने सोने की चैन बांटने को भेजी है, लेकिन इनके नेता बांट नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि पैसे, कंबल, साड़ी, चादर, सोने की चेन बांटने वाले देश के गद्दार हैं। आप इनसे सब ले लो, लेकिन इनको कभी वोट मत देना। आपका वोट आपके बच्चों और देश का भविष्य तय करता है। इसलिए किसी को भी वोट दे देना, लेकिन वोट खरीदने वाले को वोट मत देना।

प्रातः किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों से पैसे से वोट खरीद रही भाजपा को सबक सिखाने की अपील की है। उन्होंने दिल्ली की जनता से कहा कि आपका वोट हीरे से भी कीमत है। इसलिए किसी भी कीमत पर अपना वोट बिकने मत देना। गाली-गलौंज पार्टी वाले खुलेआम कह रहे हैं कि पैसे से दिल्लीवालों के वोट खरीद लेंगे। मेरी अपील है कि इस बार इन्हें बता दो कि दिल्लीवाले बिकाऊ नहीं हैं। इनके पास बहुत पैसा हो गया है। अब इन्होंने सोने की चैन बांटने को भेजी है, लेकिन इनके नेता बांट नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि पैसे, कंबल, साड़ी, चादर, सोने की चेन बांटने वाले देश के गद्दार हैं। आप इनसे सब ले लो, लेकिन इनको कभी वोट मत देना। आपका वोट आपके बच्चों और देश का भविष्य तय करता है। इसलिए किसी को भी वोट दे देना, लेकिन वोट खरीदने वाले को वोट मत देना। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, यह साफ होता जा रहा है कि आम आदमी पार्टी की पूर्ण बहुमत से स्थिर सरकार बनने जा रही है।\

समय बीतने के साथ-साथ आम आदमी पार्टी का ग्राफ भी ऊपर बढ़ता जा रहा है। हम ऊपर की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं, ऐसा लगता है कि गाली गलौज पार्टी ने अपने हथियार डाल दिए हैं। इनके पास नैरेटिव, विजन और सीएम का चेहरा इनमें से कुछ भी नहीं है। लिहाजा अब ये बेईमानी पर उतर आए हैं। खुलेआम पैसे बांटे जा रहे हैं। लेकिन जो पैसे बांटे गए, उससे लोगों में बहुत असंतोष है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इनकी पार्टी ने ऊपर से 10-10 हजार रुपए लोगों में बांटने के लिए भेजे। लेकिन इनके नेताओं को यकीन है कि उनको जीत मिलनी नहीं है। इसलिए इस चुनाव में पैसे ही कमा लिए जाएं। इसलिए इनके नेताओं ने 9 हजार रुपए अपने पास रख लिए और जनता को 1,000-1,000 रुपए बांट दिए। इन लोगों ने यह पैसे सबको नहीं दिए। जिसके चलते जनता में भारी रोष है कि इनके नेता 9-9 हजार रुपए खा गए। जहां भी इनके नेता जा रहे हैं, जनता उनसे कह रही है कि हमारे पैसे दो, उसके बाद अपनी बात कहना। जिन इलाकों में इनके नेताओं ने पैसे नहीं बांटे उन इलाकों के लोगों में रोष है कि उनके पैसे कहां गए।

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि इनकी पार्टी ने कंबल बांटने को भेजे। इनके नेताओं ने एक कॉलोनी में कंबल बांटे लेकिन बगल वाली कॉलोनी में नहीं बांटे। इसलिए बगल वाली कॉलोनी के लोग पूछ रहे हैं कि उनके कंबल कहां गए? चादरें भी एक कॉलोनी में बांटी लेकिन बगल वाली कॉलोनी में नहीं बांटी। तो उस कॉलोनी के लोग भी पूछ रहे हैं कि हमारी चादरें कहां गईं? ऊपर से पार्टी ने सभी इलाकों में साड़ी बांटने के लिए भेजी थी लेकिन एक कॉलोनी में बांटी और बाकियों में नहीं बांटी। बाकी खा गए। इनकी पार्टी ने जूते भेजे, इन्होंने तीन या चार कॉलोनी में जूते बांटे लेकिन बाकियों में नहीं बांटे। ये लोगों के जूते और जैकेट भी खा गए। सभी को नहीं बांटे। इसलिए इनके नेता जहां जा रहे हैं उनसे जनता पूछ रही है कि हमारे नाम के आए हुए पैसे कहां हैं? हमारे नाम के आए हुए जूते, जैकेट, साड़ी, कंबल और चादरें कहां हैं? जनता अब इनके दफ्तरों में जा रही है और इनके नेताओं से लड़.रही है। जो लोग दफ्तरों में जाते हैं उनका मुंह बंद कराने के लिए उसे पैसे और सामान दे देते हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब पता चला है कि एक-दो दिन से इन्होंने सोने की चैन बांटनी शुरू की है। सोने की चैन एक-दो कॉलोनियों में ही बंटी है और धीरे-धीरे बात फैल रही है कि सोने की चैन बंट रही है। इनके नेता सोने की चैन भी खा गए, वो भी नहीं बांटी। इनके नेता सभी की सोने की चैन खा गए। तो इनके नेता बताएं कि सारे पैसा, जैकेट, जूते, कंबल, साड़ी और सोने की चैन कहां गई? जनता में क्यों नहीं बांटी गई? इनके नेता खुलेआम कहते घूम रहे हैं कि हम दिल्ली वालों को तो खरीद लेंगे। हम दिल्ली वालों के वोट खरीद लेंगे। क्योंकि इन्हें दिख रहा है कि ये हार गए हैं। मैं दिल्ली की जनता से अपील करता हूं कि ये जो बांट रहे हैं, वह सब ले लो। इनके दफ्तरों में जाकर लड़-झगड़कर ले लो। लेकिन किसी भी हालत में अपना वोट मत बिकने देना। हमारा वोट बहुत कीमती है। हमारे वोट हीरे से भी ज्यादा कीमती है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा कि आम आदमी पार्टी को वोट दो। मेरी जनता से अपील है कि पैसे, कंबल, साड़ी और चादर बांटने वाले को कतई वोट मत देना। ये देश के गद्दार हैं। ये देश को खरीद रहे हैं। इन्हें इतना अहंकार हो गया है कि इन्हें लगता है कि ये देश को खरीद सकते हैं। जो आपके वोट को पैसे बांटकर खरीदने की कोशिश करे, उनसे सब कुछ ले लो, इस बार उनका पैसा बर्बाद कर दो। जितना पैसा बांट रहा है, इनसे और पैसे खर्च करवाओ। इनका सारा पैसा लूटवा दो, लेकिन इन्हें वोट मत देना। इन्हें दिखा दो कि दिल्ली की जनता को खरीदा नहीं जा सकता है। इस बार इन पैसों वालों, बेईमानों और गुंडों को बता दो कि दिल्ली के लोग और उनका वोट बिकाऊ नहीं है। इस बार इन्हें दिखा दो कि भारत और भारत का जनतंत्र बिकाऊ नहीं है। भारत को खरीदने वाला अभी इस धरती पर पैदा नहीं हुआ है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस सिस्टम को बदलना है। सत्ता से पैसा, पैसे से सत्ता। सत्ता में आओ, बेईमानी से पैसा कमाओ और फिर वोट खरीद लो और चुनाव जीत लो। हम सब लोगों को इस सिस्टम को उखाड़ कर फेंकना है। दिल्ली की जनता इस बार पूरे देश को एक मिसाल पेश करेगी। दिल्ली शरीफों, अच्छे और सभ्य लोगों का शहर है। इन लोगों को लगता है कि ये दिल्ली के लोगों को खरीदेंगे। मैं दिल्ली के लोगों को कहना चाहता हूं कि इस बार दिखा दो कि आप बिकाऊ नहीं हो। अगर आम आदमी पार्टी का कोई उम्मीदवार पैसे या सामान बांटे तो उसे वोट मत देना, उसे भी हरा देना। हम यहां पर चुनाव जीतने या हराने के लिए नहीं आए हैं। हम देश को बदलने के लिए आए हैं। सड़ी गली व्यवस्था को बदलने के लिए आए हैं।

अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि गाली-गलौज पार्टी वालों के पास बहुत बहुत पैसा हो गया है। अब इन्होंने अपने नेताओं को सोने की चैन बांटने को भेजी हैं। लेकिन इनके नेता बांट नहीं रहे। जो इनके दफ़्तर में जाकर इनसे लड़ता है, उसको चुप करने के लिए उसे दे देते हैं। आपको भी चैन चाहिए तो आप भी इनके दफ़्तर जाकर ले आइए। लेकिन अपना वोट मत बेचना। आपका वोट बेशकीमती है। आपका वोट आपका, आपके बच्चों का और देश का भविष्य तय करता है। जो पैसे और सोने की चौन दे रहा है, उसे किसी कीमत पर वोट मत देना। किसी को भी वोट दे देना लेकिन वोट खरीदने वाले को वोट मत देना। उन्होंने दिल्ली की जनता से अपील करते हुए कहा कि गाली-गलौज पार्टी के लोग दिल्ली की जनता को खरीदना चाहते हैं। वक्त आ गया है, इन बेईमानों को ये बताने का कि दिल्ली की जनता बिकाऊ नहीं है। इस देश का लोकतंत्र बिकाऊ नहीं है।

## मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सीएम आतिशी ने कालकाजी विधानसभा सीट से किया नामांकन



प्रातः किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को कालकाजी विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने कहा, ₹मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी की राजनीति को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ, मैंने कालकाजी से अपना नामांकन दाखिल किया। पिछले पांच वर्षों में कालकाजी के लोगों का मुझे बहुत प्यार मिला है। मुझे विश्वास है कि इस चुनाव में भी उनका आशीर्वाद मिलेगा।

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मीडिया से बात करते हुए सीएम आतिशी ने कहा, ₹इस मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मैंने कालकाजी विधानसभा से अपना नामांकन दाखिल किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि जिस तरह पिछले पांच वर्षों में कालकाजी के बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों से मुझे बहुत स्नेह और समर्थन मिला है, उसी तरह आगामी चुनाव में भी मुझे यहां के लोगों का आशीर्वाद मिलेगा। सीएम आतिशी ने अपने एक्स(ट्विटर) हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा कि, ₹आज मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर, अरविंद केजरीवाल जी की ईमानदारी की राजनीति को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ, कालकाजी से अपना नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अरविंद केजरीवाल पर दिए गए बयान को लेकर आतिशी ने कहा, ₹यह सोचने वाली बात है कि ऐसा कैसे होता है कि जब कांग्रेस के प्रत्याशी संदीप दीक्षित अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शिकायत करने के लिए एलजी के पास जाते हैं, तो उन्हें तुरंत समय दे दिया जाता है। उनकी शिकायत स्वीकार कर ली जाती है। तुरंत कार्रवाई होती है और उस पर एफआईआर दर्ज होती है। जबकि विधायकों को अपने इलाके के काम के लिए एलजी साहब से अपॉइंटमेंट लेने के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। जब विधायक समय मांगते हैं, तो एलजी साहब समय नहीं देते।

## आप ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भोजपुरी भाषा में नया कैंपेन सॉन्ग किया लॉन्च

प्रातः किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भोजपुरी भाषा में नया कैंपेन सॉन्ग लॉन्च किया है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में रहने वाले पूर्वांचल समाज के लोगों को ध्यान में रखकर इस नए गीत को लॉन्च किया है। इस गीत का बोल ए राजा जी, फिर से केजरीवाल के जरूरत... आइल बा मुहुरत हो है। भोजपुरी कैंपेन गीत को लॉन्च कर आप के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह गाना आप की विविधता की सोच को दशार्ता है कि हम सभी भाषा, वर्ग, धर्म और जाति का सम्मान करते हैं। वहीं, विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि इस गीत में पूर्वांचल की मिट्टी की गंध है। यह गीत पूर्वांचल समाज के लोगों के दिलों तक पहुंचेगा और उन्हें आप से और भी मजबूती से जोड़ेगा। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि हम दिल्ली के अंदर चुनाव प्रचार में ह्यफिर लाएंगे केजरीवालह्ण कैंपेन गाने के बाद भोजपुरी भाषा में भी कैंपेन गाना लॉन्च कर रहे हैं। इस गाने को हिंदी जानने वाले सभी लोग भी अच्छी तरह समझ सकते हैं। हम इस गाने को दिल्ली में चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल करेंगे। यह गाना आम आदमी पार्टी की विविधता की सोच को भी दशार्ता है कि हम सभी भाषा, वर्ग, धर्म और जाति का सम्मान करते हैं। इसलिए हमारा चुनाव प्रचार भी विविध तरीके से लोगों के बीच पहुंचेगा। वहीं, इस मौके पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि यह गीत पूर्वांचल की मिट्टी की गंध लेकर आता है। हम पूरब की मिट्टी से संबंध रखने वाले लोग इस लोक धुन से परिचित भी है। यह सोहर लोक धुन है। सोहर लोक धुन के गीतों की परंपरा सदियों पुरानी है। पूरब के अंचल, उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके, बिहार और झारखंड में बहुत सारे सोहर लोकगीत मिल जाएंगे। जिसमें भगवान राम के जन्म, भगवान कृष्ण के जन्म की कहानी होती है। सोहर नई शुरूआत का जश्न मनाता है। यह गीत जीवन की उत्पत्ति के उत्सव को मनाने वाला है। यह गीत हमें हमारी मिट्टी, लोक धुन और परंपराओं के करीब लाता है।

# मालवीय नगर से 'आप' प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने किया नामांकन

नई दिल्ली। मालवीय नगर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने लक्ष्मी नारायण मंदिर से मेगा रोड शो निकाल कर शक्ति प्रदर्शन किया। इस रोड शो में मालवीय नगर के हर कोने से आए लोगों ने हिस्सा लिया और फूल-मालाएं पहनाकर उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया। इस दौरान सोमनाथ भारती ने कहा कि मैं पूरे मालवीय नगर को अपना परिवार मानता हूं और मेरा परिवार भी मुझे अपने करीबी सदस्य की तरह स्नेह और सम्मान देता है। पिछले 12 सालों में मैंने पैसे नहीं कमाए, बल्कि जनता के दिल कमाए हैं। इसलिए रोड शो में



लोगों का आपार प्यार मिला। वहीं, रोड शो के दौरान सोमनाथ भारती ने कहा कि मैं जनता के आशीर्वाद का अकांक्षी हूं। एक बार फिर जनता मुझे अपने मतों के माध्यम से आशीर्वाद देकर पांच साल और काम करने का मौका दें। आज रोड शो में भारी संख्या में हर वर्ग के लोग आए हुए हैं। मैं यह बात बहुत गर्व से कहता हूं कि मैंने पैसे नहीं कमाए लेकिन जनता के दिल कमाए हैं। यह लाई गई भीड़ नहीं है, यह मेरे लोग हैं जो अपने आप आए हैं। इसी कारण से विरोधियों के खेमे में सन्नाटा है। सोमनाथ भारती ने कहा कि मुझे सभी लोग कहते हैं कि आपकी इतनी पकड़ कैसे है? मैं कहता हूं कि उनकी अकड़ ऐसे है इसलिए मेरी पकड़ ऐसे है। मैंने जनता को परमात्मा मानकर पिछले 12 सालों से सेवा किया है। इनके पास ताकत आती है तो कभी किसके मकान तोड़ देते हैं तो कभी किसी के। मुझसे 12 साल में ऊपरवाले ने किसी का मकान नहीं तुड़वाया बल्कि मकान बचवाएं हैं। हमने लोगों के दिलों को जीता है।

# दिल्ली में निकली भाजपा की बिन दुल्हे की बारात, सांसद संजय सिंह हुए शामिल

प्रातः किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा में अभी तक अपना मुख्यमंत्री चेहरा देने में विफल रही भाजपा की मंगलवार को बिन दुल्हे की बारात निकाली गई। इस बिन दुल्हे की बारात में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद संजय सिंह और दिल्ली की पूर्व मेयर शैली ओबेरॉय समेत बड़ी संख्या में दिल्ली के लोगों ने हिस्सा लिया। यह बारात बकायदा ढोल-नगाड़ों के साथ निकली। बारात में एक घोड़ी भी थी, जिस पर कोई दुल्हा नहीं था। लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरक भी रहे थे और नारे भी लगा रहे थे कि भाजपा का दुल्हा कौन, अरविंद केजरीवाल के सामने कौन, कोई नहीं-कोई नहीं। इस दौरान सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा दिल्ली के अंदर एक्पोज हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल के सामने उसका कोई सीएम चेहरा नहीं है। आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को भाजपा के खिलाफ बिन दूल्हे की बारात प्रदर्शन किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आप नेता शैली ओबेरॉय और अन्य लोगों के साथ इस प्रदर्शन में भाग लिया। प्रदर्शन में लोगों ने ह्यभाजपा का दूल्हा कौन- कोई नहीं है कोई नहीं है और अरविंद केजरीवाल के सामने कौन- कोई नहीं है कोई नहीं है के जमकर नारे लगाए। साथ ही कई लोगों के हाथों में दिल्ली में भाजपा का दूल्हा कौन का पोस्टर भी ले रखा था। इस दौरान सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह बिन दुल्हे की बारात है। घोड़ी पर दुल्हा नहीं है।

**रोड शो** राघव चड्ढा ने कहा, मुकाबला आप और भाजपा के बीच, कांग्रेस का कोई वजूद नहीं।

# आप प्रत्याशी के नामांकन से पहले सांसद राघव चड्ढा ने किया भव्य रोड शो, आप के झंडों और नारों से गूंजा शाहदरा विधानसभा क्षेत्र

प्रातः किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आज शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद राघव चड्ढा ने भव्य रोड शो किया और और जनता को संबोधित किया। इस मौके पर अअढ के प्रत्याशी जितेंद्र सिंह शंटी ने अपना नामांकन दाखिल किया। रोड शो के दौरान सैकड़ों की संख्या में जुटे कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने पार्टी के प्रति जबरदस्त समर्थन दिखाया।

राघव चड्ढा ने रोड शो के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहा, आज का दिन शाहदरा के लिए ऐतिहासिक है। हमारे प्रत्याशी जितेंद्र सिंह शंटी जी ने नामांकन दाखिल किया है और यहां उमड़ा जनसैलाब यह साबित करता है कि शाहदरा की जनता एक बार फिर अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में अअढ सरकार को चुनने के लिए तैयार है। सैकड़ों की संख्या में जुटे स्थानीय लोग और पार्टी कार्यकताओं ने इस आयोजन को शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बना दिया। हर गली और चौराहे पर पार्टी समर्थकों का जोश देखने लायक था। रोड शो में आप की सरकार, केजरीवाल के नारों से गूंज पूरे शाहदरा में सुनाई दी।

राघव चड्ढा ने कहा, यह सिर्फ एक रोड शो नहीं है, यह जनता की जीत का उत्सव है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। जितेंद्र सिंह शंटी जी शाहदरा के हर नागरिक की आवाज बनेंगे और यहाँ के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

उन्होंने कहा, ह्लयह चुनाव जनता का चुनाव है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली ने विकास के नए आयाम छुए हैं। जितेंद्र सिंह शंटी जी शाहदरा के हर नागरिक की आवाज बनेंगे। हम सभी मिलकर दिल्ली को और बेहतर बनाएंगे। उन्होंने आगे यह भी कहा कि अअढ सरकार ने जिस तरह



जनता की समस्याओं को हल किया है, वह इसे दूसरी सरकारों से अलग बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि अअढ का हर प्रत्याशी जनता की आवाज है। आम आदमी पार्टी का उद्देश्य दिल्ली के हर नागरिक को विकास, सुरक्षा और बेहतर सुविधाएं देना है।

राघव चड्ढा के मुताबिक, चुनाव में मुकाबला आम आदमी पार्टी (अअढ) और भारतीय जनता पार्टी (इखढ) के बीच है, कांग्रेस इस चुनाव में कहीं नहीं है। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग को उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जो खुलेआम पैसे और गोल्ड आदि बांट रहे हैं। उन्होंने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की जरूरतों पर जोर दिया। रोड शो के दौरान शाहदरा की सड़कों पर अअढ के झंडों के साथ जोश और उत्साह का माहौल था। लोग आप की सरकार, केजरीवाल के नारे लगाते हुए पूरे रोड शो में शामिल हुए। जगह-जगह फूलों की बारिश से रोड शो का स्वागत किया गया। स्थानीय निवासियों ने खुलकर अअढ के प्रति अपना समर्थन जताया।

रोड शो के दौरान जनता ने अअढ सरकार की नीतियों और योजनाओं की तारीफ की। स्थानीय लोगों ने बताया कि AAP सरकार की सब्सिडी योजना से उनके बिजली और पानी के बिलों में भारी कमी आई है। यह राहत आम लोगों के जीवन को बेहतर बना रही है। वहीं, सरकारी स्कूलों और मोहल्ला क्लीनिकों में हुए सुधारों को जनता ने बड़े उत्साह के साथ सराहा। रोड शो में आईं महिलाओं ने महिला सम्मान योजना और फ्री बस यात्रा की तारीफ करते हुए कहा कि ये योजनाएं महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त बना रही हैं। AAP के इस भव्य रोड शो ने शाहदरा में चुनावी माहौल को और गर्म कर दिया है। पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने अपनी एकजुटता से यह दिखा दिया कि आम आदमी पार्टी इस बार भी जनता का भरोसा जीतने के लिए तैयार है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 15 जनवरी, 2025



# संक्षिप्त खबरें

## नाबालिक लड़की के अपहरण के मामले वांटेड महिला को AATS ने दबोचा

नई दिल्ली। वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के अअळर की टीम ने पोक्सो के मामले में वांटेड महिला को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान मनीषा के रूप में हुई है। भलस्वा डेयरी थाना में पिछले साल दर्ज मामले में दिल्ली पुलिस को इसकी तलाश थी। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि आरोपी महिला मनीषा राजस्थान के भरतपुर की रहने वाली है। इस पर आरोप है, की इसने चार और सहयोगियों के साथ मिलकर 16 साल की एक नाबालिक लड़की को किडनैप किया था। फिर उसके बाद लड़की को एक लाख रुपए में आगे बेच दिया था। पुलिस के अनुसार मथुरा से ग्रेजुएट की पढ़ाई करने के बाद उसकी शादी हो गई थी। लेकिन कुछ समय बाद तलाक हो गया और फिर राजस्थान के भरतपुर निवासी एक शख्स से दूसरी शादी की थी। फरीदाबाद के फोर्टिस हॉस्पिटल में पेशेंट केयर के रूप में काम शुरू किया था।

## दिल्ली चुनाव से पहले आप को झटका, विधायक और पार्षद ने थामा कांग्रेस का दामन

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद भी कांग्रेस अपना कुनबा बढ़ाने में जुटी है। इसी कड़ी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव और दिल्ली प्रदेश प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने आम आदमी पार्टी के विधायक और पार्षद को मंगलवार को पार्टी की सदस्यता दिलाई। राजेश गुप्ता किराड़ी के वार्ड 39 से पार्षद हैं। वहीं पर दूसरे नंबर पर मुंडका से आप के विधायक धर्मपाल लाकड़ा हैं। दोनों कांग्रेस में शामिल हो गए वहीं, आज कालका जी विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक सुभाष चोपड़ा भी उपस्थित रहे।

## सादगी अंदाज में अलका लांबा ने किया नामांकन

नई दिल्ली। अलका लांबा ने 14 जनवरी को अपने चुनाव कार्यालय के उदघाटन के बाद बेहद सादगी भरे अंदाज में अपना नामांकन दाखिल किया। कालकाजी की जनता को रोड शो या जुलूस की वजह से भारी जाम का सामना न करना पड़े और लोगों के रोजमर्रा के कामों में कोई खलल न पड़े इसलिए अलका लांबा अपने वकीलों की टीम के साथ एक गाड़ी में नामांकन करने पहुंची।

## डाबरी वार्ड से भाजपा की पूर्व पार्षद समेत कई नेता आम आदमी पार्टी में शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मंगलवार को डाबरी वार्ड से भाजपा की पूर्व पार्षद और नजफगढ़ जिला की उपाध्यक्ष रेखा विनय चौहान आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। उनके साथ 2020 में भाजपा से पार्षद प्रत्याशी रहे विनय चौहान और आदर्श नगर वार्ड-15 से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे वीरेंद्र गोयल समेत कई नेताओं ने भी आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सभी को पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी का परिवार लगातार मजबूत होता जा रहा है। अलग-अलग पार्टियों के अच्छे लोग काम की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए लगातार आम आदमी पार्टी परिवार से जुड़ रहे हैं। इन लोगों के आने से आम आदमी पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इस दौरान रेखा विनय चौहान के साथ निगम पार्षद दुलतमा चौधरी, राजेंद्र गुप्ता, ओम प्रकाश चावड़िया और हरकेश पांडे ने भी आम आदमी पार्टी को ज्वाइन किया।

## दिल्ली विधानसभा चुनावः कांग्रेस ने प्रचार के लिए लांच की एल.ई.डी. वैन

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ ने पांच एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में घूम कर मतदाताओं को कांग्रेस की पांच गारंटियों और जनता से किए गए वादों को पूरा करने में केजरीवाल सरकार की घोर विफलता के बारे में बताएं कि पिछले 10 वर्षों में शहर का विकास करने की जगह दिल्ली को बर्बाद कर दिया है। वैन पर टैगलाइन में कहा गया है, ह्यह्य10 साल से रुके हुए विकास को आगे बढ़ाने के लिए कांग्रेस जरूरी हैह्णह्ण। एलईडी वैन के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में एआईसीसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, सिद्धार्थ राव, जतिन शर्मा, तस्वीर सौलंकी, प्रवक्ता अस्मा तसलीम, रश्मी सिंह मिगलानी और अरुण अग्रवाल शामिल थे। एलईडी वैन सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के वादों को लोगों तक पहुंचाएगी, जिसमें 2500 रुपये की प्यारी दीदी योजना, सभी निवासियों के लिए 25 लाख रुपये की मुफ्त स्वास्थ्य बीमा योजना, शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रतिमाह 8500 रुपये अप्रेंटिसशिप की गारंटी की कांग्रेस ने घोषणा की है।

# स्कूल को उड़ाने की धमकियों में एनजीओ का नाम आया सामने, पुलिस कर रही जांच

प्रात: किरण/एजेंसी

नईदिल्ली। दिल्ली के अलग-अलग स्कूलों को मिल रही बम से उड़ाने की धमकी के मामलों में दिल्ली पुलिस ने आज बड़ा खुलासा किया है। पुलिस का कहना है कि धमकी देने वाले किशोर के अभिवावक एनजीओ से जुड़े हैं।

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी मधुप तिवारी ने दिल्ली पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि स्कूलों को यह धमकी ईमेल के जरिए दी जा रही थी और यह धमकी एक नाबालिग बच्चा दे रहा था। इस बच्चे की पहचान के बाद एक बार तो लगा कि परीक्षा रद्द कराने के लिए बच्चे ने यह हरकत की होगी, लेकिन जब बच्चे के परिवार वालों की जानकारी खंगाली तो पता चला कि उसके पिता एक एनजीओ से जुड़े हैं और यह एनजीओ विभिन्न राजनीतिक दलों से प्रभावित रहा है। स्पेशल सीपी के मुताबिक राजधानी के स्कूलों को काफी समय से



धमकी भरे ईमेल मिल रहे थे। इसमें कहा जा रहा था कि स्कूल में बम प्लांट कर दिए गए हैं। इसी तरह की एक कॉल पिछले साल 12 फरवरी और हाल ही में 8 जनवरी को आई थी। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज किया और टेरर एंगल से मामले की जांच शुरू की। इस दौरान जिस कंप्यूटर से ईमेल भेजा गया था, उसके आईपी एड्रेस के जरिए मेल भेजने वाले तक पुलिस पहुंच गई।

उन्होंने कहा कि जांच में पता चला कि यह मेल एक बच्चा भेज रहा था। बच्चे की पहचान करने के बाद पुलिस ने उसके लैपटॉप और मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच कराई। इसमें पता चला कि इस बच्चे ने एक दो नहीं, 400 से अधिक स्कूलों को ईमेल किया है। कई स्कूलों को तो एक से अधिक बार मेल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक बच्चे के पिता एक एनजीओ से जुड़े हैं और यह एनजीओ कई राजनीतिक पार्टियों की समर्थक रही है। यहां तक कि अफजल गुरू की फांसी के खिलाफ भी इस एनजीओ ने मुखर भूमिका निभाई थी। पुलिस के मुताबिक अब इस मेल मामले में बच्चे के पिता और उनके एनजीओ की भूमिका खंगाली जा रही है। पता किया जा रहा है कि यह मेल कहीं राजनीतिक तो नहीं था? इसमें देखा जा रहा है कि कहीं ये एनजीओ दिल्ली का माहौल खराब करने की कोशिश तो नहीं कर रही। दरअसल इस बच्चे द्वारा कुछ मेल परीक्षा के समय भेजे गए थे। वहीं कई मेल परीक्षा के समय के बाद भी भेजे गए। ऐसे में यह तो नहीं कहा जा सकता है कि बच्चे ने परीक्षा रद्द कराने के लिए यह मेल किया होगा।

# आचार संहिता उल्लंघन के लिए पीडब्ल्यूडी इंजीनियर के खिलाफ मामला दर्ज, शिकायत में आतिशी का नाम

**रिटर्निंग ऑफिसर ने पुलिस को दक्षिण-पूर्व डिवीजनल एग्जीक्यूटिव इंजीनियर संजय कुमार के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस मामले में पीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर संजय कुमार के खिलाफ गोविंदपुरी थाना पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई है। रिटर्निंग ऑफिसर ने शिकायत में उल्लेख किया है कि 7 जनवरी को दिल्ली चुनाव की घोषणा के बाद, एक पीडब्ल्यूडी सरकारी वाहन का इस्तेमाल कथित तौर पर आआपा के चुनाव कार्यालय में प्रचार सामग्री पहुंचाने के लिए किया गया था।**

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कालकाजी में मुख्यमंत्री आतिशी से संबंधित सरकारी वाहन में चुनाव संबंधी सामग्री ले जाने के लिए पीडब्ल्यूडी के एक कार्यकारी इंजीनियर के खिलाफ रिटर्निंग ऑफिसर ने एफआईआर दर्ज कराई है। रिटर्निंग ऑफिसर ने पुलिस को दक्षिण-पूर्व डिवीजनल एग्जीक्यूटिव इंजीनियर संजय कुमार के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इस मामले में पीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर संजय कुमार के खिलाफ गोविंदपुरी थाना पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई है। रिटर्निंग ऑफिसर ने शिकायत में उल्लेख किया है कि 7 जनवरी को दिल्ली चुनाव की घोषणा के बाद, एक पीडब्ल्यूडी सरकारी वाहन का इस्तेमाल कथित तौर पर आआपा के चुनाव कार्यालय में प्रचार सामग्री पहुंचाने के लिए



किया गया था। वहीं कालकाजी निवासी केएस दुग्गल ने इस मामले में गोविंदपुरी एसएचओ के पास एक अलग शिकायत दर्ज कराई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने अपने खिलाफ कथित तौर पर राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सरकारी वाहन का इस्तेमाल करने और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत पर दिल्ली पुलिस पर निशाना साधा और पूछा कि वे किसका पक्ष ले रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग के अधिकारियों पर भी सवाल उठाए और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद जताई। वहीं इस पूरे मामले पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ह्लपुलिस इनकी, मनमानी इनकी, एफआईआर इनकी। इसीलिए भाजपा के नेता द्वारा खुलेआम, कैश, कंबल, साड़ी बांटने पर, फर्जी वोट बनवाकर कानून की धज्जियां उड़ाने पर कोई एफआईआर नहीं, और सीएम के खिलाफ एफआईआर? हम भाजपा की ऐसी गीदड़ धमकियों से डरने वाले नहीं। दशकों से जंग लगे सिस्टम को बदलने निकले हैं, पुरानी पार्टियों की दुकानें बंद हो रही हैं, तो तड़पेंगे तो सही। हम हर चुनौती के लिए तैयार हैं।

# होटल हयात रीजेंसी में बम की कॉल से फैली सनसनी



प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के होटल हयात रीजेंसी में शाम के समय बम की सूचना मिलते ही एक बार तो सनसनी फैल गई। थोड़ी ही देर में होटल परिसर में दिल्ली पुलिस, बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और दूसरी सुरक्षा एजेंसी की टीम तुरंत पहुंचनी शुरू हो गई। कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि होटल के बेसमेंट में बने पार्किंग में एक हैंडबैग के अंदर बम है। वहां पर पहुंची पुलिस की टीम ने उस एरिया को घेर दिया। बम स्क्वॉड की टीम ने जांच के बाद बैग को कब्जे में लिया और बम को डिफ्यूज किया गया। उसके बाद होटल में मौजूद लोगों को पता चला की पार्किंग में बम नहीं था, बल्कि दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा इंतजाम का जायजा लेने के लिए और दूसरी सुरक्षा एजेंसी के बीच बेहतर तालमेल बनाने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया था। डीसीपी साउथ वेस्ट सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि सोमवार शाम 5:34 पर पुलिस कंट्रोल रूम को बम की कॉल मिली थी। होटल हयात रीजेंसी जो आरके पुरम इलाके के भीकाजी कामा प्लेस में स्थित है। पुलिस टीम के अलावा मौके पर एसीपी वसंत विहार, आरके पुरम थाना के एसएचओ रविंद्र कुमार त्यागी, भीकाजी कामा प्लेस चौकी की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। डीसीपी ने बताया कि 56 मिनट के अंदर पूरे मॉक ड्रिल को कंप्लीट कर लिया गया। जो समय निर्धारित होनी चाहिए थी, वह सुरक्षा एजेंसियों के बीच तालमेल बेहतर रहा। हम लोग एक सफल मॉक ड्रिल कंप्लीट करने में कामयाब रहे। इस तरह के मॉक ड्रिल से समय समय पर सुरक्षा जांच करने में बेहतर होता है।

# द्वारका जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल की पुलिस की गिरफ्त में 1 शराब तस्कर

नई दिल्ली। द्वारका जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल की पुलिस टीम ने शराब तस्करी के बड़े मामले खुलासा करते हुए 3000 क्वार्टर अवैध शराब बरामद किया है। इस मामले में पुलिस टीम ने 1 शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान सूरज उर्फ अनिल उर्फ नेपाली के रूप में हुई है, यह नजफगढ़ का रहने वाला है। यह आरोपी पहले से 2 आपराधिक मामलों में भी शामिल रह चुका है। पुलिस ने इसके पास से 3000 क्वार्टर अवैध शराब और तस्करी में इस्तेमाल वेगआर कर को जप्त कर लिया है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया





कि अवैध शराब की खेप को पकड़ने के लिए द्वारका जिला पुलिस लगातार काम करती रहती है। इसी कड़ी में पुलिस को इस शराब तस्कर के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी, कि यह शराब की खेप लेकर मटियाला में आने वाला है। इस सूचना के आधार पर एसीपी ऑपरेशन राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र, हेड कांस्टेबल जितेंद्र यादव, संदीप कुमार, अजय कुमार और कांस्टेबल महिपाल की टीम ने इस आरोपी को गिरफ्तार किया। जब पुलिस टीम ने इसकी गाड़ी रोकी तो यह गाड़ी से उतरकर भागने का प्रयास करने लगा लेकिन पुलिस टीम ने इसका पीछा करके इसको धड़ दबोचा। जब गाड़ी की तलाशी की गई तो उसके अंदर से 35 पेटी अवैध शराब की मिली और इसके निशानदेही से इसके गोदाम में से 25 पेटी अवैध शराब की बरामद की गई। कुल 3000 क्वार्टर अवैध शराब बरामद किया गया है।

# गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी समागम की तैयारियों हेतु कमेटी सदस्यों के साथ हुई बैठक



प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी द्वारा बीते दिनों फैसला किया गया था कि गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी समागम को कमेटी पूर्ण श्रधा भावना के साथ पूरा साल मनाएगी और नव वर्ष की शुरूआत होते ही कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव जगदीप सिंह काहलो एवं धर्म प्रचार के चेयरमैन जसप्रीत सिंह करमसर के द्वारा कार्यक्रमों की रुप रेखा तय करने हेतु सदस्यों के साथ मीटिंग की। सः हरमीत सिंह कालका, सः जगदीप सिंह काहलो एवं सः जसप्रीत सिंह करमसर ने बताया कि सदस्यों के साथ मीटिंग करके दिल्ली के सभी वार्डों में कार्यक्रम करने हेतु विचार किए गए इसके साथ ही स्टेट लैवल पर गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर सैमीनार, विचार गोष्ठी, कीर्तन समागम, कवि दरबार आदि किए जायेंगे ताकि गुरु साहिब की महान शहादत का इतिहास घर घर तक पहुंचाया जा सके। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि सभी तख्त साहिबान सहित देश के सभी राज्यों की धार्मिक जत्थेबंदीयों को भी साथ लेकर कार्यक्रमों की रुपरेखा बनाई जायेगी ताकि 350वां शहीदी समागम को यादगार बनाया जा सके। इस मौके पर कमेटी उपाध्यक्ष आत्मा सिंह लुबाणा, सचिव जसमैन सिंह नोनी, सदस्य भुपिन्दर सिंह भुल्लर, प्रभजीत सिंह जीती, भुपिन्दर सिंह गिन्नी, हरजीत सिंह पप्पा, अनूम सिंह घुम्मन, गुरमीत सिंह भाटिया, परमजीत सिंह चंडोक, जसप्रीत सिंह विक्की माना मौजूद रहे।

# बाग, राजेंद्र नगर, नबी करीम में लूटते थे आईफोन

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने करोलबाग, पटेल नगर, रणजीत नगर, प्रसाद नगर, नबी करीम इत्यादि इलाकों में मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान हिमांशु और हर्ष के रूप में हुई है, यह दोनों नांगलोई के राजेंद्र पार्क और साउथ वेस्ट दिल्ली के सागरपुर इलाके के रहने वाले हैं। डीसीपी सेंट्रल एम हर्षवर्धन ने बताया कि इनके पास से आईफोन बरामद किया गया है। साथ ही वारदात में इस्तेमाल स्कूटी को भी जप्त किया गया है। गिरफ्तार हिमांशु की तलाश नबी करीम में हुई हत्या के प्रयास के मामले में भी पुलिस को थी। इनकी गिरफ्तारी से सात मामलों का खुलासा किया गया है।



डीसीपी ने बताया कि इंस्पेक्टर रघुवीर मीणा, सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, सतपाल डगर, हेड कांस्टेबल अनुज, कांस्टेबल ललित की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इन दोनों के बारे में पता लगाने में कामयाब हुई। यह लोग ब्लैक एंड रेड कलर की स्कूटी से वारदात को अंजाम दे रहे थे। दर्जनों सीसीटीवी खंगालने के बाद उनके बारे में पुलिस को जानकारी मिली। आगे की कार्रवाई पुलिस टीम के द्वारा की जा रही है।

# सुल्तानपुरी में चाकू की नोक पर लूटा कैश और मोबाइल

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी थाना की पुलिस टीम ने लूटपाट के मामले में दो आरोपियों को पकड़ा है, जिनमें से एक नाबालिक निकला। इनके पास से लूटा गया मोबाइल और दो बटनदार चाकू बरामद किया गया है। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि 11 जनवरी को वारदात हुई थी। जब बस टर्मिनल के पास एक शख्स अपने रिलेटिव से मिलने के लिए जा रहा था। इस दौरान दो युवक उसके पास पहुंचे और चाकू की नोक पर कैश मोबाइल लूट लिया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की। एसीपी राजवीर मलिक की देखरेख में एसएचओ रविंद्र कुमार, सहायक सब इंस्पेक्टर राजेंद्र और कांस्टेबल अनूप की टीम ने काफी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। फिर अर्जुन के बारे में पुलिस टीम को जानकारी मिली। पुलिस ने सुल्तानपुरी के डीएसआईडीसी बिल्डिंग के पास ट्रैप लगाकर पकड़ा। अज्जू के साथ मौजूद नाबालिक को पुलिस ने हिरासत में लिया।

# धार्मिक चुनावों में राजनीतिक पार्टियों का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिएः परमजीत सिंह चंडोक

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सलाहकार परमजीत सिंह चंडोक का मानना है कि धार्मिक चुनावों के अन्दर किसी भी राजनीतिक पार्टियों यां नेताओं का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। धार्मिक चुनावो में केवल उन्हीं शख्सीयतों को आगे आना चाहिए जो धर्म के प्रचार प्रसार को बेहतर तरीके से करने में सक्षम हों। उन्होंने संगत से भी अपील की है कि ऐसे उम्मीदवारों का ही चयन संगत को करना चाहिए। सः परमजीत सिंह चंडोक हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी चुनावों के मद्देनजर गुरुग्राम के गुरुद्वारों में जाकर बीबी गगनदीप कौर सिद्धु के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा बीबी गगनदीप कौर जो कि श्याम सिंह अटारी के परिवार से सम्बन्ध रखती हैं और उनका स्वयं का भी पूरा पारिवार पिछले लम्बे समय धार्मिक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेता है। उन्होंने संत बाबा बलजीत सिंह दादूवाल का आभार प्रकट किया जिन्होंने बीबी गगनदीप कौर को गुरुग्राम वार्ड से उम्मीदवार बनाया है और संगत को भी उनसे काफी उम्मीदें हैं कि अगर वह सफल हो जाती हैं तो निश्चित तौर पर धर्म के साथ साथ एजूकेशन, मैडीकल के क्षेत्र में भी अन्थक कार्य करेंगी।

# दिल्ली विधानसभा का चुनाव कांग्रेस और भाजपा की जुगलबंदी को उजागर कर देगा : केजरीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा का चुनाव कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच ह्यजुगलबंदीह्ण को उजागर कर देगा। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बारे में एक ही लाइन बोली और जवाब भाजपा की ओर से आ रहा है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा को देखिए कितनी तकलीफ हो रही है। शायद दिल्ली का ये चुनाव कांग्रेस और भाजपा के बीच सालों से पर्दे के पीछे चल रही जुगलबंदी पर से पर्दा हटा देगा।

# मेट्रो स्टेशन के पास बिना नंबर की बाईक से भाग रहे थे

नई दिल्ली। नांगलोई थाना की पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके दो नाबालिक साथी को भी हिरासत में लिया है। इनके पास से बटनदार चाकू और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोहेब उर्फ मुर्गी के रूप में हुई है। यह मुबारकपुर डबास का रहने वाला है। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान नांगलोई मेट्रो स्टेशन के पास एसएचओ पवन तोमर की देखरेख में कांस्टेबल राजेश और संदीप की टीम ने बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को संदेह होने पर जांच के लिए रोका। तो वह मोटरसाइकिल की स्पीड बढ़कर वहां से भाग निकले। पुलिस टीम ने पीछा करके पकड़ा। पूछताछ की गई तो पता चला कि दो युवक नाबालिक हैं। तलाशी में सोहेब के पास से चाकू मिला। जिस मोटरसाइकिल से यह तीनों भाग रहे थे, जीप नेट से जांच हुई तो वह मुंडका इलाके से चोरी की निकली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया। दोनों नाबालिक के खिलाफ जुवेनाइल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# सागरपुर में हुए हत्या के प्रयास में वांटेड गिरफ्तार

नई दिल्ली साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के सागरपुर थाना में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में वांटेड चल रहे एक आरोपी को विकासपुरी थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ब्रह्मपुरी के रहने वाले विशाल उर्फ सोनू उर्फ कृष्णा को पटियाला हाउस कोर्ट ने पिछले साल 31 मई को भगोड़ा भी घोषित कर दिया था। इसकी तलाश पिछले साल से दिल्ली पुलिस कर रही थी। यह पहले से 29 मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि इसके बारे में एक इनफॉरमेशन पुलिस टीम को मिली थी। जिसके



आधार पर एसीपी सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ राजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल संजीव, संदीप और मनोज की टीम ने इसके लोकेशन पर छापा मारकर इसे दबोचा। इसकी पहचान की गई और कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बाद इसे जेल भेज दिया गया है।

**चुनाव** आम आदमी पार्टी एक बार फिर सत्ता हासिल करने का प्रयास कर रही है।

# दिल्ली चुनाव : उत्तम नगर सीट पर क्या 'आप' लगा पाएगी जीत की हैट्रिक?

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीख के ऐलान के बाद से ही सभी प्रमुख दल चुनाव प्रचार में जोर-शोर से लगे हैं। आम आदमी पार्टी एक बार फिर सत्ता हासिल करने का प्रयास कर रही है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लंबे इंतजार के बाद दिल्ली विधानसभा में जीत का डंका बजाने की ताक में है। इस चुनाव में उत्तम नगर दिल्ली की एक प्रमुख विधानसभा सीट है।

यह सीट पश्चिमी दिल्ली में स्थित है। इस सीट पर पिछले दो बार से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार नरेश बाल्यान जीतते आ रहे हैं। हालांकि, ये सीट 2013 में भाजपा ने जीती थी। भाजपा उम्मीदवार पवन शर्मा इस सीट से जीतकर विधायक बने थे। उत्तम नगर सीट से आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर से नरेश बाल्यान पर विश्वास जताया है। जबकि, भाजपा ने पवन शर्मा को मैदान में उतारा है और कांग्रेस की ओर से मुकेश शर्मा मैदान में हैं। इस क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के मुद्दे प्रमुख हैं। दिल्ली मेट्रो के आगमन के बाद से, यहां की आबादी बहुत तेजी से बढ़ी है।

राजनीतिक दलों के नेता जनता के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के मुद्दे को लेकर वोट मांगने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच कांटे की टक्कर





देखने को मिलेगी। हालांकि, आप इस सीट पर लगातार तीसरी बार जीत बरकरार रखने की कोशिश करेगी। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार नरेश बाल्यान ने इस सीट पर जीत दर्ज की थी। उन्हें कुल 99,622 वोट मिले थे। भाजपा उम्मीदवार कृष्ण गहलोत को 79,863 वोट और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के शक्ति कुमार बिश्नोई को 377 वोट मिले थे। उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में सिख मतदाता हैं। यहां मुस्लिम मतदाता लगभग 4.3 फीसद, शर्मा 4.9 फीसद, यादव 0.8 फीसद और ईसाई लगभग 0.4 फीसद हैं। ऐसे में इस सीट पर भाजपा सिख और शर्मा मतदाताओं को लुभाने का पूरा प्रयास कर रही है, ताकि आप के कब्जे से इस सीट को छीन सके।

उत्तम नगर विधानसभा में मतदाताओं की कुल संख्या 3 लाख 40 हजार से अधिक है। यहां 1,65,935 पुरुष मतदाता, 1,48,528 महिला मतदाता और 14 थर्ड जेंडर वोटर हैं। यहां कुल वोटरों की संख्या 3,14,477 है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को एक चरण में होगा। चुनाव आयोग के मुताबिक 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1,261 थर्ड जेंडर को मिलाकर कुल 1.55 करोड़ से अधिक मतदाता अपने चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतगणना 8 फरवरी को होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक को पीटने के बाद वीडियो वायरल किया

मोदीनगर। सीकरी मार्ग स्थित रेलवे फाटक के पास एक दलित युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। दबंगों ने पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि, ह्यिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव सीकरी कलां निवासी अंकित कुमार ने बताया कि बीते दिन सीकरी मार्ग पर रेलवे फाटक के पास काम से गए थे। वहां मौजूद तीन युवकों ने उसे पकड़ लिया और मारपीट की। अंकित की बेरहमी से पिटाई की गई। इतना ही नहीं, उसे जातिसूचक शब्द कहे गए। किसी तरह पीड़ित अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। आरोप है कि दबंगों ने अपमानित करने के लिए मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर निखिल, चिंटू और लक्की निवासी विश्वकर्मा बस्ती कॉलोनी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उनकी तलाश की जा रही है।

### सड़क हादसे में डीआरडीओ के फायर फाइटर की मौत

गाजियाबाद। कविनगर थानाक्षेत्र के लालकुआं इलाके में रविवार देर रात तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से डीआरडीओ के फायर फाइटर की मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के भाई ने शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी चालक को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। थाना मालाखेड़ा जिला अलवर, राजस्थान के गांव छाजूराम दिनेश मीना का कहना है कि उनका 23 वर्षीय छोटा भाई रामकेश मीना रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में फायरफाइटर के पद पर तैनात था। 12 जनवरी की रात करीब एक बजे गाजियाबाद से हापुड़ जाने के लिए वह लालकुआं पर सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। घटना में उनका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मणिपाल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में दिनेश मीना ने कविनगर थाने में शिकायत दी। दिनेश मीना के मुताबिक गाड़ी का चालक नशे की हालत में था। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। गाड़ी के नंबर की मदद से आरोपी चालक को ट्रेस कर उसके खिलाफ आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



ट्रांस हिंडन। सोशल मीडिया पर दोस्ती कर शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला आया है। टीला मोड़ थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। टीला मोड़ पुलिस के मुताबिक दिल्ली निवासी नाबालिग ने दिल्ली में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसकी यहां ट्रांसफर की गई। पीड़िता के मुताबिक कंकरखेड़ा मेरठ निवासी युवक अनस पुत्र इंतजार से उसकी इंस्टाग्राम के जरिए जान पहचान हुई थी। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ कई बार मुलाकात की और भरोसे में लेकर शादी का झांसा दिया। आरोप है कि युवक ने उसे अप्रैल महीने में टीला मोड़ थाना क्षेत्र स्थित तुलसी निकेतन के पास एक होटल में बुलाया और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। बाद में शादी की बात करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# गुरुग्राम: अशोक विहार में बदमाशों ने एक मकान पर की 24 से ज्यादा राउंड फायरिंग, पुलिस जांच में जुटी

प्रात : किरण संवाददाता




गुरुग्राम। गुरुग्राम का अशोक विहार इलाका मंगलवार सुबह गोलियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अशोक विहार में फेज-3 में स्थित एक मकान पर बाइक सवार बदमाशों ने 24 से ज्यादा राउंड फायरिंग की।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बदमाशों ने सुबह 5.36 बजे फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। घर के शीशे सहित दीवार पर गोलियां लगी हैं। फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फायरिंग करने के बाद मकान में कौशल गैंग ग्रुप के नाम से पर्ची डाली गई है। पर्ची में कौशल चौधरी, पवन शौकीन, सौरव गादोली, बंबीहा ग्रुप, भुप्पी राणा, सुखदीप बुद्ध के नाम लिखे हैं।

मकान का मकर संक्रांति के दिन यानी आज उद्घाटन होना था। लेकिन गनीमत रही की मकान में घटना के वक्त कोई नहीं था। फायरिंग की घटना के बाद से अशोक विहार इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले कि जांच में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है। फिलहाल, घटना के कारणों का कुछ पता नहीं चला है। जांच के बाद इसका खुलासा हो सकेगा।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राम निवास ने यह मकान बनाया है। उनका कंस्ट्रक्शन का कार्य है। इस मकान का आज उद्घाटन होना था। बाइक सवार बदमाशों ने मकान में ताबड़तोड़ फायरिंग की। लोगों को लगा कि पर्व के कारण आतिशबाजी हो रही होगी। लेकिन सुबह जब लोग घर से बाहर निकले तो उन्हें गोलियों के खोल सड़क पर पड़े दिखाई दिए। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना राम निवास के परिवार और पुलिस को दी। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# किन्नर अखाड़े ने समाज कल्याण की कामना कर किया अमृत स्नान



प्रात : किरण संवाददाता

महाकुंभनगर। महाकुंभ 2025 के पहले अमृत स्नान के पावन अवसर पर किन्नर अखाड़ा आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना। आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाड़े के सभी सदस्यों ने दोपहर में संगम पहुंचकर अमृत स्नान किया।

महा संक्रांति के पर्व पर किन्नर अखाड़े ने समाज के कल्याण और उन्नति की कामना की।

किन्नर अखाड़े के सदस्य हर हर महादेव का नारे लगाते हुए संगम की ओर बढ़े। बीच में छत्र के नीचे आचार्य महामंडलेश्वर चल रहे थे और उनके साथ अखाड़े के अन्य महामंडलेश्वर उपस्थित थे। इस दौरान किन्नर अखाड़े के साधु पारम्परिक शस्त्रों का प्रदर्शन कर रहे थे। तलवारें लहराते हुए और जयघोष करते हुए उन्होंने अमृत स्नान आरंभ किया।

किन्नर अखाड़े की सदस्य राम्या नारायण गिरी ने बताया कि अमृत स्नान के अवसर पर प्रत्येक सदस्य ने भारतवासियों की सुख-समृद्धि और देश के कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह पर्व न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज के प्रति सकारात्मक संदेश देने का भी एक माध्यम है।

किन्नर अखाड़े के सदस्य शस्त्रों के साथ अपनी परंपराओं का अद्भुत प्रदर्शन करते नजर आए। तलवारों और अन्य शस्त्रों को लहराते हुए उन्होंने अपनी शक्ति और परंपरा का परिचय दिया। जयघोष और हर हर महादेव के नारों के बीच पूरा माहौल उत्साह और आस्था से भर गया।

किन्नर अखाड़े के इस आयोजन ने महाकुंभ 2025 में एक विशेष छवि प्रस्तुत की।

# रविंद्र यॉर्क एकेडमी ने 10 रन से रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की

प्रात : किरण संवाददाता

गाजियाबाद। नेहरू नगर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे आठवां कार्पेडियम बीआर शर्मा ट्रॉफी में मंगलवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में रविंद्र यॉर्क एकेडमी ने एम टेन क्रिकेट एकेडमी को 10 रन से शिकस्त दी। मैच में वरुण यादव को 74 रन की शानदार पारी खेलने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। नेहरू स्टेडियम में टॉस जीतकर रविंद्र यॉर्क एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 34.1 ओवर में 251 रन बनाकर आउट हो गई।उसकी तरफ से वरुण यादव ने मैच में कई शानदार शॉट लगाते हुए 74 रन की उम्दा पारी खेली। इसके अतिरिक्त अन्य बल्लेबाजों में केशव डबास ने 44 रन, यश ने 40 और मोहित ने 33 रन का टीम के लिए अहम योगदान दिया। विरोधी टीम की तरफ से गेंदबाज विवान जिंदल और शुभम वर्मा को दो-दो विकेट और विनय को एक विकेट हासिल हुआ। लक्ष्य का पीछा करने मैदान पर उतरी एम टेन क्रिकेट एकेडमी की टीम की शुरूआत अच्छी रही लेकिन टीम ने अंत समय में लगातार विकेट गंवाते हुए 40 ओवर में 241 रन ही बना सकी। विनय कुमार ने सर्वाधिक 60 रन की बेहतरीन पारी खेली। आर्यन ने 49,अंश शर्मा ने 38 और विवान ने 20 रन बनाए। रविंद्र यॉर्क की तरफ से अमन गोस्वामी एवं कार्तिक ने दो-दो विकेट झटके।74 रन की शानदार पारी खेलने वाले वरुण यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# फार्म हाउस के बाहर से कार चोरी

मोदीनगर। दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित एक फार्म हाउस के बाहर से कार चोरी हो गई। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। जिला मेरठ के थाना जानी क्षेत्र निवासी नफीस एक शादी समारोह में शामिल होने मोदीनगर स्थित मैरिज होम में आए थे। कार गेट के निकट खड़ी करके वह अंदर चले गए। लौटकर आए तो देखा कि कार गायब है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि मैरिज होम में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। चोरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर पाएंगे

गाजियाबाद। सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर पाएंगे। इसको लेकर सासन के निर्देश पर सभी चिकित्सकों से शपथ पत्र लिया गया है। शासन ने निर्देश दिए हैं कि अगर किसी भी चिकित्सक के खिलाफ निजी प्रैक्टिस की शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पिछले काफी समय से शासन को सरकारी चिकित्सकों के निजी प्रैक्टिस करन की शिकायत मिल रही थी। इसको देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक ने सभी जनपद में कार्यरत डॉक्टरों को किसी भी स्थान पर प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं करने और किसी रोगी को निजी अस्पताल के लिए रेफर नहीं करने के निर्देश दिए गए है। शासन ने इस संबंध में सभी चिकित्सकों को इस आशय का शपथ पत्र देने के निर्देश दिए हैं। शासन से निर्देश के बाद सभी अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी पर तैनात चिकित्सकों से 10 रुपए के स्टांप पर शपथ पत्र लिया गया है। चिकित्सकों से यह भी लिखित में लिया गया है कि अगर वह प्राइवेट प्रैक्टिस करते पाए गए तो विभागीय कार्यवाही किए जाने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। एमएमजी अस्पताल के सीएमएस डा. राकेश कुमार ने बताया कि सभी चिकित्सकों ने शपथ पत्र जमा कर दिए है। जल्द ही शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# फरीदाबाद से सीधे होगी नोएडा एयरपोर्ट तक कनेक्टिविटी

प्रवीन कौशिक, फरीदाबाद।औद्योगिक नगरी की नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से बेहतर कनेक्टिविटी की दिशा में एक और कदम बढ़ाया जा रहा है। मोहना पुल और इससे जुड़ी करीब 2.90 किलोमीटर सड़क को चकाचक किया जाएगा। उत्तर प्रदेश से कनेक्टिविटी के लिए यह पुल अहम है। जिले में केवल यही एकमात्र और पहला पुल है तो यमुना नदी पर बना है। दो लेन पुल पर 2002 से आवागमन हो रहा है। लेकिन इसे कनेक्ट सड़क की हालत ठीक नहीं है। जगह-जगह से जर्जर हो गई है। हजारों वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।

इसलिए अब लोक निर्माण विभाग ने सड़क को दुरुस्त करने की योजना तैयार की है। मोहना बस स्टैंड से लेकर पुल के आगे आधा किलोमीटर तक सड़क बनाई जाएगी। इसका बजट करीब पौने तीन करोड़ रुपये आंका गया है। बजट स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेज दिया है। पंटून पुल की जगह बनाया था पक्का पुल मोहना गांव में 2002 से पहले पंटून पुल लगता था। लेकिन मानसून में इसे हटाना पड़ता है। इससे यमुना नदी पार जाने वाले लोगों को बड़ी दिक्कत होती थी। इसलिए उस समय की सरकार ने पुल निर्माण शुरू किया। 2002 में पुल बनकर तैयार हो गया। पुल को पार करते ही नदी पार मोहना गांव का रकबा है।

इससे आगे पहला बागपुर गांव है। फिर सोलडा, भोलडा और शेखपुर गांव हैं। उत्तर प्रदेश की सीमा का पहला फरेदा गांव है। मोहना पुल का प्रयोग कर इन गांव से होता हुआ यातायात जेवर की ओर जाता है। जेवर उत्तर प्रदेश का कसबा है। यहां अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट भी बन रहा है जिसे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम दिया गया है। यातायात का है अत्यधिक दबाव इस पुल और कनेक्ट सड़क पर यातायात का अत्यधिक दबाव है। आसपास के 35 से अधिक गांव के हजारों लोगों का इसी पुल से आवागमन हो रहा है। यहां से भारी वाहन भी आते-जाते हैं जिससे सड़क जल्दी टूट जाती है। जैसे ही एयरपोर्ट शुरू हो जाएगा तो इस सड़क पर यातायात का और दबाव होगा। हालांकि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से लिंक होकर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे भी बन रहा है जो सीधे एयरपोर्ट तक जा रहा है। लेकिन मोहना पुल की सड़क भी एयरपोर्ट से सीधे कनेक्ट है। लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क पर कई बार पेचवर्क किया है लेकिन बार-बार टूट जाती है। इसलिए अब इस पर विशेष परत डाली जाएगी। जिससे वाहन चालकों को राहत मिलेगी। पुल के बेरिंग बदले जाएंगे यातायात के दबाव को देखते हुए मोहना पुल के बेयरिंग भी बदलने की योजना है ताकि कोई दिक्कत न हो। वैसे भी किसी पुल के बेयरिंग करीब 15 साल बाद तो बदल जाने चाहिए लेकिन यहां ऐसा नहीं हो सका है। पुल को बने हुए 23 साल हो गए हैं। इस पुल के नीचे जितने भी पिलर हैं, उन सभी पर बेयरिंग लगे हुए हैं। अब एक बार बदल दिए जाएंगे तो फिर 15 से 20 साल तक जरूरत नहीं होगी। विभाग की ओर से बेयरिंग बदलने का एस्टीमेट बनाकर मंजूरी के लिए मुख्यालय भेज दिया है।

### स्कॉर्पियों ने दारोगा को कुचला, राई ट्रैफिक चौकी पर थे तैनात, परिवार में मचा कोहराम

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत में केजीपी-केएमपी के जीरो प्वाइंट पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियों ने राई ट्रैफिक चौकी के प्रभारी को कुचल दिया। हादसे में एसआई श्याम सुंदर की मौत हो गई। हादसे के वक्त वह ड्यूटी पर तैनात थे। पुलिस आरोपित स्कॉर्पियों चालक की तलाश कर रही है। उधर, घटना की जानकारी लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दारोगा की मौत से आसपास के लोगों में भी गम का माहौल है। हरियाणा पुलिस में एसआई थे श्याम सुंदर पानीपत के गांव डिंडार के रहने वाले श्याम सुंदर हरियाणा पुलिस में एसआई थे। हाल में वह राई ट्रैफिक थाने में तैनात थे। वह केजीपी-केएमपी के जीरो प्वाइंट पर तैनात थे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियों ने टक्कर मार दी। मामले की जानकारी जुटी रही है पुलिस घटना के तुरंत बाद घायल एसआई को उनके साथी कर्मियों ने बहालगढ़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राई थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार गाड़ी चालक की तलाश जारी है। पुलिस इस हादसे के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों सम्मानित हुई फायजा रहमान भारती, परिवार सहित कस्बे में दौड़ी खुशी की लहर

**आईआईएमटी यूनिवर्सिटी मेरठ की होनहार स्टूडेंट डाईटिशियन फायजा रहमान भारती ने परिवार और जिले का नाम किया रोशन**

प्रात : किरण संवाददाता, नादिर त्यागी




बिजनौर/नहटौर। नहटौर की बेटी ने एक बार फिर अपने परिवार और जिले का नाम रोशन किया। आईआईएमटी यूनिवर्सिटी मेरठ की होनहार स्टूडेंट फायजा रहमान भारती ने बैचलर ऑफ साइंस इन क्लिनिकल नुट्रिशन एंड डाईटेटिक्स (डाईटिशियन) की उपाधि में 94.52% अंक की विशिष्ठता के साथ गोल्ड मैडल राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री भारत सरकार के हाथों से प्राप्त किया।नहटौर के मौहल्ला काजीयान निवासी सैय्यद पाशा रहमान व सुबूही रहमान की होनहार बेटी व तूफानी काफला एक्सप्रेस अखबार के चेयरमैन डॉ. सलमान भारती की अहेलिया ने एक बार फिर अपने परिवार व जिलें का नाम रोशन कर दिया।फायजा रहमान भारती को देश के रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ सिंह के द्वारा ये सम्मान मिलने पर भारती परिवार सहित नहटौर वासियों में खुशी का माहौल बना हुआ है। आईआईएमटी यूनिवर्सिटी मेरठ की होनहार स्टूडेंट फायजा रहमान भारती ने बैचलर ऑफ साइंस इन क्लिनिकल नुट्रिशन एंड डाईटेटिक्स को बैच में 94.52% अंको के साथ पूर्ण करने पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर यूनिवर्सिटी में आयोजित दीक्षांत समारोह में राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री भारत सरकार के हाथों डिग्री प्रथम श्रेणी व गोल्ड मैडल के साथ प्रदान किया गया। वहीं आईआईएमटी यूनिवर्सिटी मेरठ के कुलपति योगेश मोहनजी गुप्ता (चांसलर,आईआईएमटी यूनिवर्सिटी मेरठ), व विश्वविद्यालय के स्टाफ ने फायजा रहमान भारती को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# यस मैडम की गायत्री पांडा ने रचा इतिहास: मेहनत और जुनून से 58 लाख रुपये की कमाई, बनी सफलता की मिसाल!

**साल की सबसे सफल सर्विस पार्टनर बनीं गायत्री पांडा, दिल्ली-एनसीआर के बिलबोर्ड्स पर छाईं**

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भारत यस मैडम, एक लोकप्रिय एट-होम सैलून स्टार्टअप, इन दिनों लिंक्डइन पर चर्चा का केंद्र बना हुआ है। इस बार यह अपनी सेवाओं या विकास को लेकर नहीं, बल्कि अपनी डायमंड कैटेगरी की सर्विस पार्टनर गायत्री पांडा की वजह से सुर्खियां बटोर रहा है। गायत्री पांडा अब लिंक्डइन कम्युनिटी में एक जाना-पहचाना नाम बन चुकी हैं। उन्होंने यस मैडम के प्लेटफॉर्म पर 4,355 से ज्यादा सेवाएं देकर 50 लाख रुपये से अधिक की कमाई कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 2024 में, उन्होंने 1,200 से अधिक सेवाओं के जरिए 15 लाख रुपये कमाए, जिसमें 1,000 से ज्यादा ग्राहकों ने उनकी सेवाओं को दोबारा बुक किया। हाल ही में, यस मैडम ने एनसीआर में जगह-जगह बिलबोर्ड्स लगाकर गायत्री की इस उपलब्धि का जश्न मनाया। गायत्री की यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और अपने लक्ष्य को पाने के दृढ़ संकल्प की कहानी है, जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणा बन गई है। यस मैडम की इस स्टार परफॉर्मर की उपलब्धि पर को-फाउंडर और सीईओ मयंक आर्या ने लिंक्डइन पर एक पोस्ट साझा की, जिसने न केवल आम लोगों बल्कि उद्योग जगत की हस्तियों का भी ध्यान खींचा। ळौं६ के फाउंडर रजत गौड़ ने इस प्रेरणादायक उपलब्धि के लिए गायत्री पांडा को डायमंड गिफ्ट देकर सम्मानित किया। यह कदम गिग इकोनॉमी के वर्कर्स के प्रति बढ़ते सम्मान और उनके योगदान की सराहना को दशार्ता है।

गायत्री की यात्रा छह साल पहले यस मैडम से शुरू हुई थी। पश्चिम बंगाल की रहने वाली गायत्री को शुरूआत में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उनकी हिंदी और अंग्रेजी में बातचीत में कठिनाई और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से सर्विस बुकिंग करने में परेशानी उनके लिए बड़ी रुकावट थी। लेकिन उनके दृढ़ संकल्प और यस मैडम की ट्रेनिंग टीम के निरंतर सहयोग ने इन बाधाओं को पार करने में उनकी मदद की। अपने बेहतरीन काम के बल पर वह स्टैंडर्ड सर्विस पार्टनर से डायमंड कैटेगरी प्रोफेशनल बन गईं, जिससे उनकी कमीशन दर 20% से घटकर 12% हो गई।

गायत्री पांडा की इस यात्रा ने उन्हें आत्मनिर्भरता और सफलता का प्रतीक बना दिया है। यह कहानी न केवल उनके समर्पण और मेहनत की मिसाल है, बल्कि उन तमाम महिलाओं के लिए प्रेरणा भी है, जो अपने दम पर सफलता

# चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का एक मजबूत नेटवर्क बनाने पर जोर

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (इलेक्ट्रिक व्हीकल या ईवी) अपनाने की दर में वृद्धि के साथ टियर 1 शहरों में मजबूत और व्यापक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास ने गति पकड़ी है। हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि टियर 2 और टियर 3 शहर भी अब इस मामले में पीछे नहीं हैं। भारी उद्योग मंत्रालय के अनुसार टियर 2 और टियर 3 शहरों में चार्जिंग नेटवर्क में वित्त वर्ष 24 में 96% की वृद्धि हुई है, और देश के 59% फास्ट चार्जिंग पॉइंट इन क्षेत्रों में स्थित हैं। भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के अग्रदूत के रूप में, ळअळअ.ी५ अपने ओपन कोलैबोरेशन फॉर्मेट के माध्यम से विशेष रूप से टियर 2 और 3 शहरों में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में तेजी लाने के लिए प्रमुख हितधारकों के साथ रणनीतिक रूप से साझेदारी कर रहा है।

वाहन डेटा के अनुसार वित्त वर्ष 23 में, टियर 2 और टियर 3 शहरों में 4-व्हीलर ईवी पंजीकरण का 49% हिस्सा था। इस ट्रेंड को रफ्तार मिल गई है और वित्त वर्ष 24 में इसकी हिस्सेदारी बढ़कर 58% हो गई और वित्त वर्ष 25 में यह प्रभावशाली 66% हो गई है, जो टियर 1 शहरों में वृद्धि से काफी अधिक है। स्वतंत्र घरों में घर पर चार्जिंग के लिए जगह की उपलब्धता और सोलर रूफटॉप इंटिग्रेशन के अवसर उपलब्ध होने के साथ ही टियर 2 और 3 शहर तेजी से जीरो-कॉस्ट, जीरो-एमिशन, मोबिलिटी को अपना रहे हैं।

# रोटरी क्लब ने कराया गरीबो और असहाय लोगों के लिए कम्बल वितरण कार्यक्रम

- हर सामाजिक कार्य मे रोटरी क्लब अव्वल -डॉ. मनोज वर्मा
- गरीबो की मदद करना पुण्य का कार्य--अशोक मित्तल

प्रात : किरण संवाददाता




स्योहारा। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रोटरी क्लब स्योहारा सम्पूर्ण ने गरीबो ,असहाय तथा जरूरतमन्दों को सर्दी से बचाव के लिये कम्बल वितरण कार्यक्रम कराया। जिसमे लगभग 150 लोगो को कम्बल वितरण कर लाभ पहुंचाया गया। रोटरी क्लब स्योहारा सम्पूर्ण ने नगर एस.डी.आई.जे.एस.इंटर कॉलेज में गरीबो, असहाय,

जरूरतमन्दों को सर्दी से बचाव के लिये कम्बल वितरण कराया। रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण के अध्यक्ष शोभित जैन व सचिव समीर रस्तौगी ने बताया कार्यक्रम में लगभग डेढ़ सौ जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर लाभ पहुंचाया गया। कार्यक्रम में रोटेरियन डॉक्टर मनोज वर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब हर सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर भाग लेता है और सामाजिक कार्यों को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाने में हमेशा अव्वल रहता है। शुगर मिल के अधिशासी उपाध्यक्ष रोटेरियन अशोक मित्तल ने कहा गरीबों, असहाय ,दीन दुखियों की मदद करने से मन को बहुत संतोष मिलता है और इस तरह के कार्य करने पर ईश्वर पुण्य देता है हम सभी को हमेशा गरीबों, जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर रोटेरियन डॉक्टर रिसालतुल्लाह चौधरी , रोटेरियन सरदार अरविंदर सिंह काका,रोटेरियन रमेश अरोड़ा, रोटेरियन आलोक अग्रवाल, रोटेरियन राजू अरोड़ा, रोटेरियन मास्टर कांता प्रसाद पुष्पक, रोटेरियन संजय कुमार जैन,रोटेरियन लव रस्तौगी, रोटेरियन हरि गुर्जर, रोटेरियन भूपेंद्र मिगलानी, रोटेरियन संजीव अरोड़ा, रोटेरियन एवं पत्रकार चमन भारद्वाज आदि सहीत पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

# हरियाणा के नौवीं से 12वीं तक के छात्रों को मिलेंगे हर महीने हजार रुपये

चंडीगढ़। हरियाणा के सरकारी स्कूलों में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के मेधावी विद्यार्थियों को सरकार हर महीने एक हजार रुपये देगी। प्रोत्साहन राशि उन सभी बच्चों को दी जाएगी जिन्होंने वार्षिक परीक्षा में अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सभी कक्षाओं में अपने वर्ग में प्रथम आने वाले एक छात्र और एक छात्रा को यह राशि मिलेगी, बशर्ते कि उसने न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक जरूर प्राप्त किए हों। 24 जनवरी तक निदेशालय को भेजने हैं निर्देश माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र विद्यार्थियों के नाम 24 जनवरी तक निदेशालय को भेजने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा उत्कृष्टता प्रोत्साहन (ईईई) के तहत यह राशि दी जाएगी। राजीव गांधी छात्रवृत्ति की शुरूआत वर्ष 2005-06 में की गई थी। इस योजना के तहत कक्षा नौ से कक्षा 12 तक पढ़ने वाले उन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति/प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जो पिछली कक्षा में प्रथम स्थान पर आए थे। प्रत्येक विद्यालय में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के बालक और बालिका वर्ग में एक-एक विद्यार्थी को पुरस्कृत किया जाता है। महिला व छात्राओं के लिए असुरक्षित 60 हॉट स्पॉट महिला सुरक्षा के लिए पुलिस की ओर से कदम उठाए जा रहे हैं। जिले में 60 हॉट स्पॉट चिह्नित किए हैं जो महिला सुरक्षा के लिहाज से असुरक्षित हैं। इन हाट स्पाट पर पुलिस की गश्त लगाई है। इन सभी जगहों पर सीसीटीवी की उपलब्धता है।

# दिल्ली चुनाव से पहले फिर गरमाया आरक्षण का मुद्दा

प्रात : किरण संवाददाता




चंडीगढ़। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में इस बार जाट राजनीति गरमा गई है। जाटों को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल करने का मुद्दा आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उठाया है।

इससे पहले हरियाणा में जाट आरक्षण के मुद्दे पर प्रदेश में बड़ा हिंसक आंदोलन हो चुका है। दिल्ली चुनावों के बीच गरमाई राजनीति पर मास्टर स्ट्रोक खेलते हुए हरियाणा की नायब सरकार ने जाटों को रिझाने की कोशिश की है। हरियाणा के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान व नई दिल्ली के जाटों का गौरव रहे महाराजा सूरजमल के इतिहास को आठवीं के पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया है।

नायब सरकार के इस फैसले के बाद सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी दे दिए हैं। भरतपुर के महाराजा रहे सूरजमल के इतिहास को हरियाणा में आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा ताकि वे उनके बारे में जान सकें।

आरक्षण का फैसला हुड्डा सरकार में हुआ हरियाणा में जाटों को आरक्षण का फैसला पूर्व की हुड्डा सरकार में हुआ था। बाद में इस पर कोर्ट ने रोक लगा दी। मनोहर सरकार के पहले कार्यकाल में फरवरी-2016 में जाट आरक्षण की मांग को लेकर प्रदेश में हिंसक आंदोलन भी हुआ। इसमें 32 लोगों की जान भी गई।

इसी तरह राजस्थान में भी जाटों के आरक्षण को लेकर मांग उठती रही है। राजस्थान के कुछ जिलों के जाटों को ओबीसी सूची में शामिल किया हुआ है। कई जिलों के जाट ओबीसी सूची से बाहर हैं। बाहरी दिल्ली विधानसभा सीटों पर जाट वोट बैंक काफी प्रभाव रखता है। हरियाणा व उत्तर प्रदेश से सटी इन सीटों पर जाट मतदाता हार-जीत में अहम भूमिका निभाते हैं।

अरविंद केजरीवाल ने खेला जाट आरक्षण कार्ड माना जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल ने जाटों को रिझाने के लिए ही जाट आरक्षण का कार्ड खेला है। केजरीवाल ने केंद्र की मोदी सरकार ने दिल्ली के जाटों को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग की है। उनका कहना है कि भाजपा ने इस संदर्भ में वादा भी किया हुआ है लेकिन इसे अभी तक पूरा नहीं किया।

हरियाणा में आम आदमी पार्टी के कई जाट नेता इस मुद्दे को लेकर पिछले दिनों नई दिल्ली में केजरीवाल से मुलाकात कर चुके हैं। आप के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा के नेतृत्व में हरियाणा के जाटों ने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की है।

नायब सरकार ने की यह पहल

केजरीवाल के जाट कार्ड के बीच हरियाणा की नायब सरकार ने आठवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में महाराजा सूरजमल का इतिहास शामिल कर ना केवल जाटों को खुश कर दिया, बल्कि केजरीवाल के हाथ से बड़ा मुद्दा छीनने की पूरी कोशिश की है।

हरियाणा में करीब 22 प्रतिशत आबादी जाटों की है। नायब सरकार द्वारा महाराजा सूरजमल का इतिहास पढ़ाए जाने की मंजूरी पर भरतपुर राजपरिवार के वंशज व पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है।

भाजपा माइक्रो मैनेजमेंट के तहत दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ रही है। हरियाणा भाजपा के जाट नेताओं ने दिल्ली में मोर्चा संभाला हुआ है। भाजपा के नेशनल सेक्रेटरी ओमप्रकाश धनखड़, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा और राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला ने दिल्ली में भाजपा की ओर से मोर्चा संभाला हुआ है।

दिल्ली की एक दर्जन सीटों पर जाटों का असर 70 सदस्यीय दिल्ली की विधानसभा में करीब एक दर्जन सीटें ऐसी मानी जाती हैं, जहां जाटों का प्रभाव है। इनमें मुंडका, रिठाला, नांगलोई जाट, नरेला, विकासपुरी, मटियाला, नजफगढ़, बिजवासन, महरौली प्रमुख हैं। भाजपा सरकार के समय दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे साहिब सिंह वर्मा की जाटों पर अच्छी पकड़ थी। अब उनके पुत्र प्रवेश वर्मा दिल्ली की राजनीति में सक्रिय हैं। वे पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में जाट बाहुल्य सीटों पर आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की थी। आप जहां तीसरी बार सरकार बनाने के लिए हर कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ने इस बार हरियाणा की तरह दिल्ली में भी काबिज होने की रणनीति पर काम तेज कर रखा है।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## आखिर प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा का कारण क्या है?

भारत के असंगठित कार्यबल का एक महत्त्वपूर्ण लेकिन कमजोर वर्ग, प्रवासी श्रमिक, अक्सर सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों से बाहर रह जाते हैं। दशकों से कानूनी ढाँचे और सिफारिशों के बावजूद, सामाजिक सुरक्षा तक उनकी पहुँच अपर्याप्त रही है। अंतरराज्यीय प्रवासी कामगार अधिनियम, 1979 में प्रावधान और असंगठित क्षेत्र में राष्ट्रीय उद्यम आयोग (2007) और असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम (2008) द्वारा श्रमिक पंजीकरण के लिए सिफारिशों के बावजूद, ई-श्रम पोर्टल तक प्रवासी श्रमिक आधिकारिक डेटाबेस में काफी हद तक अदृश्य रहे। जबकि ई-श्रम पोर्टल पर 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, उनमें से अधिकांश को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में एकीकृत नहीं किया गया है। मौसमी और परिपत्र प्रवासियों को वंचितता, कलंक, तस्करी और सार्वजनिक सेवाओं तक खराब पहुँच सहित अनूठी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी उच्च गतिशीलता सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने को जटिल बनाती है। कई श्रमिकों में डिजिटल साक्षरता या ई-श्रम पंजीकरण और लाभ ट्रैकिंग के लिए आवश्यक उपकरणों तक पहुँच की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। राज्यों में अक्सर कल्याणकारी योजनाओं का असंगत कार्यान्वयन होता है, जिससे समन्वय सम्बंधी समस्याएँ पैदा होती हैं जो लाभों की पोर्टेबिलिटी को कमजोर करती हैं। मौजूदा कल्याणकारी योजनाएँ जैसे कि मनरेगा, पीएम श्रम योगी मानधन और वन नेशन वन राशन कार्ड अक्सर अलग-अलग तरीके से काम करती हैं, जिससे प्रवासी श्रमिकों के लिए निर्बाध पहुँच में बाधाएँ पैदा होती हैं। 2021 में लॉन्च किए गए ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है। इसमें 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें प्रवासियों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात शामिल है। यह कल्याणकारी योजनाओं के लिए श्रमिकों की बेहतर पहचान और लक्ष्यीकरण की सुविधा प्रदान करता है। हालाँकि, यह मुख्य रूप से एक ह्लपंजीकरण अभियानह्न है जिसका सामाजिक सुरक्षा में समावेश पर सीमित ध्यान है। 2024 में लॉन्च किया गया विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ई-श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत करके पंजीकरण और सामाजिक सुरक्षा तक पहुँच के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करता है। इसके लाभों में एकीकृत दृष्टिकोण, लाभों की पोर्टेबिलिटी और पारदर्शी तथा श्रमिक-अनुकूल प्रक्रिया शामिल है। हालाँकि, चिंताओं में मौजूदा योजनाओं का सीमित कवरेज, श्रमिकों में जागरूकता की कमी और अंतर-राज्य समन्वय का कमजोर होना शामिल है। ई-श्रम पोर्टल और ओएसएस प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली सामाजिक सुरक्षा चुनौतियों को सम्बोधित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। हालाँकि, उनकी सफलता कार्यान्वयन बाधाओं पर काबू पाने, निर्बाध अंतर-राज्य समन्वय सुनिश्चित करने और श्रमिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर निर्भर करती है। आंकड़ों के अनुसार, जो लोग आजीविका की तलाश में स्थानीय और क्षेत्रीय सीमाओं के पार जाते हैं, उन्हें अपने मेजबान समाज में स्थायी रूप से बाहरी समझे जाने का अपमान सहना पड़ता है। श्रमिकों को अक्सर टेलीविजन स्क्रीन पर दुखद घटनाओं के पात्र के रूप में दिखाया जाता है, जिससे उनके योगदान और उन्हें प्राप्त मान्यता के बीच का अंतर उजागर होता है। राष्ट्र के बुनियादी ढांचे के पीछे की ताकत होने के बावजूद, राष्ट्रीय महानता के विमर्श में उनकी भूमिका को शायद ही कभी स्वीकार किया जाता है। पॉलिसी शून्य होने के कारण अक्सर असुरक्षित छोड़ दिया जाता है यद्यपि प्रवासी कार्यबल राष्ट्रीय गौरव के प्रत्यक्ष चिह्नों में महत्वपूर्ण योगदान देता है, फिर भी उनके अधिकारों को नियंत्रित करने वाली नीतियों का घोर अभाव है। अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979, इस विशाल जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करने वाला एकमात्र कानून है। हालाँकि, आवास, स्वास्थ्य देखभाल, न्यूनतम मजदूरी और भेदभावपूर्ण प्रथाओं की रोकथाम के लिए इसके प्रावधान अक्सर अधूरे रह जाते हैं। प्रवासी श्रमिकों के साथ उनकी मानवता पर विचार किए बिना एक नौकरी मशीन की तरह व्यवहार किया जाता है। सरकारी प्रणालियाँ अक्सर प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों और परिवर्तनों की परवाह नहीं करतीं। प्रवासी श्रमिकों को न केवल कानूनी सुरक्षा नहीं मिलती बल्कि उन्हें शहर के प्रतिकूल वातावरण में भी संघर्ष करना पड़ता है।

## भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं। अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा। दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है। अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं।

# चुनावी जीत की नई इबारत लिखती महिला मतदाता

**चुनाव के दौरान नेताओं एवं राजनीतिक दलों के द्वारा किए गए मुफ्त सुविधाओं के वादों को केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसके आर्थिक पक्ष पर भी विचार किया जाना चाहिए। पंजाब में महिलाओं को एक हजार रूपये देने के आम आदमी पार्टी की घोषणा के बावजूद यह राशि न देना महिलाओं को ठगना है, उनके सम्मान को आघात लगाना है। अगर इन वादो के लिए राज्य के पास अपर्याप्त धन और सीमित संसाधन हैं तो ऐसे वादो से बचना चाहिए। राज्यों द्वारा चुनावी फायेद के लिए की गई मुफ्त सुविधाओं की घोषणा के लिए राजस्व जुटाना मुश्किल हो जाता हैमुफ्त की योजनाओं से राज्य का आर्थिक ढांचा कमजोर हो सकता है।**





**ललित गर्ग**
**लेखक**

चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दल महिलाओं को लुभाने के लिये आकर्षक कल्याणकारी योजनाओं एवं मुफ्त की सुविधाएं देने की बढ़-चढ़ कर घोषणाएं करने लगे हैं। महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गईं कल्याणकारी योजनाएं एवं मुफ्त की सुविधाएं अब गेमचेंजर बन रही हैं। महिलाओं के खाते में सीधे नगद ट्रांसफर की जाने वाली स्कीम तो भारत की राजनीति में वोट बटोरने का एक जांचा-परखा एवं सशक्त माध्यम बन गया है। यूं तो लम्बे समय से महिलाओं को लेकर तरह-तरह की घोषणाएं होती रही है लेकिन मध्य प्रदेश में इस योजना की कामयाबी के बाद यही कहानी महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखण्ड में दोहरायी गयी है। जिससे चुनावों में लगातार महिला मतदाताओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है और किसी की दल की जीत हार में उसकी भूमिका भी स्पष्ट होती जा रही है। इसी विषय को लेकर एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि महिला केंद्रित योजनाओं के कारण इन महिला मतदाताओं की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 में कुल मतदाता 83.4 करोड़ थे, जो 2024 में बढ़कर 97.8 करोड़ हो गये हैं। इसमें महिला मतदाता की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है। एसबीआई रिसर्च टीम की रिपोर्ट के मुताबिक देश में अब 100 पुरुष मतदाताओं पर 95 महिला मतदाता की संख्या है। पिछले दस वर्षों में जिन नौ करोड़ नये वोटरों ने वोट दिया, उसमें महिलाओं की हिस्सेदारी 5.3 करोड़ है। महिलाओं का मतदान के प्रति बढ़ता रूझान लोकतंत्र की मजबूती के लिये एक शुभ संकेत है। नये अध्ययन से यह भी खुलासा हुआ है कि महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है जिसका सीधा असर महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ने से है। महिला साक्षरता में एक फीसदी की वृद्धि से महिला मतदाताओं की संख्या में पच्चीस फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में मतदान में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। अब सरकारें बनाने में महिला मतदाताओं की भूमिका लगातार बढ़ती एवं निर्णायक होती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन बार के शासनकाल में विकास पर जोर देने के साथ-साथ महिला उत्थान पर भी बहुत ज्यादा ध्यान दिया। महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहन मिल रहा है, स्वतंत्र पहचान मिल रही है और वे राजनीति के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है। मोदी सरकार ने 27 साल से भी ज्यादा इंतजार के बाद पहली बार महिला आरक्षण बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित कराया। इस बीच मोदी सरकार ने महिलाओं को लेकर बनाई गई योजनाओं का नाम भी ऐसे रखा, जो सीधे महिलाओं के दिल को छू रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को गैस सिलिंडर देना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाना, मुस्लिम महिलाओं को लेकर तीन तलाक को कानूनी रूप से खत्म करना जैसे विधेयक ने जहां प्रधानमंत्री मोदी के कद को बढ़ाया वही महिलाओं की राजनीति में सक्रियता एवं मतदान में अधिक हिस्सेदारी को नये पंख दिये हैं। इन योजनाओं से 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से ज्यादा स्कूलों छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है। अब महिलाएं राजनीति एवं राजनेताओं के वजूद को बनाने में महत्वपूर्ण हो गयी है। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड में सत्तारूढ़ दलों की चुनावों के बाद फिर वापसी में महिला मतदाताओं की भूमिका निर्णायक रही। मध्यप्रदेश में लाडली बहन, महाराष्ट्र में माझी लाडकी बहिन व झारखंड में मंईयां सम्मान योजना इसके उदाहरण हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार, कर्नाटक में गृहलक्ष्मी, ओडिशा में शुभद्रा योजना तथा असम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना सामने आई है। यह होड़ आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी नजर आ रही है। एक ओर जहां आप सरकार ने महिला वोटरों के लिये महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपये देने का वायदा किया, वहीं कांग्रेस ढाई हजार रुपये देने की योजना बना रही है। इस दिशा में भाजपा भी गंभीर है। दरअसल, दिल्ली में महिला वोटरों का प्रतिशत पुरुष वोटरों के पास पहुंच गया है। कहा जाता है कि साल 2020 के चुनावों में महिला मतदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन जरूरत इस बात की है कि महिलाओं से जुड़ी योजनाएं एवं उन्हें दी जाने वाली मुफ्त सुविधाएं सत्ता प्राप्ति या वोट हासिल करने का स्वार्थी हथियार न होकर स्थायी प्रभाव व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का जरिया हो। उल्लेखनीय तथ्य है कि जब किसी राज्य में महिलाओं का विकास हुआ है तो वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अधिक सजग हुई हैं। उन्हें सरकारों की मुफ्त की स्कीमें भी खूब लुभा रही हैं। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 हो गई है। जिसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम व कर्नाटक जैसे राज्य अग्रणी हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। केन्द्र एवं राज्यों की महिला कल्याणकारी योजनाओं के कारण महिला मतदान बढ़ा है, जिनमें 45 लाख महिलाएं साक्षरता में वृद्धि के कारण मतदाता बनी हैं।

# सहकारिता: एक सतत और समावेशी वैश्विक भविष्य की कुंजी

**जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका और मजबूत होती है। सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने में भारत का नेतृत्व भारत ने लंबे समय से आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में सहकारी समितियों के मूल्य को पहचाना है। नई दिल्ली में आयोजित क्ळअ वैश्विक सहकारी सम्मेलन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति ने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के शुभारंभ के दौरान उनके संबोधन ने एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहकारिता की भूमिका को रेखांकित किया।**





**मुरलीधर मोहोल**
**केन्द्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री**

हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (क्ळअ) का वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024, सौ से अधिक देशों से आए वैश्विक नेताओं की एक सभा मात्र न होकर कहीं अधिक मायने रखता है; यह एक सतत एवं न्यायसंगत भविष्य को आकार देने में सहकारी समितियों के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 (कउ 2025) का शुभारंभ किया, जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है जिसका मूल उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (रऊॠ) को आगे बढ़ाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यानाकर्षित कराना है। यह वर्ष वैश्विक, आर्थिक और सामाजिक विमर्श का वह महत्वपूर्ण अध्याय बन रहा है, जहाँ सहकारी समितियों को न केवल स्थानीय विकास के साधन बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भी पहचान दी जा रही है। सहकारी मॉडलः आस्तित्व में समुदायिक पर वैश्विक बदलाव के लिए तैयारसहकारी मॉडल के मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली अवधारणा निहित है - परस्पर लाभ के लिए एक साथ काम करते लोग। सहकारिता सामूहिक स्वामित्व, साझा जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक निर्णय लेने पर जोर देती है। इन सिद्धांतों ने दुनिया भर में कृषि, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं से लेकर ऊर्जा उत्पादन तक उल्लेखनीय सफलताएँ दिलाई हैं। भारत में, सहकारी समितियाँ ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं । उदाहरण के लिए, अमूल ने न केवल भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया है, बल्कि सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता और समृद्धि का प्रतीक भी बन गया है। अमूल जैसी डेयरियां उन सभी महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नेतृत्व वाले विकास का समर्थन करती हैं, जो महिलाएं व्यावसायिक दूध उत्पादक के लिए ऐसी समितियों से जुड़ी हुई हैं। अपने सहकारी मॉडल के माध्यम से ये सहकारी समितियाँ नेतृत्व की भूमिकाएँ, कौशल विकास और वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका और मजबूत होती है। सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने में भारत का नेतृत्व भारत ने लंबे समय से आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में सहकारी समितियों के मूल्य को पहचाना है। नई दिल्ली में आयोजित क्ळअ वैश्विक सहकारी सम्मेलन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति ने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के शुभारंभ के दौरान उनके संबोधन ने एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहकारिता की भूमिका को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के भाषण ने हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने की सहकारी क्षेत्र की क्षमता पर भी प्रकाश डाला, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ सहकारी समितियाँ, कृषि और डेयरी फार्मिंग जैसे क्षेत्रों की रीढ़ बनी हुई हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने सहकारी क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सरकार द्वारा सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए लिए जा रहे कदम इस मान्यता को उजागर करते है कि सहकारी समितियाँ केवल अतीत की निशानी नहीं हैं, बल्कि समकालीन आर्थिक और सामाजिक विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सहकार से समृद्धि का विजनः भारत के सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन ने देश के सहकारी परिदृश्य को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके कुशल दिशानिर्देशों में, भारत एक आधुनिक सहकारी ढांचे की ओर बढ़ रहा है जो डिजिटल अर्थव्यवस्था की मांगों के अनुरूप है। सहकारी समितियों की पहुँच और प्रभावशीलता का विस्तार करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की प्रधानमंत्री और सहकारिता मंत्री की सोच तेजी से डिजिटल होती दुनिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सहकारी समितियों का भविष्य, बदलते समय के साथ इनके विकसित होने, और दक्षता में सुधार के लिए आधुनिक उपकरणों को समाहित करने की उनकी क्षमता में निहित है। वैश्विक एजेंडाः सहकारिता और सतत विकास लक्ष्यविश्व जब आर्थिक असमानता, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक अशांति से जूझ रहा है, तो सहकारिता, विकास के लिए एक वैकल्पिक मॉडल पेश करती है जोकि समावेशी, लोकतांत्रिक और लचीला है। सहकारी मॉडल का जोर एकजुटता, आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक भागीदारी पर है, जो इसे प्रमुख वैश्विक समस्याओं को संबोधित करने के लिए अद्वितीय बनाता है। सहकारी समितियां वित्तीय लाभ से अधिक लोगों की प्राथमिकताओं पर जोर देती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक गतिविधियों के लाभ और व्यापक रूप से वितरित हो सके, जिससे वंचित सशक्त बनें और सामाजिक अंतर को कम करने में मदद मिले। सहकारिता आंदोलन को सतत विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर भारत ने खुद को सतत और समावेशी विकास के लिए वैश्विक अधिवक्ता के रूप में स्थापित किया है। संक्षेप में, सहकारिता एक समावेशी और टिकाऊ वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में एक अहम भूमिका निभाती है। आगे की राहः एक सहकारी भविष्य सहकारिता केवल एक आर्थिक उपकरण नहीं हैं - वह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने का एक शक्तिशाली साधन है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में ह्यसहकार से समृद्धिह्न के विजन से ही 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश को एक बेहतर भविष्य दिया जा सकता है । एक ऐसी दुनिया बनाई जा सकती है जहाँ विकास को साझा किया जाता है, जहां असमानताएँ न्यून होती हैं और जहां समुदाय सहकार से सशक्त होकर जनमानस समृद्ध होते हैं।

# गांवों में गरीबी घटने का परिदृश्य

**डॉ. जयंती लाल भंडारी**

इन दिनों प्रकाशित हो रही भारत में गरीबी से संबंधित विभिन्न आर्थिक शोध अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि भारत में शहरों की तुलना में गांवों में गरीबी तेजी से घट रही है और आमदनी व क्रय शक्ति में भी तेज वृद्धि हो रही है। हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) रिसर्च के द्वारा गरीबी पर जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्य रूप से गरीबों को सीधे, लाभान्वित करने वाले सरकारी सहायता कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभावों और विकास के कारण गरीबी में कमी आई है। गरीबी में कमी शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक तेजी से हुई है। जहां वर्ष 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 प्रतिशत और शहरी गरीबी 13.7 प्रतिशत थी, वहीं वर्ष 2023-24 में ग्रामीण गरीबी घटकर 4.86 प्रतिशत और शहरी गरीबी घटकर 4.09 प्रतिशत पर आ गई। इस रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 14 साल में आमदनी बढे से जहां शहरों में हर माह प्रति व्यक्ति उपभोक्ता खर्च (एमपीसीई) 3.5 गुना हो गया, वहीं यह ग्रामीण इलाकों में करीब चार गुना हो गया है। वर्ष 2009-10 से 2023-24 के बीच शहरी इलाकों में एमपीसीई 1984 रुपए से बढकर 6996 रुपए और ग्रामीण इलाकों में यह खर्च 1054 रुपए से बढकर 4122 रुपए हो गया। ऐसे में शहरों की तुलना में गांवों की ग्रोथ ज्यादा है। गौरतलब है कि 4 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ग्रामीण गरीबी में तेजी से कमी आ रही है। यह पिछले वर्ष 2024 में घटकर पांच प्रतिशत से भी कम रह गई है। साथ ही ग्रामीणों की आमदनी और क्रयशक्ति बढ़ी है। मोदी ने कहा कि आज गांवों के लाखों घरों को पीने का साफ पानी मिल रहा है। लोगों को डेढ़ लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। आज डिजिटल तकनीक की मदद से बेहतरीन डॉक्टर और अस्पताल भी गांवों से कनेक्ट हो रहे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए देश के किसानों को तीन लाख करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते 10 वर्षों में कृषि ऋण साढ़े तीन गुना बढ़ गए हैं। अब पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। बीते 10 वर्षों में फसलों पर दी जाने वाली सब्सिडी और फसल बीमे की राशि को बढ़ाया है। स्वामित्व योजना जैसे अभियान चलाए हैं, जिनके जरिए गांव के लोगों को संपत्ति के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। गांव के युवाओं को मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाओं के जरिए मदद की जा रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत 80 करोड़ से अधिक गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने उनकी गरीबी को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। सरकार ने पीएमजीकेएवाई के तहत गरीबों को 2028 तक मुफ्त अनाज दिया जाना सुनिश्चित किया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश में गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को व्यवस्थित रूप से निशुल्क खाद्यान्न वितरित किए जाने में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की भूमिका प्रभावी बनाई गई है। देश भर में मौजूदा पांच लाख से अधिक उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाता है। यह बात महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2016 से राशन की दुकानों में पाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों की शुरूआत से लीकेज में कमी आई है। वर्ष 2011-12 की खपत संख्या के आधार पर शांता कुमार समिति ने कहा था कि पीडीएस व्यवस्था में करीब 46 फीसदी लीकेज है। इस समय यह लीकेज घटकर 28 फीसदी रह गया है। राशन कार्ड के डिजिटलीकरण के चलते देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक कारगर बनाने के लिए आधार एवं ईकेवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) प्रणाली के माध्यम से सत्यापन कराने के बाद अब तक फर्जी पाए गए 5 करोड़ 80 लाख से अधिक राशन कार्ड रद्द कर दिए गए हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि डिजिटल इंडिया, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना अभियानों से देश में गरीबी में कमी आ रही है। खास तौर से करीब 54 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 138 करोड़ आधार कार्ड (ए) तथा करीब 115 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम) की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढांचा गरीबों के सशक्तिकरण में असाधारण भूमिका निभा रहा है। इस जैम के बल पर देश के गरीब लोगों के खातों में सीधे आर्थिक राहत हस्तांतरित हो रही है। वर्ष 2014 से वर्ष 2024 तक 40 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि डीबीटी से लाभार्थियों के खातों में सीधे जमा हो चुकी है। इन सबसे गरीबी में बड़ी कमी आई है और ग्रामीण भारत विशेष रूप से लाभान्वित हुआ है। यह भी उल्लेखनीय है कि विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों में भी भारत में गरीबों के सशक्तिकरण और विकास से गरीबी में कमी आने और गरीबों की उत्पादकता में वृद्धि होने के विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

# मकर संक्रांति पर 1.60 करोड़ लोगों ने लगाई डुबकी, अखाड़ों का अमृत स्नान जारी

प्रात : किरण संवाददाता



महाकुम्भ नगर। महाकुंभ के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर मंगलवार को सुबह से अखाड़ों के साधु संतों का अमृत स्नान जारी है। इस बीच, दोपहर 12 बजे तक 1.60 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मेला प्रशासन ने यह जानकारी दी। अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी और श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने हर हर महादेव के उद्घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया।

अमृत स्नान के उपरांत महानिवार्णी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतनगिरी जी महाराज ने कहा, हर 12 साल में पूर्ण कुम्भ प्रयागराज में होता है और 12 पूर्ण कुम्भ होने पर, 144 साल बाद यह महाकुम्भ आता है। बहुत भाग्यशाली लोगों को महाकुम्भ में स्नान का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि महानिवार्णी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया।

महानिवार्णी और अटल अखाड़ा के बाद तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया। इसमें सबसे आगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी चल रहे थे। उनके बाद अखाड़ा के झंडे और फिर आराध्य देवता कार्तिकेय स्वामी और सूर्य नारायण की पालकी थी। इनके पीछे नागा सन्यासियों की टोली थी। इन सभी के बीच निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि एक भव्य रथ पर सवार थे।

अमृत स्नान के बाद निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रविंद्र पुरी ने कहा, हम सात बज कर 15 मिनट पर स्नान घाट पर पहुंचे और सात बज कर 45 मिनट पर हमने स्नान कर घाट खाली कर दिया। आधे घंटे में निरंजनी और आनंद अखाड़े के हजारों साधु संतों ने स्नान किया। निरंजनी अखाड़े के 35 महामंडलेश्वरों ने और हजारों की संख्या में नागा सन्यासियों ने अमृत स्नान किया।

निरंजनी अखाड़े की साध्वी और पूर्व मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा, घाट पर युवाओं की भीड़ यह बताती है कि उनमें सनातन धर्म के प्रति कितनी आस्था है। जब भी किसी ने सनातन धर्म को चुनौती दी, युवा और संत समाज ने आगे आकर धर्म की रक्षा की।

निरंजनी अखाड़े और आनंद अखाड़े के बाद संख्या बल में सबसे अधिक जूना अखाड़े और आवाहन अखाड़े के हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। जूना अखाड़े के पीछे किन्नर अखाड़ा के भी सैकड़ों संतों और महामंडलेश्वरों ने भी अमृत स्नान किया। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि भव्य रथ पर सवार होकर स्नान घाट पर आए और उनके साथ हजारों की संख्या में नागा सन्यासी भी थे। बारी बारी से तेरह अखाड़ों का अमृत स्नान शाम चार बजे तक पूरा होने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है। आज लोक आस्था के महापर्व मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महाकुम्भ 2025, प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में प्रथम अमृत स्नान कर पुण्य अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन।

कड़ाके की ठंड और कोहरे के बावजूद प्रयागराज में हर दिशा से जनसैलाब सुबह से ही संगम की ओर जाता दिखाई दिया। आम श्रद्धालु स्नान के साथ ही संगम क्षेत्र में अखाड़ों के साधु संतों के भी दर्शन कर रहे हैं।

संगम स्नान कर अपने गंतव्यों की ओर लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए नगर के विभिन्न चौराहों और मुख्य मार्गों पर नगर वासियों द्वारा व्यापक स्तर पर सब्जी पूड़ी और खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।

पुराने शहर के मुट्ठीगंज चौराहे के पास ह्यश्री राम जानकी मंदिरह्ल के नाम से भंडारा चला रहे श्रद्धालुओं में से एक मुकेश चंद्र जायसवाल ने बताया कि आज सुबह छह बजे से ही पूड़ी सब्जी, खिचड़ी एवं हलुआ का भंडारा निरंतर जारी है और यह रात 11 बजे तक चलेगा।

जीरो रोड चौराहे पर ह्यप्रभु कृपा प्राचीन बाल रूप हनुमान मंदिर त्रिपौलियाह्ल के नाम से भंडारा चला रहे पंडित किशोर कुमार पाठक ने बताया कि सुबह से ही श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जा रहा है ताकि वे प्रयागराज के बारे में अच्छा अनुभव लेकर जाएं।

## हजरत अली डे: शायरों ने पेश किए कलाम, कव्वालों ने महफिल में बांधा समा



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। हजरत अली के यौमे विलादत पर महफिल का आयोजन किया गया। शायरों ने बेहतरीन कलाम पेश कर श्रोताओं से खूब वाहवाही हासिल की। वहीं, घरों में रातभर ज़िक्र-ए-अली का सिलसिला चलता रहा। कव्वाली की महफिल भी सजाई गई। शहर के मोहल्ला दानिशमंदान स्थित दरबार-ए-हुसैनी में अली डे शीर्षक से सजी महफिल की अध्यक्षता धर्मगुरु मौलाना डा. शहवार हुसैन तथा संचालन मुसी अमरोहवी और डा.लाडले रहबर ने संयुक्त रूप से किया। शुरूआत करते हुए असकरी अमरोहवी ने पढ़ा...महबूबे किबरिया ने मौला किसे बनाया, अब तक गदीरे खूम का मैदान बोलता है। मोहसिन औरंगाबादी ने कहा...अली की मदहा ख्वानी मुनहासीर किया एक आयत पर, कुरान पाक का एक-एक सूरह बोल उठेगा। दिल्ली से आए मूसी रजा यूं नमूदार हुए...खुदा के घर में जब मुश्किल कुशा आया जमाने का, खुला एक और दरवाजा इमामत के घरानों का। जिनाह जाफराबादी ने फरमाया...मेरे लबों पा आज कसीदा उसी का है, जिस के बगैर रंगे सुखन फीका फीका है। लियाकत अली ने पढ़ा...कैद कुछ नहीं है दोस्तो अपने और पराये की यहां, दर पा जो अली के आ गया साहिबे कमाल हो गया। डा.मुबारक अमरोहवी ने पढ़ा...इश्के अली जो दिल में बसाया ना जाएगा, महशर के रोज खुद को बचाया ना जाएगा। महफिल में इनके अलावा शाही अमरोहवी, जिया काजमी, शाहनवाज तकी, सरफराज इब्ने गमगीन, जैगम शमीम, आरिफ हुसैन नाजिम, कासिम इब्ने रफी सिरसवी, हिमायूं हैदर, अशरफ फराज, वाहिद अमरोहवी, नौशा अमरोहवी, मुदस्सिर नकवी, डा. आसिम अमरोहवी, कैसर मुज्तबा आदि शायरों ने भी अपना कलाम पेश किया। दूसरी तरफ शहर की मेराज मंजिल में महफिल-ए-समा का आयोजन किया गया। जिसमें सूफी कव्वालों ने हजरत अली की शान ने कव्वाली पेश कर समा बांध दिया।

## अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों ने पीएचसी पर किया प्रदर्शन

रहरा। पीएचसी पर अव्यवस्थाओं को लेकर गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव दढियाल के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। आरोप लगाते हुए कहा कि पीएचसी कभी कभार खुलता है। दढियाल समेत क्षेत्र के कई गांवों के लोगों को दवा लेने के लिए कई किमी दूर रहरा सीएचसी जाना होता है। बताया जाता है कि पीएचसी पर जरूरत के मुताबिक कर्मचारी नहीं है। कई बार इस बाबत आला अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि पीएचसी काफी लेट खुलता है। परेशान ग्रामीणों ने पीएचसी पर सभी व्यवस्था मुकम्मल करने की मांग की है। इस दौरान शहनाज, आकिल, सुमन, पुष्पा देवी, शिवम व फिरोज आदि मौजूद रहे।

## कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को उद्यम लगाने हेतु मिलेगा ब्याज मुक्त ऋण

बदायूँः जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक सुरेन्द्र कुमार वार्ष्णेय ने जानकारी देते हुए बताया कि शासनादेश के द्वारा राज्य के कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को उद्यम स्थापित करने हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (मुख्यमंत्री युवा) योजना से ऋण उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत ऐसे प्रशिक्षित अभ्यर्थी जिनके द्वारा कौशल विकास एवं आई०टी०आई० द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजनान्तर्गत 21 वर्ष से 40 वर्ष के युवाओ (न्यूनतम कक्षा 8 उत्तीर्ण) को उद्यम स्थापित करने हेतु अधिकतम पांच लाख रुपए तक के गांरटी एवं ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी, जिसके सापेक्ष लाभार्थी को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत मार्जिन मनी सब्सिडी के रूप में दिया जायेगा।

## 27 जनवरी तक अग्निवीर वायु हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

बदायूँः । विंग कमाण्डर ए गुणशेकर ने बताया कि भारतीय वायुसेना की अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु (महिला एवं पुरुष) की भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न की जाती है। भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आगामी 27 जनवरी 2025 तक नियत है। भर्ती प्रक्रिया की प्रथम चरण की ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन दिनांक 22 मार्च 2025 से नियत है।
उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के तीन चरणों में से प्रथम चरण अन्तर्गत केन्द्रों पर ऑनलाईन लिखित परीक्षा का आयोजन तथा द्वितीय चरण में अभ्यर्थियों की शारीरिक एवं अनुकूलता परीक्षण तथा तृतीय चरण में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षण हेतु निर्धारित चयन केंद्र में उपस्थित होना होता है। उन्होंने बताया कि भर्ती में 01 जनवरी 2005 और 01 जुलाई 2008 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित) के बीच जन्में पात्र अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मवीदवार ऑनलाइन आवेदन करने हेतु योग्य हैं।

## हापुड़ में कार की टक्कर से बाइक सवार कांग्रेस नेता की मौत

हापुड़। हापुड़ जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में सड़क हादसे में कांग्रेस के एक स्थानीय नेता की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बुलंदशहर रोड पर आवास विकास कॉलोनी चौराहे के पास कार की टक्कर से बाइक सवार मोईनुद्दीन (35) की मौत हो गयी जो शहर कांग्रेस कमेटी के सचिव थे। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना के बाद चालक घटनास्थल पर कार को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार को कांग्रेस नेता मोईनुद्दीन बाइक से घर लौट रहे थे। बुलंदशहर रोड स्थित मोहल्ला आवास विकास चौराहे के पास पहुंचने पर उनकी बाइक व कार की भिड़ंत हो गयी जिस कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेठी पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में क्यूआर कोड आधारित निगरानी प्रणाली शुरू की

अमेठी। अमेठी पुलिस ने जनसुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से अहम कदम उठाते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में क्यूआर-कोड आधारित निगरानी प्रणाली शुरू की है जिसके तहत प्रभावी तरीके से गश्त और पुलिसकर्मियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने कहा, इस नई व्यवस्था से हम क्यूआर कोड के माध्यम से वास्तविक समय में पुलिस गतिविधि पर नजर रख सकेंगे। अमेठी, गौरीगंज, तिलोई और मुसाफिरखाना तहसीलों में कुल 160 स्थानों को संवेदनशील स्थान के तौर पर चिह्नित किया गया है, जहां पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

इस प्रणाली के तहत पुलिस अधिकारियों को इन चिह्नित संवेदनशील स्थान पर पहुंचने पर क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जैसे ही वे क्यूआर कोड को स्कैन करेंगे तो जिला मुख्यालय नियंत्रण कक्ष और संबंधित क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक के पास लोकेशन तथा अधिकारी के वहां पहुंचने के समय के संबंध में संदेश पहुंच जायेगा जो उस स्थान पर पुलिस मौजूदगी को प्रमाणित करेगा।

उन्होंने कहा, यह प्रणाली न केवल आपराधिक गतिविधियों को रोकने में मदद करेगी बल्कि रात्रि गश्त की प्रभावशीलता में भी सुधार करेगी।

### भाजपा ने मिल्कीपुर विस सीट पर होने वाले उप चुनाव के लिए चंद्रभान पासवान को उम्मीदवार बनाया

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव के लिए चंद्रभान पासवान को अपना प्रत्याशी घोषित किया। इससे पहले समाजवादी पार्टी (सपा) ने इस सीट से फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को अपना टिकट देने की घोषणा की थी। कांग्रेस ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार न उतारकर गठबंधन के प्रत्याशी अजीत प्रसाद को समर्थन देने का ऐलान किया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, उपचुनाव पांच फरवरी को होना है और मतों की गिनती आठ फरवरी को होगी।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने पासवान को सीट से उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हो रहा उपचुनाव पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने 2022 में इस सीट से विधानसभा चुनाव जीता था, लेकिन पिछले साल लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद उन्होंने इस सीट से इस्तीफा दे दिया था।

### किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय की एमडी मेडिसिन की रेजीडेंट डाक्टर छत से कूदी, गंभीर

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में मंगलवार को एमडी मेडिसिन प्रथम वर्ष की रेजीडेंट छात्रा ने गर्ल्स हॉस्टल की छत से छलांग लगा कर आत्महत्या का प्रयास किया। छात्रा को मेडिकल कालेज में गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया हैं। केजीएमयू के मीडिया प्रभारी डा सुधीर सिंह ने बताया कि रेजीडेंट डाक्टर ने केजीएमयू के गर्ल्स रेजीडेंट हॉस्टल के कमरा नंबर 206 की छत से कूद कर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। उनका इलाज केजीएमयू ट्रामा सेंटर में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एमडी मेडिसिन प्रथम वर्ष की रेजीडेंट छात्रा कानपुर की रहने वाली है। डा सिंह ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह हुई। घटना की जानकारी मिलते ही छात्रा को तुरंत ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां उसका सीटी स्कैन, खून की जांच आदि की गयी है। उन्होंने बताया कि छात्रा गंभीर अवस्था में क्रिटिकल केयर फैसिलिटी में ट्रामा सेंटर के सीसीएम विभाग में भर्ती है।

## बसपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए घोषित किए स्टार प्रचारक



प्रात : किरण संवाददाता

लखनऊ। बहुजन समाज (पार्टी) बसपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बसपा के 40 स्टार प्रचारकों में मायावती के बाद दूसरे नंबर पर युवा चेहरे नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को जगह दी गई है।

बसपा की तरफ से मंगलवार को दिल्ली विधानसभा 2025 के स्टार प्रचारकों की सूची के अनुसार पार्टी प्रमुख मायावती, आकाश आनंद, लक्ष्मण सिंह, नितिन सिंह, राजाराम धर्मवीर सिंह, अशोक, सी.पी. सिंह, रणधीर बेनिवाल, सुदेश आर्य, सुजीत सम्राट, राजेश तंवर, सतीश चौधरी, शीशपाल सिंह, ललित कुमार गौतम, उत्तिलराम आजाद, नरेन्द्र पाल सिंह, सुरेश चंद गौतम, सुरेश चंद्रा, योगेश कुमार, डा. सलीम अहमद, राजकुमार, जगदीश मास्टर, उमेश पीपरिया, एड रजनी बौद्ध, शंकर लाल कर्दम, भूपेन्द्र सिंह बेधड़क, दिनेश कुमार गौतम, कैलाश माथुर, दर्शन लाल, पन्ना लाल गौतम, डा. रंजीत राम, प्रेम कुमार गौतम, राजेन्द्र प्रसाद बबल, अरूणा चौटाला, शरीफ अली गुरुदयाल सिंह गौतम, गोतम मोहन, जुगल जाटव, संजीव दोहरे, एस.पी. सागर शामिल हैं।

ज्ञात हो कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने अकेले अपने बलबूते पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने उम्मीद की है कि पार्टी इस चुनाव में जरूर बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे किसी पार्टी के लुभावने वादे के बहकावे में न आकर पूरी समझदारी से बसपा उम्मीदवारों को ही वोट करें। चुनाव आयोग के अनुसार, दिल्ली के साथ ही 5 फरवरी को मतदान होंगे और सभी नतीजे 8 फरवरी को वोटों की गिनती के बाद साथ ही आएंगे।

## भारत-नेपाल सीमा के पास एसएसबी ने नेपाली किशोरी को मानव तस्कर के चंगुल से छुड़ाया

प्रात : किरण संवाददाता

बहराइच। उत्तर प्रदेश में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की एक टीम ने 17 वर्षीय एक नेपाली लड़की को संदिग्ध मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। किशोरी को कथित तौर पर तस्करी कर बेंगलुरु ले जाया जा रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि किशोरी को नेपाली के एक गैर सरकारी संगठन को सौंप दिया गया और आरोपी तस्कर को नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया। एसएसबी की 42वीं बटालियन के उपसेनानायक दिलीप कुमार ने बताया, प्रयागराज महाकुम्भ के मद्देनजर जारी ऑपरेशन अलर्ट के तहत हमने भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी हैं। सुरक्षा जांच को तेज कर दिया है। कुमार ने बताया कि सोमवार शाम एसएसबी जवानों ने आरोपी और किशोरी को रुपईडीहा सीमा चौकी (बीओपी) पर उस समय रोका जब वे भारत-नेपाल मैत्री बस में सवार हो रहे थे। उन्होंने कहा, उनकी हरकतें संदिग्ध प्रतीत होने पर जब उनसे पूछताछ की गई तो वे सही से जवाब नहीं दे सके जिससे हमारा शक और गहरा हो गया। जांच में पता चला कि नेपाल के कालीकोट जिले की निवासी किशोरी को वहीं के निवासी पारस बिष्ट (21) ने शादी और बेंगलुरु में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। दोनों सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए थे। बेंगलुरु में काम करने वाले पारस ने कथित तौर पर किशोरी को उसके परिवार को बताए बिना घर से भागने के लिए मनाया और उसे भारत ले आया। किशोरी को नेपाल पुलिस की मौजूदगी में नेपाल के गैर सरकारी संगठन को सौंप दिया गया। यह अभियान 42वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन के नेतृत्व में चलाया गया।

महाकुम्भ और गणतंत्र दिवस के आगामी समारोह के मद्देनजर, दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हाल ही में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में मानव तस्करी और अन्य तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए भारत-नेपाल सीमा पर निगरानी और संयुक्त गश्त बढ़ाने पर सहमति बनी थी।

## महाकुंभ के बाद दिखाई नहीं देते नागा संत, विलुप्त होते हैं या छिप जाते हैं?

प्रात : किरण संवाददाता



प्रयागराज। नागा साधुओं की अपनी जिंदगी है। उनके बारे में आम आदमी कुछ नहीं मालूम। जब भी कुंभ होता है हजारों की संख्या में नागा संत दिखाई देने लगते हैं। जैसे ही मेले का समापान होता है फिर इनके दीदार नहीं होते हैं। ये कहां जाते हैं क्या करते ऐसे ही कई सवालों के जवाब मीडिया तलाश रही है। इस पर नागा संत अर्जुन पुरी ने बताया कि वह पांच वर्ष की अवस्था से नागा संन्यासी हैं। जब बोध हुआ तो संतों की शरण में थे। उन्होंने बताया कि ज्ञान, भक्ति, वैराग्य के द्वारा मेरा पालन-पोषण हुआ। अब तक का पूरा जीवन संत जीवन ही रहा है। नागा संत ने बताया कि उन्हें जूना अखाड़े की तरफ से धर्म प्रचार के लिए पूरी दुनिया में भेजा जाता है। भारत समेत अन्य देशों में सनातनी लोगों का प्रचार-प्रसार करना मुख्य उद्धेश्य है।

कहां चले जाते हैं नागा संन्यासी

नागा संत ने बताया कि कुंभ-महाकुंभ के बाद हम ठंडे स्थानों पर रहने चले जाते हैं। इसकी वजह यह है कि हमारे शरीर में ऊर्जा का स्तर काफी ज्यादा होता है। हम गर्मी को बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। इसलिए हम ठंडे स्थानों पर ही रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम या तो हिमालय की तरफ या फिर हिमाचल प्रदेश में ऊंचाई वाली जगह चले जाते हैं, जहां भरपूर ठंड रहती है। फिर कभी बड़ा मेला लगता है तो हम वहां पहुंच जाते हैं। नहीं तो पहाड़ों पर गुफाओं में रहकर साधनारत रहते हैं। क्या करते हैं नागा संन्यासी, इस सवाल के जवाब में नागा संत अर्जुन पुरी ने बताया कि हम सनातन के सिपाही हैं। यह सनातन की फौज है। सनातन को विस्तारित करने, इसे सशक्त बनाने और इसका ध्वज पूरे विश्व में लहराने के लिए, नागा संतों की फौज बनाई जाती है। फिर उनको गुप्तचरों की तरह पूरे देश और विदेश में भेज दिया जाता है। वहां जाने के बाद हम लोग सनातनी धर्म-संस्कृति का प्रचार-प्रसार करते हैं।

नागा संन्यासी बनाने की प्रक्रिया

संत अर्जुन पुरी ने बताया कि नागा संन्यासी बनने की प्रक्रिया बहुत कठिन है। सभी को नागा संन्यास नहीं दिया जाता। सिर्फ उन्हीं को दिया जाता है जो बचपन से नागा संन्यासियों की शरण में आ जाते हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद उन्हें कई तरह की कठोर साधनाओं, तपस्याओं, ध्यान-योग और पूजा-पाठ से गुजरना पड़ता है। बचपन से ही उनका लिंग मर्दन किया जाता है। नागा संन्यास में दिगंबर और श्री दिगंबर बनने के लिए बचपन से ही इसकी दीक्षा ली जाती है। नागा संत अर्जुन पुरी के मुताबिक नागा संन्यासी के दिन की शुरूआत तीन-साढ़े तीन बजे से हो जाती है। स्नान आदि के बाद हम जप में लग जाते हैं। इसके बाद हवन करते हैं। इन सबके बाद पठन-पाठन का दौर शुरू होता है। जो लोग पढ़ नहीं सकते हैं वह जाप करते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा वह लोग सेवा आदि भी करते हैं। आश्रम में साफ-सफाई समेत अन्य काम भी वह सब करते हैं। जो लोग पढ़ने-लिखने में सक्षम हैं, वह धर्म ग्रंथों के पठन-पाठन में लगे रहते हैं।

नागाओं को ठंड क्यों नहीं लगती?

ठंड नहीं लगने के पीछे भी नागा संन्यासी ने वजह बताई। उन्होंने कहाकि हम मंत्र से अभिमंत्रित करके भभूति को लगाते हैं। यह हमारे लिए विशेष कपड़े के रूप में काम करता है। इसके अलावा हम अपना जीवन नियम-संयम से जीते हैं। हम कई तरह के भोगों से दूर रहते हैं। इसलिए शरीर में ऊर्जा और अग्नि लगातार बनी रहती है। हमारा शरीर अंदर से गर्म और मजबूत बना रहता है। इससे हम मौसम की मार से बचे रहते हैं। इस सवाल के जवाब में नागा संन्यासी ने बताया कि लोगों को डरना नहीं चाहिए। असल में हम भभूत लगाकर बैठते हैं। चित्त से लेकर शरीर तक हम नग्न रहते हैं। हमें लगता है कि इसी वजह से लोगों को भय सा लगा रहता है। इसके अलावा लोगों के मन में भ्रांति बन गई है कि नागा साधु बड़े कठोर होते हैं। लेकिन असलियत यह है हमारा हृदय मक्खन की तरह से कोमल होता है। उन्होंने कहाकि हम लोगों से कहना चाहते हैं कि सारा समाज संतों की शरण में आए। किसी तरह का डर-भय न रखें। डरने की कोई जरूरत नहीं। हम नागा संन्यासी बहुत दयावान होते हैं।

## महाकुंभः विदेशी श्रद्धालुओं ने भी किया जय श्रीराम और बम बम भोले का उद्धघोष

प्रात : किरण संवाददाता

महाकुंभनगर। मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को महाकुम्भ में भारत के विभिन्न प्रांतों से आए विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ ही विदेशी श्रद्धालुओं ने भी एक साथ संगम में अमृत स्नान किया। महाकुंभनगर इन श्रद्धालुओं के जय श्री राम, हर हर गंगे, बम बम भोले के उद्घोष से गूंज उठा।

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, केरल, आंध्र प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से आए अलग अलग समुदायों के लोगों के साथ साथ अमेरिकी, इजराइली, फ्रांसीसी समेत कई अन्य देशों के नागरिक भी गंगा स्नान करते हुए भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत हो गए महाकुम्भ में मकर संक्रांति पर अमृत स्नान में शामिल होने वाले विदेशी नागरिक जैफ ने कहा, मैं अमेरिका से हूं लेकिन लिस्बन (पुर्तगाल) में रहता हूं। मैं दक्षिण भारत की यात्रा कर रहा था। कल वाराणसी से यहां पहुंचा। यहां एक पवित्र ऊर्जा महसूस होती है जो बहुत शांति और सुकून देने वाली है। हर कोई मैत्री भाव से मिल रहा है। मैं यहां की सुव्यवस्था और स्वच्छता देखकर चकित हूं। हर 15 मीटर पर कूड़ेदान उपलब्ध हैं। इसी तरह, ईरान से आई एक महिला ने कहा, हम नौ लोग हैं जो दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से यहां आए हैं। मेरे पति और मैं दुबई और लिस्बन के बीच आते-जाते रहते हैं। हम यहां पहली बार आए हैं। ये अद्भुत है।

एक अन्य अमेरिकी नागरिक पॉला ने टूटी फूटी हिंदी में कहा आज बहुत उत्तम दिन है, जब हमें साधुओं के साथ स्नान करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। ये हमारा सौभाग्य है कि हमें महाकुम्भ में आने का अवसर मिला और संन्यासियों का सानिध्य प्राप्त हुआ।

## महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान के अवसर पर नागा साधू बने आकर्षण का केंद्र

प्रात : किरण संवाददाता



महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 के प्रथम अमृत स्नान के दौरान नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना।

त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था। कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवारें लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजने का प्रदर्शन करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन कर रहे थे।

अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभा यात्रा में कुछ नागा साधु घोड़ों पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुम्भ की भव्यता को और भी बढ़ा दिया।

स्व-अनुशासन में रहने वाले ये साधु शीर्ष पदाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए आगे बढ़े।

नगाड़ों की गूंज के बीच उनके जोश ने इस अवसर को और भी खास बना दिया। त्रिशूल और डमरू के साथ उनके प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के मिलन का उत्सव है

शोभायात्रा के दौरान मीडिया ही नहीं, बल्कि आम श्रद्धालु भी इन दृश्यों को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर रहे थे।

नागा साधु इस दौरान नगाड़ों की ताल पर नृत्य करते हुए अपनी परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन भी कर रहे थे। स्नान के दौरान भी नागा साधुओं का अंदाज निराला था। त्रिवेणी संगम में उन्होंने पूरे जोश के साथ प्रवेश किया और बर्फ के समान पानी के साथ ऐसे अठखेलियां कीं जैसे ठंडे पानी से उन्हें कोई भी कठिनाई नहीं हो रही हो।

पुरुष नागा साधुओं के साथ ही महिला नागा संन्यासियों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। महिला नागा संन्यासी भी पुरुष साधुओं की तरह तप और योग में लीन रहती हैं।

वे गेरुआ वस्त्र धारत करती हैं जो बिना सिला हुआ होता है। उन्हें भी परिवार से अलग होना पड़ता है, खुद के साथ परिवार के लोगों का पिंड दान करना होता है और तब जाकर कोई महिला नागा संन्यासी बन पाती हैं।

## उत्तर प्रदेशः जोधपुर झाल में 62 प्रजातियों के 1,335 जलीय पक्षियों की पहचान की गई



मथुरा। मथुरा-आगरा सीमा पर स्थित जोधपुर झाल आर्द्रभूमि में जलीय पक्षियों की गणना के दौरान नौ लुप्तप्राय प्रजाति समेत 62 प्रजातियों के 1,335 पक्षियों का पता लगाया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिला वन अधिकारी (डीएफओ) रजनीकांत मित्तल ने बताया, यह गणना वेटलैंड्स इंटरनेशनल द्वारा उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, वन विभाग और जैव विविधता अनुसंधान एवं विकास सोसाइटी (बीआरडीएस) के सहयोग से जलपक्षी जनगणना-2025 के तहत की गई। उन्होंने बताया कि यह गणना वेटलैंड्स इंटरनेशनल के उत्तर प्रदेश समन्वयक नीरज श्रीवास्तव की देखरेख में की गई और इसका नेतृत्व बीआरडीएस पक्षी विशेषज्ञ के पी सिंह ने किया तथा 13 सदस्यों की टीम ने इसमें योगदान दिया। मित्तल ने बताया, जलीय पक्षियों की गणना में 62 प्रजातियों की पहचान की गई है, जिनमें 29 प्रवासी व 33 स्थानीय प्रजातियां हैं। गणना में इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) की लुप्तप्राय सूची में शामिल नौ प्रजातियों की भी पहचान की गई, जिनमें सारस, काली गर्दन वाला सारस, जांघिल या ढोक, ओरिएंटल डार्टर, वुली-नेक्ड स्टॉर्क (ऐसा सारस जिसकी गर्दन पर बहुत ज्यादा बाल होते हैं), काली पूंछ वाली चंचुकी या ब्लैक-टेल्ड गोडविट, बड़ा चित्तीदार गिद्ध या ग्रेटर स्पॉटेड ईगल और ब्लैक हेडेड आइबिस शामिल हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यजोधपुर झाल पर सर्वाधिक संख्या में 370 बार हेडेड गूज, 224 उत्तरी सींकपर व 220 मुगार्बी मिले। इसके अलावा, गडवॉल, यूरेशियाई पतेरा (एक प्रकार की बत्तख), खोखार, पाइड एवोसेट, लिटिल स्टिंट, टैमिनिक स्टिंट, टिटहरी, खंजन, गजपांव, बैंगनी स्वैम्पेन, कॉमन स्निप आदि पक्षियों की पहचान की गईं। सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने नए जलीय आवासों का निर्माण करके आर्द्रभूमि क्षेत्र का विस्तार किया है। गणना के बारे में उन्होंने विस्तार से बताया, पक्षियों की गणना दो समूहों द्वारा की गई, जिनमें से प्रत्येक में आठ विशेषज्ञ सदस्य थे। तीन घंटे से अधिक समय तक उन्होंने लगभग 80 हेक्टेयर आर्द्रभूमि को कवर किया। मित्तल ने पक्षियों के आगमन में वृद्धि का श्रेय उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और वन विभाग की सतत निगरानी और संरक्षण प्रयासों को दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक ने पैदल जा रही युवती को टक्कर मारी

ग्रेटर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति गोल चक्कर के समीप ट्रक ने सड़क पर पैदल जा रही युवती को टक्कर मार दी। हादसे में युवती को गंभीर चोट आई। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में युवती के पिता ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। नोएडा के रसूलपुर गांव में किराये पर रहने वाले अयोध्या कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी भतीजी काजल गौर सिटी मॉल में काम करती है। काजल सोमवार को चार मूर्ति गोल चक्कर से पैदल मॉल की तरफ जा रही थी। तिगरी की तरफ मुड़ने वाले रास्ते पर बेकाबू ट्रक ने काजल को टक्कर मार दी। हादसे में काजल गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। काजल के चाचा ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। बिसरख कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव की तैयारियां पूरी: डीसी

फरीदाबाद,। जिला प्रशासन फरीदाबाद की ओर से आगामी 19 जनवरी को होने वाले हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव की प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए मंगलवार को डीसी विक्रम सिंह ने तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गयी है। फरीदाबाद जिले में सात पोलिंग बूथ बनाये गए हैं। डीसी ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव वार्ड 40 फरीदाबाद की रिटर्निंग अधिकारी एवं एफएमडीए जॉइंट सीईओ गौरी मिड्ढा को सभी पोलिंग पार्टीयों के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही चुनाव निष्पक्ष और शान्ति पूर्वक करवाने के लिए पुलिस प्रशासन को भी कानून वयवस्था सख्त रखने के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि 19 जनवरी को पोलिंग तथा उसी दिन शाम को मतदान के उपरांत काउंटिंग व रिजल्ट जारी किया जाएगा। बैठक में एडीसी साहिल गुप्ता, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बडखल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, एफएमडीए जॉइंट सीईओ गौरी मिड्ढा, सीटीएम अंकित कुमार, एसीपी राजीव कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### कारोबारी को धमकी देने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा,। पुलिस ने ग्रेनो वेस्ट के पतवाड़ी गांव में रहने वाले कारोबारी को धमकी देने वाले हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया है। हिस्ट्रीशीटर ने कारोबारी को फोन कर जान से मारने की धमकी दी थी। इसका एक ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पतवाड़ी गांव निवासी कारोबारी जितेंद्र अग्रवाल ने गांव के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर दीपक यादव पर फोन कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। आरोपी ने कारोबारी के बच्चों को भी गोली मारने की धमकी दी थी। इसका एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पीड़ित ने आरोपी की शिकायत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की थी। बिसरख कोतवाली पुलिस ने वायरल ऑडियो का संज्ञान लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी दीपक यादव को गिरफ्तार कर लिया। बिसरख कोतवाली प्रभारी का कहना है कि दीपक हिस्ट्रीशीटर है।

### मकर संक्रांति पर फरीदाबाद में उत्सवों की धूम

फरीदाबाद, । मकर संक्रांति के अवसर पर फरीदाबाद में विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस शुभ दिन पर फरीदाबाद के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने क्षेत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई और समाज के साथ मिलकर यह पर्व मनाया। विपुल गोयल के सागर सिनेमा स्थित कार्यालय में एक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने सभी के साथ मिलकर त्योहार मनाया और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर स्थानीय लोग, समाजसेवी, और भाजपा के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में मकर संक्रांति के महत्व पर जोर देते हुए सामाजिकता और प्रकृति से जुड़े, उत्तरायण सूर्य को समर्पित इस पर्व को मनाया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में भी हुए शामिल मकर संक्रांति के दिन विपुल गोयल बाटा चौक के निकट एक कंबल वितरण कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को शीत वस्त्र वितरित किए और समाज के हर वर्ग के लिए अपना सहयोग बनाए रखने का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों से संवाद और सुझावों पर चर्चा सागर सिनेमा कार्यालय में उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए विपुल गोयल ने उनके सुझाव सुने और तत्काल संबंधित अधिकारियों को इन मुद्दों पर काम करने के निर्देश दिए।

# संगम पर स्नान करते हुए जनता का विराट रूप देखा : उमा भारती

प्रात: किरण, संवाददाता



महाकुंभ नगर,। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महाकुंभ में शामिल करोड़ों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ और योगी सरकार द्वारा की गई बेहतरीन व्यवस्थाओं से अभिभूत पूर्व सांसद साध्वी उमा भारती ने इसे अपने लौकिक जीवन का सबसे अनूठा क्षण बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ॡप्रभु श्रीकृष्ण जैसा विराट रूप अर्जुन ने देखा, वैसा ही जनता जनार्दन का विराट रूप संगम पर स्नान करते हुए मैंने देखा ॡ पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने महाकुंभ में उमड़ी विशाल जनसंख्या को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव बताया। उन्होंने कहा, ॡकरोड़ों-करोड़ नर-नारियों के रूप में जैसे नारायण स्वयं संगम पर डुबकियां लगा रहे हों ॡ पूर्व सांसद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार के कुशल प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने कहा, ॡसजग और सावधान योगी जी की सरकार का प्रशासन एवं पुलिस नतमस्तक भाव से सबकी सेवा में रत है ॡ महाकुंभ में व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री, उनके सहयोगियों, प्रशासन और पुलिस को अभिनंदन और बधाई दी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ 2025 ने न केवल आध्यात्मिकता का संदेश दिया है, बल्कि इसे सफल बनाने में योगी सरकार की प्रतिबद्धता भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

महाकुंभ के प्रथम अमृत स्नान का शुभारंभ मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हुआ।

संगम के त्रिवेणी तट पर लाखों श्रद्धालुओं और साधु-संतों का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस ऐतिहासिक अवसर पर स्नान कर श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था को नया आयाम दिया।

स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर ही अपने ईष्ट देव की पूजा-अर्चना की।

इस पूजन में तिल, खिचड़ी और अन्य पूजन सामग्रियों का उपयोग किया गया। श्रद्धालुओं ने तिल और खिचड़ी का दान कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

दान-पुण्य के इस क्रम ने पर्व को और पवित्र बना दिया।

मकर संक्रांति के इस पावन दिन संगम के घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

आस्था और उल्लास का ऐसा नजारा था, जिसने हर किसी के मन को भावविभोर कर दिया।

स्नान के दौरान हर कोई अपने जीवन को पवित्र और सुखमय बनाने की प्रार्थना करता दिखा।

स्नान के दौरान श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य देकर पुण्य और मोक्ष की कामना की।

मकर संक्रांति भगवान सूर्य को ही समर्पित पर्व है।

मकर संक्रांति पर सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं और दिन लंबे और रात छोटी होने लगती है।

स्नान के दौरान ही कई श्रद्धालुओं ने गंगा आरती की।

वहीं, श्रद्धालुओं ने घाट पर ही मकर संक्रांति का पूजन-अर्चन किया और तिल-खिचड़ी का दान कर पुण्य कमाया।

# कबड्डी का खेल हमारे हरियाणा की पहचान है: राजेश नागर



प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने आज पलवल के गांव भवाना में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में शिरकत की और खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि कबड्डी हमारे हरियाणा की पहचान है। कबड्डी एक तरफ हमारे युवाओं को खेल के साथ जोड़कर उनके तन मन को दुरुस्त रखती है। वहीं वह हमारी सांस्कृतिक पहचान को भी अक्षुण रखती है। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से आज युवा करियर बना रहा है वहीं नौकरी और पैसे भी कमा रहा है। नागर ने कहा कि हरियाणा की सरकार पूरे देश में सर्वाधिक सर्वाधिक इनाम देने वाली प्रदेश सरकार है। हरियाणा के खिलाड़ी आज देश दुनिया में नाम रोशन कर रहे हैं ।उन्होंने युवा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और कहा कि वह खेलों को अपने जीवन में अपनाएं और सभी प्रकार के नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी अपना जीवन खेल में लगाता है वह पूरी तरह से नशे से दूर हो जाता है और उसके अंदर आपसी एकता भाईचारे की भावना भी प्रबल हो जाती है। इस प्रकार हम खेल में शामिल होकर देश को और समाज को एकता के सूत्र में बांध रहे हैं और मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने आयोजकों को भी सुंदर आयोजन पर बधाई दी और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन किए जाने पर बल दिया। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां खेल, विकास, शिक्षा सभी क्षेत्रों में हम तरक्की के नए सोपान रच रहे हैं। वहीं समाज के हर वर्ग को शासकीय लाभ दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हर वर्ग की खुशहाली के लिए काम कर रही है। यही कारण है कि हरियाणा की जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नारायण सिंह सैनी की सरकार को चुनकर अपने इरादे जता दिए हैं। इस अवसर पर दादा रामेश्वर, उमेश पार्षद, सिंगर एम सी स्क्वायर, जयसिंह सरपंच, सुखबीर बैंसला, रघुराज नागर, बुल्ली ठेकेदार, धर्मेंद्र सरपंच, पवन जाखड़ सरपंच, योगेश सरपंच, बल्लू सरपंच, बिट्टू सरपंच, शेर सिंह चेयरमैन, केशव पहलवान, सुभाष पहलवान, धर्मेंद्र वकील, पार्षद महेंद्र भड़ाना, अजब चंदीला, एस डी पोसवाल, रमेश बैंसला, दयानंद नागर व अन्य मौजूद रहे।

# चाल, चरित्र, चेहरे की बात करने वाली बीजेपी का असली चेहरा उजागर : दीपेन्द्र हुड्डा

प्रात: किरण, संवाददाता



फरीदाबाद,। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ उदयभान व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ गैंगरेप के गंभीर आरोपों में एफआईआर दर्ज होने से चाल, चरित्र, चेहरे की बात करने वाली भाजपा का असली चेहरा उजागर हो गया है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि ये नौकरी के बदले दुष्कर्म प्रकरण है जो बड़े स्तर पर दिखायी दे रहा है। इस तरह सत्ता के दुरुपयोग और अहंकार की पराकाष्ठा प्रदेश के इतिहास में नहीं देखी गयी। इस घटना से साबित होता है कि न भाजपा की चाल ठीक है न चरित्र ठीक है न ही चेहरा ठीक है। क्योंकि, जिस व्यक्ति के खिलाफ गैंगरेप के गंभीर आरोपों में एफआईआर दर्ज हुई है वो हरियाणा में भाजपा का प्रमुख चेहरा है और जब चेहरा ऐसा है तो चाल चरित्र कैसा होगा इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ नारे की असलियत एक बार फिर दिखायी दे रही है। उन्होंने मांग करी कि भाजपा को अपना स्टैंड स्पष्ट कर लोगों से माफी मांगनी चाहिए और इस बात की जांच होनी चाहिए कि ये मामला किस-किस के संज्ञान में था, कौन-कौन साथ था और कौन-कौन बचाने में शामिल था। प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि भाजपा एक तरफ बेटी बचाओ का नारा लगाती है दूसरी तरफ उसके नेता बेटियों की अस्मत से खिलवाड़ करके अपने ही नारे की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ॡबेटी बचाओॠ का नारा लागाने वाला बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व अब चुप क्यों है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व सांसद रमेश कौशिक की कथित सीडी जारी हुई थी, उस मामले को भी दबा दिया गया। महिला कोच के साथ खेल मंत्री संदीप सिंह के यौन शोषण, सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह द्वारा खिलाड़ी बेटियों के शोषण, हाथरस से लेकर बीएचयू तक महिलाओं के खिलाफ अपराध के हर मामले में भाजपा नेता शामिल रहे हैं, लेकिन कहीं भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष से जुड़े इस मामले में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भाजपा अध्यक्ष को स्पष्ट करना चाहिए कि उन्होंने क्या कार्रवाई की। दूध का दूध पानी का पानी होना चाहिए। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार अपने काम के आधार पर नहीं बल्कि झूठ, दुष्प्रचार, भ्रामक प्रचार की बुनियाद पर बनी है। ॠ अपने झूठ, दुष्प्रचार और भ्रामक प्रचार से जनता को बहकाने में विश्वास करती हैं और उसकी इसी विचारधारा के खिलाफ हमारी लड़ाई है। उन्होंने कहा कि चुनाव में बीजेपी ने साम, दाम, दंड भेद हर प्रकार के हथकंडे अपनाए लेकिन प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को बराबर का मत प्रतिशत देकर प्रदेश के इतिहास में सबसे बड़े व मजबूत विपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। विधान सभा में 37 विधायक तो लोकसभा में भी कांग्रेस के 5 सांसद हैं जो बीजेपी के बराबर हैं। हम पूरी मजबूती से सच्चाई व ईमानदारी से लोगों के हक की लड़ाई लड़ेंगे। दीपेन्द्र हुड्डा ने फरीदाबाद की बदहाली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले फरीदाबाद के हालात बद से बदतर हो चुके हैं। पिछले 11 साल में विकास का कोई नया काम नहीं हुआ। मेट्रो का एक नया खंबा आगे नहीं बढ़ा। अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम, हर कालोनी में सीवर ओवरफ़्लो, सडकों का बुरा हाल है। फरीदाबाद में केवल भ्रष्टाचार हुआ। नगर निगम में 200 करोड़ का घोटाला हुआ। बीजेपी के लोगों ने आलीशान मकान, दफ्तर बनवाए। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, प्रदूषित पानी, प्रदूषण की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक रघुबीर तेवतिया, पूर्व विधायक नीरज शर्मा, फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला, ठाकुर राजाराम, रेनू चौहान, अनिल नेताजी, राजेश खटाना मौजूद रहे।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव की तैयारियां पूरी: डीसी

**निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित कराना प्रशासन की प्राथमिकता**

प्रात: किरण, संवाददाता




फरीदाबाद,। जिला प्रशासन फरीदाबाद की ओर से आगामी 19 जनवरी को होने वाले हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव की प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए मंगलवार को डीसी विक्रम सिंह ने तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गयी है। फरीदाबाद जिले में सात पोलिंग बूथ बनाये गए हैं। डीसी ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव वार्ड 40 फरीदाबाद की रिटर्निंग अधिकारी एवं एफएमडीए जॉइंट सीईओ गौरी मिड्ढा को सभी पोलिंग पार्टीयों के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही चुनाव निष्पक्ष और शान्ति पूर्वक करवाने के लिए पुलिस प्रशासन को भी कानून वयवस्था सख्त रखने के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि 19 जनवरी को पोलिंग तथा उसी दिन शाम को मतदान के उपरांत काउंटिंग व रिजल्ट जारी किया जाएगा। बैठक में एडीसी साहिल गुप्ता, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बडखल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, एफएमडीए जॉइंट सीईओ गौरी मिड्ढा, सीटीएम अंकित कुमार, एसीपी राजीव कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पीजी के कमरे की चाबी मांगने पर पिता-पुत्र को पीटा

नोएडा, । पीजी के कमरे की चाबी मांगने पर मैनेजर और उसके तीन साथियों ने छात्र और उसके पिता को बुरी तरह से पीट दिया। मारपीट के बाद आरोपियों ने दोनों घायलों को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-126 पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। राजा राना ने पुलिस को शिकायत दी कि वह एमिटी विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहा है। उसने रायपुर गांव स्थित रॉयल पीजी में किराये का कमरा लिया हुआ है। सोमवार को शाम पांच बजे वह अपने पिता दिनेश कुमार के साथ पीजी पर आया और मैनेजर अभिषेक से कमरे की चाबी मांगी। मैनेजर ने उसके साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी और अपने साथियों अंकित, सागर और साहिल को बुला लिया। राजा राना ने जब विरोध किया तो मैनेजर और उसके साथियों ने पिता-पुत्र को मारना पीटना शुरू कर दिया। इससे उनके पिता के मुंह से खून आ गया। आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर छात्र को जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पीजी के मैनेजर अभिषेक, अंकित, सागर और साहिल के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पुलिस नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में विकास की ओर अग्रसर हो रहा हरियाणा : हरेंद्र भाटी

प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। भाजपा के वरिष्ठ नेता हरेंद्र भाटी ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को उनके निवास पहुंचकर उन्हें मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी और उनका मुंह मीठा कराया। इस मौके पर भाजपा नेता हरेंद्र भाटी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास की ओर अग्रसर हो रहा है, सभी 90 विधानसभाओं में समान रुप से विकास कार्य करवाए जा रहे है। श्री भाटी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसी उद्देश्य को लेकर नायब सरकार कार्य कर रही है, उन्होंने कहा कि आज इस सरकार में बिना पर्ची खर्ची प्रतिभावान युवाओं को रोजगार मिल रहे है, जबकि पिछली सरकारों में नौकरियों की बोली लगाई जाती थी। श्री भाटी ने कहा कि आने वाले पांच सालों में नायब सरकार विकास के मामले में इस प्रदेश की कायाकल्प करने का काम करेगी और इस प्रदेश को देश के मानचित्र पर सबसे अव्वल बनाने बनाने का कीर्तिमान रचेगी।

# लंबे समय से फरार 10 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार



नोएडा,। सेक्टर-63 पुलिस टीम ने गैंगस्टर ऐक्ट में फरार चल रहे बदमाश को मंगलवार को बहलोलपुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधिकारियों ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गाजियाबाद के खोड़ा निवासी उत्तम कुमार को गिरफ्तार किया गया। वह मूलरूप से बिहार के जिला नवादा का रहने वाला है। उत्तम अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन डाटा शीट निकालता था। इससे लोगों के मोबाइल नंबर प्राप्त कर फर्जी स्वीकृति पत्र तैयार करता था। वह इसे लोगों के व्हाट्सऐप नंबर पर भेजकर विभिन्न फाइनेंस कंपनी से लोन दिलवाने और गैस एजेंसी दिलाने का झांसा देता था। वह लोगों से प्रोसेसिंग फीस और हेल्थ इंश्योरेंस के नाम पर ठगी करता था। इसकी एवज में 1999 से 9500 तक वसूलता था। इसके बाद ग्राहक को न तो गैस एजेंसी मिलती और न ही लोन। आरोपी को 26 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वर्ष 2024 में आरोपी पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। गिरफ्तारी न होने के कारण आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं।

# छात्रों के गुम हुए मोबाइल फोन बरामद

ग्रेटर नोएडा,। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र स्थित कॉलेज के बाहर से छात्रों के गुम हुए मोबाइल पुलिस ने बरामद कर लिए। परीक्षा देने आए छात्रों के बैग में रखे मोबाइल गुम हुए थे। पुलिस ने बरामद मोबाइल छात्रों के सौंप दिए। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी ने बताया कि जीएल बजाज कॉलेज में नौ जनवरी को कुछ छात्र परीक्षा देने आए थे। सात छात्रों के मोबाइल फोन एक बैग में रखे थे। यह बैग गुम हो गया। इस बारे में में छात्रों ने नॉलेज पार्क थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से गुम हुए सात मोबाइल फोन को ढूंढकर छात्रों के सुपुर्द कर दिया। सभी छात्रों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है।

# फरीदाबाद : बिना ओटीपी महिला से की दो लाख की धोखाधड़ी

फरीदाबाद,। फरीदाबाद जिले में साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला के बैंक खाते से बिना ओटीपी साझा किए 2 लाख रुपये गायब हो गए। सेक्टर-21 निवासी नम्रता राव के साथ हुई धोखाधड़ी में ठगों ने दो दिनों में कई किश्तों में पैसे निकाले। पहले दिन ठगों ने तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 2 हजार रुपए, आठ हजार रुपए और 90 हजार रुपये निकाले। अगले दिन में दो बार में 50-50 हजार रुपये निकाले गए। पीड़िता का दावा है कि उन्होंने न तो किसी को ओटीपी शेयर किया और न ही किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक किया। साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस अधिकारी जितेंद्र के अनुसार सभी ट्रांजेक्शन की जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि पैसे किस खाते में ट्रांसफर हुए। यह मामला साइबर अपराधियों द्वारा अपनाई जा रही नई तकनीकों की ओर इशारा करता है, जहां बिना ओटीपी के भी खातों से धन निकाला जा सकता है। एक अन्य मामले में दयालपुर के रहने वाले हेमेन्दर के छोटे भाई ने उनके पिता के मोबाइल पर 123 रुपए का गलत जीओ का रिचार्ज कर दिया। इसके बाद रिफंड पाने के लिए गूगल पर सर्च किए गए कस्टमर केयर नंबर ने उन्हें साइबर ठगों के जाल में फंसा दिया। फर्जी कस्टमर केयर एजेंट ने खुद को जियो का कर्मचारी बताते हुए माई जियो ऐप डाउनलोड करने को कहा। उसने रिफंड के लिए बैंक डिटेल्स मांगी और ॡरिफंड माई मनीॡ का विकल्प चुनने को कहा। इस प्रक्रिया के दौरान हेमेंद्र के खाते से पहले दो बार 48-48 हजार रुपए निकाले गए। अगले दिन बैंक स्टेटमेंट से पता चला कि तीन अलग-अलग ट्रांजैक्शन में 1 लाख रुपए और निकाल लिए गए। ठगों ने सभी ट्रांजैक्शन अमेजन शॉपिंग के नाम पर किए, जबकि पीड़ित ने कोई खरीदारी नहीं की थी। मामले की गंभीरता को समझते हुए हेमेन्दर ने तुरंत अपना बैंक खाता बंद करवाया और बल्लभगढ़ साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ओपन शतरंज टूनार्मेंट आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता



नोएडा,। नोएडा स्थित डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया ने एमेच्योर स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के सहयोग से ओपन शतरंज टूनार्मेंट का आयोजन किया। चेस कांकरर्स कप प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। टूनार्मेंट में युवा शतरंज खिलाड़ी शामिल हुए, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के साथ रणनीतिक कुशलता और खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जी राजारमन और पंचम धाम न्यास के राष्ट्रीय मंत्री शरद कुमार सिन्हा मुख्या अतिथि रहे। टूनार्मेंट का आयोजन तीन आयु वर्ग में किया गया। अंडर नौ वर्ग में स्वर्णभ बनर्जी ने पहला, अयांश चौरसिया ने दूसरा और तनया रामावत ने तीसरा स्थांन प्राप्टत किया। अंडर 12 में अक्षत गुप्ताअ, गर्वित जैन और अरमान जमीर के साथ अंडर 13 में शिवम, आरव और अक्षत ने क्रमश पहला दूसरा और तीसरा स्थाान प्राप्तस किया। इन खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ ने सेक्टर में काम करने वाले कर्मचारियो व गरीब व असहाय लोगों को योगदान देकर मनाया मकर संक्रांति

फरीदाबाद, । मकर संक्रांति का त्योहार राजस्थान सदन सेक्टर 10 मे वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ ने सेक्टर में काम करने कर्मचारी व गरीब व असहाय लोगों को योगदान देकर मनाया इस मौके पर लगभग 200 कम्बल व खाने की सामग्री बाँट कर मनाया। इस मौके पर वशिष्ठ ने कहा कि मकर संक्रांति का त्योहार फसल और सम्पन्नता से जुड़ा है अलग अलग जगहों पर इस त्योहार को अलग अलग परंपराओं के साथ मनाया जाता हैं। इस दिन सूर्य की पूजा की जाती हैं और गंगा स्नान का खास महत्व है। इस त्योहार का खास बात पतंग बाजी के कंपीटिशन होते हैं इस दिन दान करने के लिए घर में तिल के लड्डू बनाएँ जाते है मूँगफली,रेवड़ी कपड़े दान मक्के के बने हुए दाने आस पड़ोस में और बुजुर्गों को बाँटें जाते है। सीमा वशिष्ठ ने कहाँ की मकर संक्रांति बाले दान का बड़ा महत्व है इस दिन गर्म कपड़े दरी,टोपी,तिल,गुड़,खिंचडी और घी दान करने से पुण्य मिलता है।

# फरीदाबाद : ट्रैफिक पुलिस ने 1160 ऑटो चालकों के किए चालान,105 ऑटो इंपाउंड

**ट्रैफिक पुलिस का ऑटो चालकों के खिलाफ कार्यवाही अभियान रहेगा जारी**

प्रात: किरण, संवाददाता



फरीदाबाद,। फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले ऑटो चालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में ऑटो चालकों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले गैर जिम्मेदार ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर चालान काटे जा रहे है व बिना डॉक्यूमेंट के आँटो चलाने पर इंपाउंड किए जा रहे हैं। एक जनवरी से 13 जनवरी तक 1160 ऑटो के चालान किए गए हैं व 105 ऑटो इंपाउंड किए गए है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अक्सर देखा गया है सवारी बिठाने -उतारने के चक्कर में ऑटो चालक सडक पर कहीं भी अचानक से ब्रेक मार देते हैं जिससे सडक दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। सवारी का इंतजार करने के चक्कर में सडक किनारे आँटो खड़ा कर देते हैं जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा बडखल, मेवला महाराजपुर व एनएचपीसी सहित कई अन्य मेट्रो स्टेशन पर रॉन्ग साइड ड्राइविंग भी करते हैं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा समय-समय पर रॉन्ग साइड ड्राइविंग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में जागरूक किया जाता है लेकिन इसके बावजूद भी रॉन्ग साइड ड्राइविंग की आदत से बाज नहीं आते हैं। इन पर अंकुश लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो चालकों के खिलाफ अभियान चलाया है।

# ऋषभ शेट्टी से कंगना रनौत तक, फिल्मी सितारों ने दी मकर संक्रांति-पोंगल की शुभकामनाएं





प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। मंगलवार को देश भर में मकर संक्रांति और पोंगल त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर ह्यकांताराह्न के निर्देशक-अभिनेता ऋषभ शेट्टी से लेकर ह्यइमरजेंसीह्न अभिनेत्री कंगना रनौत समेत अन्य फिल्मी सितारों ने प्रशंसकों को त्योहार की शुभकामनाएं दी। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर ऋषभ शेट्टी, रकुल प्रीत सिंह, कंगना रनौत, कीर्ति सुरेश, महेश बाबू, धनुष और माधुरी दीक्षित समेत अन्य फिल्मी सितारों ने शुभकामनाएं दी। इंस्टाग्राम पर निमार्ता-निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी ने पत्नी प्रगति शेट्टी और दोनों बच्चों रणवित और राध्या के साथ तस्वीर साझा की, जिसमें उनका पूरा परिवार पारंपरिक पोशाक में नजर आया। प्रशंसकों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, ह्नआपको और आपके परिवार को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं। हैप्पी मकर संक्रांति ह्न अभिनेत्री-निर्देशक कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, ह्नआप सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं ह्न पोंगल की शुभकामना देने के लिए रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, ह्नहैप्पी पोंगल ह्न कीर्ति सुरेश ने इंस्टाग्राम पर रंगोली की एक तस्वीर साझा करते हुए शुभकामना दी। अभिनेता महेश बाबू और माधुरी दीक्षित ने मकर संक्रांति की शुभकामना दी। वहीं, धनुष ने पोंगल की शुभकामना देते हुए अपनी फिल्म से जुड़ा पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, ह्नहैप्पी पोंगल ह्न त्योहारों की धूम है और फिल्म जगत के सितारे त्योहार मनाने में व्यस्त चल रहे हैं। शहनाज गिल, रवीना टंडन, भाग्यश्री समेत अन्य सेलेब्स ने सोमवार को फैंस को लोहड़ी की लख-लख बधाई दी थी। खुशियों और नई फसल से जुड़े त्योहार लोहड़ी को सोमवार को देशभर में धूमधाम के साथ मनाया गया। शहनाज गिल, रकुल प्रीत सिंह, जैकी भगनानी के साथ ही रवीना टंडन, भाग्यश्री, सुनील शेट्टी समेत अन्य सितारों ने प्रशंसकों को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और उन्हें लख-लख बधाइयां दी थीं। अभिनेत्री रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम पर जश्न की वीडियो और तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था, ह्नलोहड़ी दी लख-लख बधाइयां ह्न शेयर की गई तस्वीरों में रवीना अलाव जलाती और भांगड़े की थाप पर थिरकती नजर आईं। तस्वीरों में अभिनेत्री के साथ भाग्यश्री भी नजर आईं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करते हुए अभिनेत्री भाग्यश्री ने कैप्शन में लिखा, ह्नलोहड़ी दी लख-लख बधाइयां! कितना नाचे, कितनी पानीपुरी खाई, कितनी खुशियां बटोरी। ढोल ताशे, गुड़ बताशे। सरसों दा साग और मक्की दी रोटी, आपका साथ हमेशा मजेदार ह्न ह्यपंजाब की कैटरीना कैफह्न के नाम से मशहूर अभिनेत्री शहनाज गिल ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ह्नलोहड़ी की अलाव आपके जीवन में रोशनी, खुशियां, समृद्धि और गर्मजोशी लेकर आए। आप सभी को लोहड़ी की ढेरों शुभकामनाएं ह्न अभिनेता सुनील शेट्टी ने बधाई देते हुए लिखा, ह्नचलिए एक-दूजे के साथ साल की नई शुरूआत और फसल के नए मौसम का त्योहार मनाएं ह्न इसके साथ ही अभिनेत्री रकुल प्रीत और निमार्ता-अभिनेता जैकी भगनानी ने भी लोहड़ी की ढेरों बधाई दी।

# आग के कारण सिंगर दुआ लीपा ने छोडा अपना घर



प्रात: किरण,/ एजेसी

कैलिफोर्निया,। अमेरिका में लगी आग के कारण ब्रिटिश-अल्बानियन सिंगर दुआ लीपा सहित कई हस्तियों को शहर छोड़ना पड गया। इंस्टाग्राम पर दुआ लीपा ने अपनी चिंता व्यक्त की। इस आग को हैरान करने वाला और डरावना बताया। उन्होंने आग से हुए विनाश का एक वीडियो शेयर करते हुए बताया कि वह सुरक्षित रूप से शहर से बाहर निकल आई हैं और सभी से सुरक्षित रहने की अपील की। अपने पोस्ट में दुआ लीपा ने लिखा, लॉस एंजिलिस में पिछले कुछ दिन बेहद भयावह और परेशान करने वाले रहे। मैं अपने दोस्तों और शहर के उन लोगों के बारे में सोच रही हूं जिन्हें अपने घर छोड़ने पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि वह शरणार्थियों के लिए दान करने के इच्छुक लोगों के लिए लिंक शेयर करेंगी। उन्होंने अपने नोट का समापन करते हुए कहा, मैं सुरक्षित हूं और शहर से बाहर निकल आई हूं। इस मुश्किल समय में सभी को मेरी शुभकामनाएं। सुरक्षित रहिए और एक-दूसरे का ख्याल रखें। 2020 में दुआ लीपा ने बेवर्ली हिल्स में अपना शानदार घर खरीदा था। जैसे-जैसे आग का कहर जारी रहा, दुआ लीपा उन कई हस्तियों में शामिल हो गईं जिन्हें सुरक्षा कारणों से निकासी का आदेश दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस जंगल की आग में 10 लोग मारे गए हैं और हजारों लोग अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर हो गए हैं। पेसिफिक पालीसाडेस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है और मालिबू से लेकर सैंटा मोनिका तक का तटीय क्षेत्र पूरी तरह से नष्ट हो गया है, जिससे यह आग शहर के इतिहास की सबसे विनाशकारी आग बन गई है।

# गणेश आचार्य ने अपनी अगली फिल्म सिर्फ तुम की घोषणा की




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। बॉलीवुड के जानेमाने कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने अपनी अगली फिल्म सिर्फ तुम की घोषणा की है। विधि आचार्य के वी2 एसप्रोडक्शन के बैनर तले बन रही,गणेश आचार्य प्रस्तुत फिल्म सिर्फ तुम को दीपक शिवदासानी ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल 2025 के पहले सप्ताह में सिडनी और ऑस्ट्रेलिया में शुरू होगी। सिर्फ तुम के पोस्टर में एक लड़के और लड़की का एक हृदयस्पर्शी स्केच है, जो एक कलम पकड़े हुए है। हालांकि इस फिल्म कलाकारों के बारे में अभी भी रहस्य बना हुआ है लेकिन इस कहानी को जीवंत करने वाले प्रतिभाशाली अभिनेताओं के बारे में जानने के लिए उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म की अनूठी कहानी और एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में सौंदर्य आचार्य के साथ गणेश आचार्य और दीपक शिवदासानी के बीच कोलैबोरेशन है।

# निखिल द्विवेदी ने अपनी आने वाली फिल्म नागिन की स्क्रिप्ट की झलक शेयर की



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। निमार्ता निखिल द्विवेदी ने मकर संक्रांति के अवसर पर अपनी आने वाली फिल्म नागिन की स्क्रिप्ट की झलक शेयर की है। अभिनेता-निमार्ता निखिल द्विवेदी ने अपनी पिछली फिल्म सीटीआरएल के अनोखे और नई सोच वाले कॉन्सेप्ट ने सभी को हैरान कर दिया था। अब निखिल द्विवेदी अपनी अगली फिल्म नागिन के लिए तैयार हो रहे हैं और उन्होंने पहले ही इसके स्क्रिप्ट की एक तस्वीर शेयर कर के काफी हलचल मचा दी है। इस बता फिल्म को साकेत चौधरी निर्देशित कर रहे हैं। निखिल द्विवेदी ने सोशल मीडिया पर अपनी आने वाली फिल्म नागिन के स्क्रिप्ट की एक झलक शेयर की है। साथ ही कैप्शन में लिखा है,मकर संक्रांति और फाइनली.. निखिल द्विवेदी निर्मित थ्रिलर फिल्म सीटीआरएल में अनन्या पांडे और विहान समत ने अहम भूमिका निभायी थी।

# दिव्या खोसला की नानी का निधन, गहरे सदमे में एक्ट्रेस



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। हाल ही में एक्ट्रेस दिव्या खोसला की नानी रामकुमारी वर्मा का निधन हो गया है। इस घटना से दिव्या और उसके परिवार पर दुखों का पहाड टूट गया है। वह लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थीं और इस गंभीर बीमारी से जूझते हुए इस दुनिया को अलविदा कह गईं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी नानी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक भावुक नोट शेयर किया है। दिव्या ने अपनी नानी के साथ कुछ दिल को छूने वाली तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा, मैं अपने आंसू नहीं रोक सकती क्योंकि मुझे आपकी बहुत याद आने वाली है। आज मेरे लिए एक युग का अंत हो गया। उन्होंने आगे कहा, मेरी प्यारी नानीजी हाल ही में स्वर्ग सिधार गईं। मैं उन्हें सबसे मजबूत महिला के रूप में जानती थी... एक बेहतरीन बिजनेस वुमन, एक कैंसर सर्वाइवर और एक आर्मी ऑफिसर की पत्नी... मेरी नानी एक प्रेरणादायक महिला थीं और उनके पास जो असीम शक्ति थी, वह उन्होंने मेरी मां को दी और मेरी मां ने मुझे दी... डेढ़ साल पहले मेरी मां के निधन के बाद वह मुझसे कहती रहीं रोना नहीं है, जबकि वह खुद खूब रोती थीं... सॉरी नानीजी। दिव्या खोसला की मां का निधन उनकी नानी से पहले ही हो चुका था। इसलिए उनकी मां के जाने के बाद दिव्या को नानी से मां जैसा प्यार मिल रहा था। अब नानी के भी चले जाने के बाद एक्ट्रेस पूरी तरह टूट गई हैं। दिव्या की मां का निधन अगस्त 2024 में हुआ था।

### विक्रांत मैस्सी की तारीफ से अभिभूत हुईं एक्ट्रेस छाया कदम

मुंबई,। बॉलीवुड एक्ट्रेस छाया कदम एक ऐसी एक्ट्रेस हैं जिन्होंने इंडस्ट्री में अपना नाम बनाया है और अपनी एक्टिंग से दर्शकों के मन पर छाप छोड़ी है। उन्होंने अब तक कई हिंदी और मराठी फिल्मों, वेब सीरीज में काम किया है और दर्शकों का मनोरंजन किया है। हाल ही में कान्स फिल्म फेस्टिवल के चलते वह काफी चर्चा में रहीं। कान्स में उनके शानदार प्रदर्शन से उन्हें हर तरफ से सराहना मिली। छाया कदम अब एक्टिंग के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी बराबर सक्रिय नजर आ रही हैं। वे हमारे जीवन में घटित होने वाली चीजों या परियोजनाओं के बारे में जानकारी देती हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर सबका ध्यान खींचा है। छाया कदम ने बॉलीवुड एक्टर विक्रांत मैस्सी से मुलाकात का एक खास वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो को अपने फैन्स के साथ शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, जब विक्रांत, मौजूदा पीढ़ी के एक क्लासी हीरो और मेरे जैसे कई लोगों को ह्य12वीं फेल से वापसी करने की आध्यात्मिक ताकत देते हैं, हमें गले लगाते हैं और हमारे काम की तारीफ करते हैं तो यह ऐसा लगता है जैसे हम एक जैसे हैं।

# ऋतिक ने दिखाया कहो ना प्यार है का 25 साल पुराना नोट, बताया, तब से अब तक, क्या बदला




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । अभिनेता ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर 25 साल पुराने नोट्स को साझा किया, जो ह्यकहो ना प्यार है का है। नोट्स के साथ अभिनेता ने यह भी बताया कि तब से अब तक क्या बदला है। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेता ने अपनी पहली फिल्म कहो ना प्यार है के 25 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इंस्टाग्राम पर नोट्स को साझा करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा,27 साल पहले के मेरे नोट्स। मेरी पहली फिल्म कहो ना प्यार है के लिए बतौर एक्टर तैयारी करते समय मुझे याद है कि मैं कितना नर्वस था। अभी भी फिल्म शुरू करते समय नर्वस होता हूं। अभिनेता ने आगे लिखा,मुझे ये सब साझा करने में संकोच हो रहा है, लेकिन इंडस्ट्री में 25 साल रहने के बाद मुझे लगता है कि मैं इसे अब बेहतर तरीके से कर सकता हूं। अभिनेता ने अपने पोस्ट में यह भी बताया कि तब से अब तक, क्या बदला है? उन्होंने लिखा,मैं इन पन्नों को देखता हूं और सोचता हूं कि तब से अब तक क्या बदला तो मुझे लगता है कि कुछ भी नहीं बदला है। अच्छी बात? बुरी बात? यह बस ऐसा ही है। बस प्रक्रिया बची है। बहुत कुछ है जिसके लिए आभारी होना चाहिए और अभी बहुत कुछ करना बाकी है। ऋतिक ने कहा,कहो ना प्यार है की 25वीं एनिवर्सरी है और मैं सिर्फ यही सोचता हूं कि मेरी रफ कॉपी में ये लिखा हुआ है। इनमें सिर्फ एक चीज जिससे मुझे राहत मिली, वह है लचीलापन। पहले पन्ने पर नीचे एक दिन लिखा है। ऐसा कोई दिन नहीं हुआ, यह कभी नहीं आया या शायद यह आया था लेकिन मैं इसे मिस कर गया क्योंकि मैं तैयारी में था। इससे पहले ऋतिक रोशन ने अपनी अपकमिंग डॉक्यूमेंट्री के अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि उन्हें यह पसंद नहीं कि कोई उन्हें ज्यादा तवज्जो दे। ग्रीक गॉड के नाम से मशहूर अभिनेता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जीवन से जुड़े कुछ अटपटे किस्सों का भी जिक्र किया था।

# द ब्लैक वारंट में चार्ल्स शोभराज की भूमिका चुनौतीपूर्ण : सिद्धांत गुप्ता

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई,। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई लेटेस्ट सीरीज द ब्लैक वारंट में चार्ल्स शोभराज की भूमिका को पर्दे पर शानदार तरीके से निभाते नजर आए अभिनेता सिद्धांत गुप्ता ने साबित कर दिया कि वह बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने बताया कि सीरीज में उनकी भूमिका चुनौतीपूर्ण रही। सिद्धांत ने कहा, चार्ल्स शोभराज का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण था। वह एक जटिल व्यक्ति है, जिसमें आकर्षण के साथ कुछ डराने वाली बातें भी हैं। कह सकते हैं कि वह आकर्षण के साथ भय दोनों देने में सक्षम है। उसके व्यक्तित्व को समझना और उसके पीछे छिपे कुख्यात व्यक्तित्व को उजागर करना बहुत ही कठिन था। उसके किरदार के बारे में जानते-जानते मैं खुद ही रहस्य में उलझ गया था। विक्रमादित्य मोटवानी के निर्देशन में बनी द ब्लैक वारंट नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। सीरीज में सिद्धांत गुप्ता ने चार्ल्स शोभराज की भूमिका निभाई है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। सिद्धांत जुबली और फ्रीडम एट मिडनाइट में शानदार काम कर चुके हैं। सीरीज और सिद्धांत के माध्यम से दर्शक तिहाड़ जेल की सख्त और वास्तविकताओं से भरी दुनिया में जाते हैं। सिद्धांत गुप्ता और सीरीज के निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी ने दूसरी बार साथ काम किया है। सीरीज में सिद्धांत के चार्ल्स शोभराज की भूमिका के बारे में बात करें तो अभिनेता किरदार के रंग में रंगे नजर आए। सहजता के साथ वह कहानी में उतरते हैं और इसके साथ सीरीज में अपना अनूठा आकर्षण जोड़ते हैं। चार्ल्स शोभराज की भूमिका में सिद्धांत का किरदार हलचल पैदा करने वाला है। चार्ल्स का व्यक्तित्व सीरीज में उसे वास्तविक और डरावना दोनों बनाता है। अभिनेता के लुक को भी खास अंदाज में तैयार किया गया। चोटी (पोनीटेल), सूट और दमदार डायलॉग के साथ शोभराज के किरदार में वह पूर्ण रूप से ढलते नजर आए हैं।

# द दिल्ली फाइल्स को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई

प्रात: किरण,/ एजेसी




मुंबई,। आगामी फिल्म द दिल्ली फाइल्स को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। बालीवुड फिल्म निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म की निमार्ता और प्रमुख अभिनेत्री पल्लवी जोशी इस प्रोजेक्ट के साथ एक बार फिर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। सूत्रों के मुताबिक, पल्लवी जोशी द दिल्ली फाइल्स को जीवंत बनाने के लिए फिल्म के कलाकारों के साथ सेट पर 40-70 घंटे तक रिहर्सल करती हैं। वह प्रोडक्शन के हर पहलू में गहराई से शामिल रहती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि फिल्म की शूटिंग बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से चले। उनका यह समर्पण और व्यावहारिक नजरिया इस प्रोजेक्ट को बेहतरीन बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। एक सूत्र ने बताया, पल्लवी जोशी हर पहलू में बारीकी से शामिल होती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि प्रोडक्शन में सब कुछ सुचारू रूप से और कुशलता से चले। उनका फिल्म के प्रति प्रतिबद्धता और मेहनत वाकई अद्भुत है। फिल्म के निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री, जो सोशल मीडिया पर लगातार फिल्म से जुड़े पोस्ट शेयर करते रहते हैं, हाल ही में ह्यद दिल्ली फाइल्स के बिहाइंड दी सीन्स वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया। उन्होंने इस वीडियो के साथ बताया कि फिल्म का हर एक सीन हिंदू नरसंहार की सच्चाई को सामने लाएगा। विवेक ने लिखा,हर फ्रेम, हर कहानी, डिटेल - हिंदू नरसंहार की अनकही सच्चाई को बताने और आपके सामने रखने के लिए दिन-रात काम करने वाली हमारी टीम के जुनून, समर्पण और अथक प्रयास के साथ तैयार किया गया। उन्होंने आगे कहा, द दिल्ली फाइल्स एक फिल्म से कहीं बढ़कर है, यह खामोश लोगों को आवाज देने का मिशन है। फिल्म ह्यद दिल्ली फाइल्स का निर्देशन विवेक रंजन अग्निहोत्री ने किया है, और इसे अभिषेक अग्रवाल और पल्लवी जोशी ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, और यह तेज नारायण अग्रवाल और आई एम बुद्धा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी है। बता दें कि विवेक रंजन अग्निहोत्री और पल्लवी जोशी पहले द कश्मीर फाइल्स और द वैक्सीन वॉर जैसी फिल्मों में अपने कार्य से दर्शकों को प्रभावित कर चुके हैं।

# दीवानियत में नकारात्मक भूमिका के बारे में रेवा कौरसे ने अनुभव साझा किए

मुंबई,। छोटे परदे के शो दीवानियत में नकारात्मक किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रेवा कौरसे ने अपनी भूमिका को लेकर अनुभव साझा किए। अलीशा का किरदार निभाने वाली रेवा ने कहा कि नकारात्मक भूमिकाएं कलाकारों को भावनाओं के साथ प्रयोग करने का मौका देती हैं, जो सकारात्मक किरदारों में अक्सर सीमित होता है। उन्होंने कहा, अलीशा एक जटिल और बहु-स्तरीय किरदार है, जिसका डार्क पक्ष तलाशना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद रहा। दीवानियत की मौजूदा कहानी में अलीशा का देव (मुख्य किरदार) के प्रति जुनून अब हताशा में बदल चुका है। देव और मन्नत के बीच बढ़ते प्रेम को वह स्वीकार नहीं कर पा रही है और उनके रिश्ते में दरार लाने की कोशिश में जुटी है। रेवा ने कहा, देव के प्रति अलीशा का जुनून एक गहरी भावनात्मक उथल-पुथल से उपजा है, और इस यात्रा को निभाते हुए मैंने बहुत कुछ सीखा। रेवा ने दर्शकों की प्रतिक्रिया पर खुशी जताते हुए कहा, मैं दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए आभारी हूं और उम्मीद करती हूं कि कहानी के आगे बढ़ने के साथ-साथ वे शो को समर्थन देते रहेंगे। दीवानियत की कहानी मुख्यतः देव (विजयेंद्र कुमेरिया) और मन्नत (कृतिका सिंह यादव) के प्रेम के इर्द-गिर्द घूमती है। उनके परिवारों के बीच तनाव और संघर्ष कहानी को दिलचस्प बनाता है। शो का प्रीमियर 11 नवंबर 2024 को स्टार प्लस पर हुआ था और यह डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। यह धारावाहिक तमिल सीरीज ईरामना रोजवे का हिंदी रीमेक है।

# धूम-4 में हुई रणबीर कपूर की एंट्री




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। धूम सीरीज बॉलीवुड में सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी है। अब तक फिल्म के तीन भाग आ चुके हैं। अब सभी को फिल्म के चौथे पार्ट का इंतजार है। धूम में जॉन अब्राहम, रितिक रोशन और आमिर खान ने काम किया है। अब धूम 4 में रणबीर कपूर सामने आ गए हैं। धूम के हर पार्ट में विलेन का किरदार अलग-अलग एक्टर ने निभाया है तो अब धूम 4 में भी एक अलग एक्टर नजर आएगा। पहले शाहरुख खान के नाम की चर्चा थी। अब अभिनेता रणबीर कपूर की चर्चा है कि धूम 4 में एक दमदार एंट्री होगी। फिल्म की शूटिंग को लेकर कुछ अपडेट भी सामने आए हैं। धूम 4 की शूटिंग अगले साल अप्रैल में शुरू होगी। फिल्म की कहानी पर काम शुरू हो चुका है साथ ही रणबीर के साथ 2 एक्ट्रेस भी नजर आ सकती हैं जो लीड रोल में होंगी। आदित्य चोपड़ा की धूम का चौथा भाग बेहद खास होने वाला है। फिल्म की समग्र कास्टिंग जल्द ही शुरू हो रही है। एनिमल के बाद रणबीर की किस्मत बदल गई है। उनके पास एनिमल,लव एंड वॉर और रामायण के दो और सीक्वल प्रमुख परियोजनाओं के लिए कतार में हैं। इसके अलावा, अब जब वह धूम फ्रेंचाइजी में एंट्री कर रहे हैं, तो प्रशंसक बेहद उत्सुक हैं।

# 24 जनवरी से डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा स्वींट ड्रीम्स




मुंबई,। विक्टरर मुखर्जी निर्देशित फिल्म स्वीसट ड्रीम्सज,24 जनवरी से डिज.नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। जियो स्टू डियोज और मैंगो पीपुल मीडिया के साथ मिलकर डिज्नी+ हॉटस्टालर दर्शकों को एक अनूठे सफर पर ले जाने के लिये तैयार है। इस सफर का नाम स्वी ट ड्रीम्सन है और यह 24 जनवरी से स्ट्री म होगा। विक्टडर मुखर्जी निर्देशित इस फिल्मेंं दो अजनबियों की एक असाधारण कहानी है, जो उन्हेंत सपनों की दुनिया से जोड़ती है। मिथिला पालकर, अमोल पराशर, मीयांग चैंग और सौरासेनी मैत्रा जैसे सितारों से सजी स्वीजट ड्रीम्सप का निर्माण ज्योेति देशपांडे, नेहा आनंद और प्रांजल खांधदिया ने किया है। इस फिल्मव का साउंडट्रैक मुकुंद सूर्यवंशी, शुभम शिरुले, देव अरिजीत और आकाशदीप सेनगुप्ताख की प्रतिभाशाली टीम ने तैयार किया है।

### आई वांट टू टॉक प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम

मुंबई,। बालीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन की फिल्म आई वांट टू टॉक अब ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रही है। फिल्म के थिएटर में रिलीज होने के बाद इसके राइट्स अमेजॉन ने खरीद लिए थे। फिल्म को 349 रुपये में रेंट पर देखा जा सकता है। एक महीने बाद, यह सभी प्राइम सब्सक्राइबर्स के लिए फ्री में उपलब्ध होगी। आई वांट टू टॉक की कहानी अर्जुन सेन (अभिषेक बच्चन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक मार्केटिंग स्पेशलिस्ट है और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा है। फिल्म में अर्जुन और उसकी टीनएज बेटी रेया के रिश्ते को खूबसूरती से दशार्या गया है। फिल्म में अभिषेक बच्चन ने अर्जुन सेन का किरदार निभाया है, जबकि अहिल्या बामरू ने रेया का रोल किया है। इसके अलावा जॉनी लीवर, जयंत कृपलानी, डॉ. सैविष्णु डूसेट्टी, डॉ. तमन्ना मोहता और नथाली जेपेक जैसे कलाकारों ने सपोर्टिंग रोल निभाए हैं। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.1/10 है।

# प्रभास ने द राजा साब के पोस्टर के साथ संक्रांति और पोंगल की शुभकामनाएं दी

प्रात: किरण,/ एजेसी




मुंबई,। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास ने अपनी आने वाली फिल्म.द राजा साब के पोस्टर के साथ अपने फैंस को संक्रांति और पोंगल की शुभकामनाएं दी है। फिल्म द राजा साब के निमार्ताओं ने दर्शकों को संक्रांति और पोंगल की शुभकामनाएं देने के लिए एक नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में प्रभास को बेहद कूल और विंटेज फेस्टिव अवतार में दिखाया गया है, जो एक आनंदमय, उत्सवी माहौल को दशार्ता है, जो फिल्म की अनूठी हॉरर-कॉमेडी दुनिया की एक झलक पेश करता है। उनके आकर्षक लुक और आकर्षक, विंटेज स्टाइल ने पहले ही उत्सुकता बढ़ा दी है, जिससे प्रशंसक फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि नई रिलीज की तारीख का खुलासा होना अभी बाकी है, लेकिन निमार्ताओं ने आश्वासन दिया है कि इसकी घोषणा बहुत जल्द की जाएगी। मारुति निर्देशित फिल्म द राजा साब खौफनाक रोमांच और हंसी का एक रोमांचक मिश्रण पेश करने के लिए तैयार है। इस फिल्म में प्रभास एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका में हैं जो अपनी पैतृक संपत्ति की ओर आकर्षित होता है, लेकिन उसे पता चलता है कि उसकी परछाई में एक प्रतिशोधी आत्मा छिपी हुई है। तेलुगु सिनेमा में हॉरर-कॉमेडी शैली के अग्रणी, मारुति निर्देशित राजा साब, पीपल मीडिया फैक्ट्री बैनर के तहत विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित है। थमन एस के संगीत के साथ, यह फिल्म पाँच भाषा तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रवीण सोमेश्वर यूएसएल के सीईओ नियुक्त

नई दिल्ली, । ब्रिटिश बहुराष्ट्रीय मादक पेय कंपनी डियाजियो की इकाई यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (यूएसएल) ने शीर्ष स्तर पर फेरबदल करते हुए प्रवीण सोमेश्वर को अपना नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की है। वहीं निवर्तमान सीईओ हिना नागराजन अब डियाजियो समूह में नई भूमिका निभांएगी। यूएसएल के बयान के अनुसार, सोमेश्वर को सीईओ नियुक्त किया गया है और वह 31 मार्च 2025 तक नागराजन के साथ मिलकर काम करेंगे। इसमें कहा गया, ह्लह्यएक अप्रैल 2025 से प्रवीण सोमेश्वर लागू कानून के तहत और आवश्यक अनुमोदन प्राप्त होने पर कंपनी के नए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे।ह्लह्ल इस बीच, लगभग चार वर्षों तक यूएसएल का नेतृत्व करने वाली नागराजन डियाजियो समूह में एक नई भूमिका संभालेंगी। उन्होंने कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के पद से अपना इस्तीफा दे दिया है जो 31 मार्च 2025 से प्रभावी होगा।

### थोक मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 2.37 प्रतिशत

नई दिल्ली, । विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में तेजी के कारण थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में बढ़कर 2.37 प्रतिशत हो गई। हालांकि, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी आई है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति नवंबर 2024 में 1.89 प्रतिशत थी। दिसंबर 2023 में यह 0.86 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में घटकर 8.47 प्रतिशत रह गई, जबकि नवंबर में यह 8.63 प्रतिशत थी। सब्जियों की मुद्रास्फीति नवंबर में 28.57 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर में 28.65 प्रतिशत रही। आलू की मुद्रास्फीति 93.20 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी रही और प्याज की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 16.81 प्रतिशत हो गई। खाद्य पदार्थों में अनाज, दालें, गेहूं की मुद्रास्फीति दिसंबर में कम हुई। ईंधन और बिजली की बात करें तो दिसंबर में मुद्रास्फीति घटकर 3.79 प्रतिशत हो गई जो नवंबर में 5.83 प्रतिशत थी। विनिर्मित वस्तुओं में मुद्रास्फीति 2.14 प्रतिशत रही, जबकि नवंबर में यह दो प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य कीमतों में कमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में चार महीने के निचले स्तर 5.22 प्रतिशत पर आ गई।

### हल्दी का उत्पादन पांच साल में दोगुना कर 20 लाख टन करने का लक्ष्यः गोयल

नई दिल्ली, । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करने तथा अगले पांच साल में उत्पादन दोगुना कर करीब 20 लाख टन करने में मदद करेगा। बोर्ड का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि यह नए उत्पादों और मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए देश के पारंपरिक ज्ञान पर अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देगा। मंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा,हल्दी को सुनहरा मसाला भी कहा जाता है। वैश्विक हल्दी उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत हैह्व हम पांच साल में उत्पादन दोगुना कर 20 लाख टन करने की योजना बना रहे हैं। सरकार ने अक्टूबर में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी की। यह देश में हल्दी तथा हल्दी उत्पादों के विकास व वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करेगा। पल्ले गंगा रेड्डी को बोर्ड का पहला चेयरपर्सन नामित किया गया है। इसका मुख्यालय निजामाबाद (तेलंगाना) में स्थापित किया गया है। भारत, दुनिया में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई, जिससे 11.61 लाख टन उत्पादन हुआ। भारत में हल्दी की 30 से अधिक किस्में देश के 20 से अधिक राज्यों में उगाई जाती है।

## शेयर बाजार की बढ़त के साथ शुरूआत

प्रात: किरण/एजेंसी

**● सेंसेक्स 300 से ज्यादा अंक चढ़ा; निफ्टी 23,200 के पार**

नई दिल्ली, । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई। हालांकि बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण शेयर बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती कारोबार में आईटी सेक्टर में बिकवाली का जबरदस्त दबाव बना हुआ है। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर 2.93 प्रतिशत से लेकर 2.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एचसीएल टेक्नोलॉजी, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टीसीएस के शेयर 9.20 प्रतिशत से लेकर 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,316 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,559 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 757 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 8 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 22 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल



निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 5.74 अंक की मामूली बढ़त के साथ 76,335.75 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में ये सूचकांक उछाल कर 76,779.49 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक के चाल में गिरावट आने लगी। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे सेंसेक्स 265.37 अंक की बढ़त के साथ 76,595.38 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 79.95 अंक उछल कर 23,165.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने से ये सूचकांक उछल कर 23,227.20 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से पहले आधे घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक गिर कर 23,150.05 अंक तक आ गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे निफ्टी 80.75 अंक की मजबूती के साथ 23,166.70 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 1,048.90 अंक यानी 1.36 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,330.01 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 345.55 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,085.95 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, 14 जनवरी (वेब वार्ता)। ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार चढ़ाव होता रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,836.22 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत नैस्डेक ने 0.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,087.82 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक गिरावट के साथ 42,289.18 के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.30 प्रतिशत टूट कर 8,224.19 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने भी 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,408.64 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 20,132.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स आज जोरदार गिरावट का शिकार हो गया है। फिलहाल ये सूचकांक 857.09 अंक यानी 2.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 38,333.31 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.06 प्रतिशत फिसल कर 3,789.32 अंक के स्तर पर और सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक गिरावट के साथ 1,354.11 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,229.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.20 प्रतिशत उछल कर 2,494.43 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में आज जोरदार तेजी नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 1.72 प्रतिशत की छलांग लगा कर 3,216 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 272.31 अंक यानी 1.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,146.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स 207.33 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,695.66 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 7,017.53 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## आरबीआई अगली समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती करे;कटौती में देरी से वृद्धि पर होगा असर




प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई, । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को फरवरी में अगली नीति समीक्षा में प्रमुख दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ इसमें कटौती चक्र शुरू करना चाहिए। डॉयचे बैंक (डीबी) के विश्लेषकों ने मंगलवार को कहा कि ब्याज दरों में कटौती में देरी से वृद्धि पर और अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यदि कार्रवाई में देरी की गई तो आरबीआई के भी पिछड़ जाने का खतरा है। उन्होंने कहा,हमें उम्मीद है कि आरबीआई फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा, जिससे पहली छमाही में रेपो दर छह प्रतिशत पर आ जाएगी। विश्लेषकों ने कहा कि भारत में मौद्रिक संचरण कम से कम तीन तिमाहियों के अंतराल के साथ काम करता है। इसलिए आरबीआई द्वारा फरवरी से दरों में कटौती शुरू करने के लिए यह सही समय लगता है। उन्होंने ब्याज दरों में कटौती में देरी न करने का आग्रह करते हुए कहा,हमारा मानना है कि जितनी जल्दी ब्याज दरों में कटौती की जाएगी, वृद्धि पर उतना ही कम असर पड़ेगा। गौरतलब है कि आरबीआई ने पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास के नेतृत्व में पिछली 11 नीतिगत समीक्षाओं के दौरान ब्याज दरों को स्थिर रखा है। हालांकि वृद्धि दर कई तिमाहियों के निचले स्तर पर पहुंच गई है और अब सभी की निगाहें फरवरी में उनके उत्तराधिकारी संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में होने वाली पहली ब्याज दर समीक्षा पर टिकी हैं। डॉयचे बैंकह्वकंपनियों, सरकारों, संस्थागत निवेशकों, छोटे तथा मझोले आकार के व्यवसायों और निजी व्यक्तियों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है।

## ब्राइटनाइट ने महाराष्ट्र में 115 मेगावाट हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा परियोजना का पहला चरण किया शुरू

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । अक्षय ऊर्जा उत्पादक कंपनी ब्राइटनाइट ने महाराष्ट्र में अपनी 115 मेगावाट की हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा परियोजना का पहला चरण चालू करने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी बयान के अनुसार, ब्राइटनाइट ने भारतीय विद्युत ग्रिड में अपनी पहली ऊर्जा आपूर्ति पूरी कर ली है। इससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा को कार्बन मुक्त बनाने के उसके लक्ष्य को बढ़ावा मिला है। इसमें कहा गया, ब्राइटनाइट भारत में अपनी पहली 115 मेगावाट हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा परियोजना ह्यऑप्टिमा महाराष्ट्रह्ल के पहले चरण के चालू होने की घोषणा करता है। यह परियोजना महाराष्ट्र मंन पहली ह्यको-लोकेटेडह्ल पवन-सौर परियोजनाओं में से एक है। ब्राइटनाइट इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नवीन खंडेलवाल ने कहा, ह्यह्ययह परियोजना ब्राइटनाइट इंडिया की कई परियोजनाओं में से पहली है और भविष्य के विकास के लिए एक खाका तैयार करती है जो कार्बन मुक्त पहल को तेजी से बढ़ावा देगी। ह्लह्ल ब्राइटनाइट पहली वैश्विक अक्षय एकीकृत बिजली कंपनी है जिसे स्वच्छ, प्रेषण योग्य अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 16 प्रतिशत बढ़कर 16.90 लाख करोड़ रुपये हुआ

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष के 1 अप्रैल 2024 से 12 जनवरी 2025 के बीच 16.90 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 15.88 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। यह जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट द्वारा संकलित किए गए ताजा आंकड़ों से मिली। समीक्षा अवधि के दौरान सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.94 प्रतिशत बढ़कर 20.64 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 17.21 लाख करोड़ रुपये था। इस अवधि के दौरान व्यक्तिगत आयकर संग्रह पिछले वित्त वर्ष के 7.2 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 21.6 प्रतिशत बढ़कर 8.74 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि कॉर्पोरेट कर संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 7.10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.12 प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये हो गया। सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) संग्रह, जो प्रत्यक्ष कर का एक घटक है, इस अवधि के दौरान 75 प्रतिशत बढ़कर 44,500 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 25,415 करोड़ रुपये था। आंकड़ों में बताया गया कि समीक्षा अवधि में 3.74 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है, जो कि पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 42.5 प्रतिशत ज्यादा है। कर संग्रह में उछाल एक मजबूत व्यापक आर्थिक वित्तीय स्थिति को दशार्ता है।यह राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने में भी मदद करता है। कम राजकोषीय घाटे का मतलब है कि सरकार को कम उधार लेना पड़ता है, जिससे बड़ी कंपनियों के लिए बैंकिंग प्रणाली में उधार लेने और निवेश करने के लिए अधिक पैसा बचता है। इससे आर्थिक विकास दर में वृद्धि होती है और अधिक नौकरियों का सृजन होता है। इसके अलावा, कम राजकोषीय घाटा मुद्रास्फीति दर को नियंत्रित रखता है, जो अर्थव्यवस्था के आधार को मजबूत करता है और स्थिरता के साथ विकास सुनिश्चित करता है। सरकार का लक्ष्य अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राजकोषीय समेकन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में 2023-24 में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.6 प्रतिशत से चालू वित्त वर्ष में 4.9 प्रतिशत तक लाना है।

## अवाक्स अपैरल्स की स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री, पहले ही दिन आईपीओ निवेशकों के पैसे डबल हुए




नई दिल्ली, 14 जनवरी (वेब वार्ता)। अवाक्स अपैरल्स एंड ऑनामेंट्स के शेयरों ने आज अपने आईपीओ निवेशकों को जोरदार मुनाफा कराया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 70 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 133 रुपये के भाव पर लिस्टिंग हुई। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर 139.65 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह पहले दिन ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया है। अवाक्स अपैरल्स एंड ऑनामेंट्स का 1.92 करोड़ रुपये का आईपीओ 7 से 9 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 260.42 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 140.46 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 372.35 गुना सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और दूसरे सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी।2005 में शुरू हुई ये कंपनी बुने हुए कपड़े का थोक कारोबार करती है। इसके साथ ही कंपनी चांदी के आभूषणों की ऑनलाइन रिटेल सेलिंग करती है। इन आभूषणों में महिलाओं के लिए पायल, पुरुषों के कड़े, अंगूठी, प्लेट सेट, ग्लास, चूड़ी, कटोरे, चेन तथा अन्य गहने शामिल हैं।

## सराफा बाजार में तेजी, सोना 80 हजार पार

### चांदी के भाव में भी 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी



प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । मकर संक्रांति के दिन घरेलू सराफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। आज सोना 80 हजार के स्तर को पार करके कारोबार कर रहा है। सोने आज 410 से 430 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 80,220 रुपये से लेकर 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,550 रुपये से लेकर 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 94,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 80,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में उछाल आया है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## स्मार्टफोन बाजार में बढ़ रहा भारत का दबदबा, निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने का अनुमान

नई दिल्ली, । भारत के स्मार्टफोन बाजार की ही चालू वित्त वर्ष में निर्यात 20 अरब डॉलर का निर्यात बढ़ना है। वित्त वर्ष 2024 में एप्पल का हिस्सा करीब 10 अरब डॉलर 20 अरब डॉलर को पार कर सकता है। जोर के कारण भारत से निर्यात करने वाली बाजार भी तेजी से विकसित हो रहा है, करने, तकनीकी क्षमताओं का प्रदर्शन करने ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सरकार द्वारा घरेलू (पीएलआई) स्कीम से मिल रहे फायदों निर्यात कैलेंडर ईयर 2024 में 1 लाख पिछले चार वर्षों में, एप्पल इकोसिस्टम ने प्रतिशत से अधिक पद महिलाओं द्वारा भरे यूनिट था, जो 2023-24 में बढ़कर 33 निर्यात पांच करोड़ यूनिट तक पहुंच गया निवेश को बढ़ावा देने में पीएलआई योजना 1.2 करोड़ नौकरियां पैदा होने का अनुमान



वैल्यू इस साल 50 अरब डॉलर को पार करने का अनुमान है। साथ को छू सकता है। इसकी वजह ह्यमेड इन इंडियाह्ल एप्पल आईफोन देश का स्मार्टफोन निर्यात 15 अरब डॉलर से अधिक था (जिसमें था)। इंडस्ट्री के अनुमानों के अनुसार, इस वित्त वर्ष में यह आंकड़ा प्रीमियमाइजेशन के बढ़ चल रहे चलन और स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग पर कंपनियों में एप्पल और सैमसंग सबसे आगे हैं। भारतीय स्मार्टफोन जिसमें मूल उपकरण निमार्ता (ओईएम) ब्रांड इक्विटी को मजबूत और मुनाफे में सुधार करने के लिए प्रीमियम लॉन्च पर अधिक मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ने के लिए लाई गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव के कारण दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एप्पल का भारत से आईफोन करोड़ रुपये के आंकड़े को छू गया है। सरकार डेटा के मुताबिक, 1,75,000 नई प्रत्यक्ष नौकरियां भी पैदा की हैं, जिनमें से 72 गए हैं। 2014-15 में घरेलू मोबाइल फोन का उत्पादन 5.8 करोड़ करोड़ यूनिट हो गया, जबकि आयात में बड़ी गिरावट आई। वहीं, और एफडीआई में 254 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो मैन्युफैक्चरिंग और की भूमिका को दशार्ता है। देश में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में 2027 तक है। इसमें से 30 लाख प्रत्यक्ष और 90 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां होंगी। टीमलीज डिग्री अप्रेंटिसशिप की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों में लगभग 10 लाख इंजीनियरों, 20 लाख आईटीआई-प्रमाणित पेशेवरों और एआई, एमएल एवं डेटा साइंस जैसे क्षेत्रों के 2 लाख पद शामिल हैं। इसके अलावा नॉन-टेक्निकल्स क्षेत्रों में 90 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री ने 2030 तक 500 अरब डॉलर की मैन्युफैक्चरिंग हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए इंडस्ट्री को अगले पांच वर्षों में अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता में पांच गुना वृद्धि करनी होगी। वर्तमान में घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 101 बिलियन डॉलर है, जिसमें मोबाइल फोन का योगदान 43 प्रतिशत है, इसके बाद उपभोक्ता और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स का योगदान 12 प्रतिशत है और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार,15 जनवरी,2025



# अविस्मरणीय समारोह के साथ ऐतिहासिक खो खो विश्व कप का नई दिल्ली में हुआ उद्घाटन

प्रात: किरण,/ एजेसी

नई दिल्ली,। खो खो विश्व कप का उद्घाटन संस्करण सोमवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में एक जीवंत उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ। जोश और उत्साह के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मशाल जलाकर पहले विश्वकप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, आईओए अध्यक्ष पीटी उषा, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला और अंतरराष्ट्रीय खो खो महासंघ (क्ङङ्ञ्) और भारतीय खो खो महासंघ (ङङ्ञ्क्) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने 23 देशों के खिलाड़ियों का स्वागत किया। खो-खो विश्व कप का पहला संस्करण आज, 13 जनवरी से 19 जनवरी तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित हो रहा है। शो की शुरूआत धरती माता को समर्पित सैंड आर्ट प्रोजेक्शन से हुई, जिसके बाद भारतीय ध्वज की औपचारिक परेड ने उपस्थित दर्शकों को गर्व से भर दिया। भारतीय खो खो महासंघ ने क्यूब उठाकर पुरुष और महिला दोनों टूनार्मेंट के लिए विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण किया और इसी के साथ पूरे स्टेडियम में जोरदार जयकारे गूंज उठे। भारत का जश्न मनाते हुए और देश की जीवंत और रंगीन संस्कृति को उजागर करते हुए एक शानदार नृत्य प्रदर्शन के बाद, भाग लेने वाले देशों के खिलाड़ियों ने स्टेडियम के चारों ओर परेड की और भीड़ की ओर हाथ हिलाकर उसका अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद गणमान्य व्यक्तियों ने आधिकारिक तौर




पर टूनार्मेंट का उद्घाटन करने के लिए मंच संभाला। इस अवसर पर केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, मैं यहां मौजूद सभी गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद देता हूं और अपना समर्थन प्रदर्शित करता हूं। खो खो को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाना हमारा सपना था। और आज इस टूनार्मेंट के साथ हमारे सपने सच हो रहे हैं। सभी आने वाले देशों को इस खेल का आनंद लेते और इतने उत्साह और जोश के साथ खेलते देखना खेल के लिए एक आशाजनक भविष्य सुनिश्चित करता है। हम सभी टीमों को टूनार्मेंट के लिए शुभकामनाएं देते हैं। वहीं, आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा, खो-खो सिर्फ एक खेल नहीं है, यह भारत की समृद्ध विरासत का एक जीवंत प्रमाण है। आइए हम सभी निष्पक्ष खेल की भावना को बनाए रखें और प्रतिस्पर्धा के सार को बनाए रखें। खो-खो विश्व कप हमारे स्वदेशी खेल के प्रति हमारे जुनून को नवीनीकृत करती हूं। मैं सभी गणमान्य व्यक्तियों और सभी प्रशंसकों और उनकी उपस्थिति और इस अद्भुत प्रयास के लिए उनके समर्थन का धन्यवाद करती हूं। आइए हम इस टूनार्मेंट को उत्साह के साथ मनाएं और इस विश्व कप को आने वाले कई वर्षों तक याद रखें। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा, मुझे इस इस बात का गर्व है की भारत इस अद्भुत टूनार्मेंट की मेजबानी कर रहा है। भारत से शुरू हुआ खो-खो अब 50 देशों में खेला जा रहा है। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने खेल को बढ़ावा देने के लिए अद्भुत काम किया है। मुझे उम्मीद है कि जल्द ही एशियाई खेलों और ओलंपिक में खो-खो खेला जाएगा। मैं 23 देशों के सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं और इसमें शामिल सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे के साथ मिलकर विश्व कप का आधिकारिक उद्घाटन किया तथा भारत और नेपाल के बीच टूनार्मेंट के पहले मैच की शुरूआत करते हुए एक प्रेरक भाषण दिया। धनखड़ ने कहा, यह टूनार्मेंट की शानदार शुरूआत रही है। ऐसा लग रहा है कि पूरी दुनिया खो-खो का जश्न मना रही है। आज का यह महत्वपूर्ण अवसर हमारे खेलों के स्वर्णिम इतिहास में दर्ज हो जाएगा। सुधांशु मित्तल ने इस शानदार इवेंट से मेरी आंखें खोल दी हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में हमारे अपने स्वदेशी खेल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचेंगे। खो-खो से मेरा पुराना नाता है। खेल एक कला है, इसमें चपलता, गति और चतुराई की आवश्यकता होती है। मैं टूनार्मेंट में भाग लेने वाले सभी देशों को शुभकामनाएं देता हूं।

# रोहित शर्मा वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 23 जनवरी से शुरू होने वाले 2024-25 रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले प्रशिक्षण सत्रों के लिए मुंबई की टीम में शामिल हो गए हैं। टीम ने मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में दो घंटे का सेंटर-विकेट अभ्यास सत्र आयोजित किया और जम्मू-कश्मीर के खिलाफ अपने छठे दौर के घरेलू मैच की तैयारी के लिए पूरे सप्ताह प्रशिक्षण जारी रखने के लिए तैयार है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में भारत की 1-3 की हार में बल्ले से संघर्ष किया था। भारत न केवल एक दशक में पहली बार ट्रॉफी बरकरार रखने में विफल रहा, बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में लगातार तीसरी बार स्थान बनाना भी गंवा दिया। रोहित, जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण श्रृंखला का पहला टेस्ट चूक गए थे, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पांचवें टेस्ट में आराम करने का विकल्प चुनने से पहले पांच पारियों में 10 रन से अधिक स्कोर करने में विफल रहे। उन्होंने सीरीज में केवल 31 रन बनाए और अपने खराब प्रदर्शन के कारण सार्वजनिक जांच के दायरे में आए। मुंबई के आगामी रणजी मैच में रोहित की भागीदारी अनिश्चित बनी हुई है। हालांकि, मुख्य कोच ओमकार साल्वी के परामर्श से टीम के साथ प्रशिक्षण लेने का उनका निर्णय, कम से कम दो शेष मैचों में से एक के लिए संभावित उपलब्धता का संकेत देता है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) द्वारा इस सप्ताह के अंत में टीम की घोषणा किए जाने की उम्मीद है। एससीजी टेस्ट के बाद, भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट खिलाड़ियों के घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में भाग लेने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने रोहित और विराट कोहली के टेस्ट भविष्य पर अटकलें लगाने से भी परहेज किया, क्योंकि हाल के दिनों में विराट कोहली भी अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जब उनसे लाल गेंद वाले क्रिकेट में टीम के लिए दीर्घकालिक रोडमैप के बारे में पूछा गया और क्या युवाओं में निवेश करने का समय आ गया है, तो गंभीर ने कहा,देखिए, इस बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी। सीरीज अभी खत्म हुई है। मुझे लगता है कि हमें अभी पांच महीने और योजना बनाने हैं कि हम किस दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं। लेकिन अभी इस बारे में बात करने का सही समय नहीं है। पांच महीने बाद हम कहां होंगे? खेल में बहुत सी चीजें बदलती हैं। फॉर्म बदलते हैं। लोग बदलते हैं। रवैया बदलता है। खेल में सब कुछ बदल जाता है। और हम सभी जानते हैं कि पांच महीने का समय बहुत लंबा होता है। इसलिए, आइए (इंग्लैंड) सीरीज से पहले देखें कि क्या होने वाला है। लेकिन जो भी होगा, वह भारतीय क्रिकेट के सर्वोत्तम हित में होगा। रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई नॉकआउट में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है। वे वर्तमान में ग्रुप ए में पांच मैचों में तीन जीत के साथ तीसरे स्थान पर हैं, दूसरे स्थान पर मौजूद जम्मू और कश्मीर से सिर्फ एक अंक पीछे हैं।

# 10000 रन की उपलब्धि अलग ही बात है और भारत के खिलाफ मेरे दिमाग में यह घूमता रहा : स्मिथ

प्रात: किरण,/ एजेसी




मेलबर्न,। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया कि भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के एससीजी टेस्ट के दौरान 10,000 रन बनाने का दबाव उन पर काफी भारी पड़ा। स्मिथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बन जाते। हालांकि, वे इस उपलब्धि तक पहुंचने से एक रन से चूक गए क्योंकि उन्होंने दो पारियों में 33 और 4 रन बनाए। स्मिथ ने स्वीकार किया कि हालांकि वे आम तौर पर सांख्यिकीय उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित करने से बचते हैं, लेकिन 10,000 रनों के महत्व ने इसे एक अलग चुनौती बना दिया और मैच से पहले उनकी नींद भी प्रभावित हुई। मैं आंकड़ों और अन्य चीजों के बारे में बहुत ज्यादा नहीं पढ़ता, लेकिन, 10,000 एक अलग ही चीज है। ईमानदारी से कहूं तो शायद यह मेरे दिमाग में था। आम तौर पर मैं ऐसी किसी भी चीज पर विश्वास नहीं करता, लेकिन खेल से पहले, मैं मीडिया में बहुत कुछ कर रहा था क्योंकि मैं उस निशान के करीब पहुंच रहा था। मुझे पता था कि मुझे 38 की जरूरत है, और मैं वास्तव में रात को सोने की कोशिश करते हुए केवल जोश हेजलवुड की शर्ट के पीछे की ओर देख सकता था क्योंकि वह 38 नंबर का है (हंसते हुए)। यह अजीब है, है न? ईमानदारी से कहूं तो यह शायद मेरे दिमाग में किसी भी अन्य खेल से ज्यादा चल रहा था। लेकिन, यह जो है, सौभाग्य से, हम अंत में उस खेल को जीतने में सक्षम थे, इसलिए यह वास्तव में मायने नहीं रखता था,उन्होंने कहा।

अब स्मिथ का श्रीलंका के खिलाफ गॉल में 29 जनवरी से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में इस मुकाम तक पहुंचना लगभग तय है।

यह काफी खास है।

मैं गॉल में पहले दिन ही इसे हासिल करना चाहता था। सिडनी में अपने सभी दोस्तों और परिवार के सामने ऐसा कर पाना बहुत अच्छा होता, क्योंकि मुझे लगता है कि आप वहां एक बेहतरीन समूह में शामिल हो रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

उन्होंने कहा।,

एक बच्चे के रूप में, मैंने कभी ऐसा सपना नहीं देखा था।

मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रिकेट खेलने और ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते हुए अपना करियर बनाने का सपना देखा था, लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने में सक्षम होना, एक तरह से सपना सच होने जैसा है।

# टी-20 क्रिकेट में वापसी को तैयार जेम्स एंडरसन

प्रात: किरण,/ एजेसी




लंदन,। इंग्लिश तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अपना पेशेवर खेल कैरियर फिर से शुरू करेंगे। लंकाशायर के साथ एक साल के अनुबंध विस्तार पर सहमति जताने के बाद एक दशक से अधिक समय में वह अपना पहला टी-20 मैच खेलने के लिए तैयार हैं। जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने विदाई टेस्ट मैच के बाद से एंडरसन ने कोई मैच नहीं खेला है, उसके बाद वह इंग्लैंड के बैकरूम स्टाफ में सलाहकार के तौर पर शामिल हो गए। खेलना जारी रखने की अपनी इच्छा जाहिर करने के बाद, उन्होंने दिसंबर में आईपीएल नीलामी में हिस्सा लिया। हालांकि उन्हें कोई खरीददार नहीं मिल सका और अब उन्होंने ईसीबी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की समाप्ति के बाद काउंटी चैंपियनशिप और टी20 ब्लास्ट में खेलने के लिए लंकाशायर के साथ एक डील साइन की है। एंडरसन ने एक बयान में कहा, मैं लंकाशायर के साथ इस अनुबंध पर हस्ताक्षर करने और अगले सत्र में फिर से पेशेवर क्रिकेट खेलना शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस क्लब ने मेरे जीवन में तब से बहुत बड़ी भूमिका निभाई है जब मैं किशोर था, इसलिए रेड रोज पहनने और लाल और सफेद गेंद दोनों क्रिकेट में टीम की मदद करने का अवसर मिलना एक ऐसा अवसर है जिसका मैं वास्तव में बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं अपनी फिटनेस के स्तर को ऊंचा रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं और सर्दियों के दौरान इंग्लैंड के साथ कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान नियमित रूप से गेंदबाजी करना जारी रखा है, जिसका उद्देश्य अप्रैल में काउंटी सत्र शुरू होने पर मैदान पर उतरने में सक्षम होना है। मुझे एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलना बहुत पसंद है और इस गर्मी में फिर से हमारे सदस्यों और समर्थकों के सामने गेंदबाजी करने का मौका मिलना वास्तव में विशेष होने वाला है। फिलहाल भारत के सीमित ओवरों के दौरे से पहले इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों के साथ अबू धाबी में हैं और उन्होंने टेलेंडर्स पॉडकास्ट पर खुलासा किया कि वह अगले महीने पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनके कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होंगे।

# गत पुरुष युगल चैंपियन बोपन्ना पहले ही दौर में बाहर

प्रात: किरण,/ एजेसी

मेलबर्न,। पूर्व विश्व नंबर 1 रोहन बोपन्ना और उनके नए कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल के पहले दौर में बाहर हो गए। इंडो-कोलंबियाई खिलाड़ी को एक घंटे और 54 मिनट तक चले मुकाबले में स्पेनिश जोड़ी पेड्रो मार्टिनेज और जैम मुनार से 5-7, 6-7 (5) से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना ने 2024 में ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ सीजन का पहला ग्रैंड स्लैम जीता, एक ऐतिहासिक जीत हासिल की क्योंकि वह 43 साल की उम्र में ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले ओपन युग में सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन गए। हालांकि, बोपन्ना-एबडेन की साझेदारी पिछले साल नवंबर में ट्यूरिन एटीपी फाइनल के बाद समाप्त हो गई, और भारतीय दिग्गज ने इस साल कोलंबिया के बैरिएंटोस के साथ जोड़ी बनाई। बोपन्ना और एबडेन की दो साल की सफल साझेदारी रही, जिसके दौरान उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता, साथ ही 2023 में इंडियन वेल्स में एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब और 2024 में मियामी ओपन जीता। इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी 2024 में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंची और युगल में नंबर 1 रैंकिंग पर पहुंच गई। इससे पहले, मेलबर्न में एकमात्र भारतीय एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल भी रविवार को मेलबर्न पार्क में पुरुष एकल स्पर्धा के पहले दौर में चेक गणराज्य के टॉमस माचैक से हारकर बाहर हो गए। एटीपी एकल रैंकिंग में 91वें स्थान पर काबिज 27 वर्षीय नागल अपने विश्व नंबर 25 प्रतिद्वंद्वी से दो घंटे पांच मिनट में 6-3, 6-1, 7-5 से हार गए। इस बीच, बोपन्ना की हार के बावजूद युगल स्पर्धा में भारतीयों की दिलचस्पी बनी हुई है क्योंकि अन्य भारतीय खिलाड़ी युकी भांबरी फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी के साथ, एन श्रीराम बालाजी मैक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला के साथ और ऋत्विक बोलिपल्ली यूएसए के रयान सेगरमैन के साथ मिलकर बुधवार को अपना युगल अभियान शुरू करेंगे।

# डेनमार्क के फुटबॉलर साइमन केर ने लिया संन्यास




प्रात: किरण,/ एजेसी

कोपेनहेगन,। डेनमार्क के फुटबाल खिलाड़ी साइमन केर ने राष्ट्रीय टीम के साथ 132 मैच खेलने के बाद सोमवार को संन्यास ले लिया। उन्होंने एक साक्षात्कार में संन्यास लेने के अपने फैसले का खुलासा किया। एफसी मिडट्जिलैंड से आने के बाद, केरने 2020 में एसी मिलान में शामिल होने से पहले पलेर्मो, रोमा, सेविला के लिए खेला है और 2022 में रॉसोनेरी को स्कुडेटो जीतने में मदद की है। राष्ट्रीय टीम में, केरने 2009 में सीनियर टीम के लिए पदार्पण किया और विश्व कप के तीन संस्करणों और तीन यूरोपीय चैंपियनशिप सहित छह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेला। 35 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल गर्मियों में एसी मिलान के साथ अपने अनुबंध की समाप्ति के बाद से किसी क्लब के बिना है। पूरा साक्षात्कार इस सप्ताह के अंत में जारी किया जाएगा, लेकिन स्निपेट से पता चला है कि अनुभवी खिलाड़ी लंबे समय से इस निर्णय के बारे में सोच रहे थे। हालांकि उनका करियर बहुत शानदार नहीं रहा, लेकिन 2021 में डेनमार्क और फिनलैंड के बीच यूरोपीय चैंपियनशिप के मुकाबले में केरको काफी प्रशंसा मिली। जब क्रिश्चियन एरिक्सन मैदान पर गिर पड़े, तो टीम के कप्तान केरसबसे पहले उनकी स्थिति की जांच करने वाले थे। इसके बाद उन्होंने अपने साथियों को एरिक्सन के इलाज के लिए बुलाया। केरको मेडिकल टीम के साथ यूईएफए प्रेसिडेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इंग्लैंड को 21 रनों से हराया



मेलबर्न,। एलिस पेरी (60) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अलाना किंग (चार विकेट) और किंग गार्थ (तीन विकेट) बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने मंगलवार को दूसरे एकदिसवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 21 रनों से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया के 180 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही और उसने पहला विकेट आठ रन के स्कोर पर टैमी बोमॉन्ट (तीन) का विकेट गवां दिया।बोमॉन्ट को कि गार्थ ने पगबाधा आउट किया। इसके मैया बाउचियर (17) को भी किम गार्थ ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान हीथर नाइट और नेट सायबर ब्रंट ने पारी को संलाने का प्रयास किया। 16वें ओवर में एश्ली गार्डनर ने हीथर नाइट (18) को अपनी ही गेंद पर कैय आउट कर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में अलाना किंग ने डेनियल वॉयट (शून्य) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को चौथी सफलता दिलाई। 23वें ओवर में 84 के स्कोर पर किंग ने नैट सायबर ब्रंट (35) को भी अपना शिकार बना लिया। 36वें ओवर में गार्थ ने एलिस कैप्सी को पगबाधा आउट कर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत कर दी। ऐमी जोंस ने इंग्लैंड के लिए (नाबाद 47) रनों की पारी खेली। मेगन शूट ने 49वें ओवर की पहली गेंद पर लॉरेन बेल (एक) को बोल्ड कर इंग्लैंड की पारी का 159 के स्कोर पर अंत कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर किम गार्थ ने तीन विकेट लिये। अलाना किंग को चार विकेट मिले। एश्ली गार्डनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। आज यहां इससे पहले इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 43 के स्कोर परअपने दो विकेट गवां दिये। अलिसा हीली (29) और फीबी लिचफिल्ड (29) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद नियमित अंतराल पर ऑस्ट्रेलिया के विकेट गिरते रहे। हालांकि इस दौरान ऐलिस पेरी ने एक छोर थामे खड़ी रही। बेथ मूनी (12), ऐनाबेल सदरलैंड (11) और अलाना किंग (13) रन बनाकर आउट हुई। ऐलिस पेरी ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे अधिक (60) रनों की पारी खेली। 29वें ओवर में उन्हें कैप्सी ने पगबाधा आउट किया। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी सात विकेट 34 रन जोड़ कर गवां दिये। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 44.3 ओवर में 180 के स्कोर पर सिमट गई। इंग्लैंड के लिए सोफी एकल्सटन ने चार विकेट लिये। ऐलिस कैप्सी को तीन विकेट मिले। लॉरा बेल ने दो और लॉरेन फाइनलर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## ट्यूरिन की मेजबानी में विंटर यूनिवर्सियाड 2025 का हुआ आगाज

ट्यूरिन,। विश्व शीतकालीन विश्वविद्यालय खेल 2007 के बाद पहली बार ट्यूरिन में वापस आ गए हैं, 2025 टोरिनो शीतकालीन यूनिवर्सियाड का सोमवार को आधिकारिक रूप से शुभारम्भ किया गया। 2025 यूनिवर्सियाड एक नई राह खोलने के लिए तैयार है, क्योंकि यह पैरा छात्र-एथलीटों का स्वागत करेगा जो इस आयोजन के इतिहास में पहली बार अल्पाइन और क्रॉस-कंट्री स्कीइंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। स्की पर्वतारोहण यूनिवर्सियाड में अपनी शुरूआत कर रहा है, जबकि स्की ओरिएंटियरिंग 2019 में अपनी अंतिम उपस्थिति के बाद वापस आ रहा है। विशेष रूप से, स्की ओरिएंटियरिंग को इटली में 2026 शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भी शामिल किया जाना है।

# भारत ने खो खो विश्व कप पहले के रोमांचक मुकाबले में नेपाल को हराया

नयी दिल्ली,। भारत ने सोमवार को नेपाल को 42-37 से हराकर खो खो विश्व कप 2025 में शानदार शुरूआत की। आज यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले गये मैच में टीम के वजीर प्रतीक वाइकर की अगुआई में भारत के हरफनमौला प्रदर्शन ने खो खो विश्वकप का पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला जीता। भारत की शानदार शुरूआत करते हुए मैच के पहले टर्न में मात्र 60 सेकंड में नेपाल के पहले तीन डिफेंडरों को ढेर कर दिया। प्रतीक वाइकर और रामजी कश्यप की शानदार फ्लाइंग जंप की बदौलत भारत ने पहले टर्न में तीन मिनट शेष रहते हुए 14 अंकों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली, जिसमें नेपाल के दो डिफेंडरों को आउट कर दिया। वजीर के रूप में प्रतीक वाइकर की जगह लेने वाले सचिन भार्गो ने रात की सबसे बेहतरीन मूवमेंट दिखाई। उन्होंने शानदार स्काईडाइव करके ब्रेक के समय स्कोर को 24 टच पॉइंट तक पहुंचाया, जिससे नेपाल की टीम ह्यड्रीम रनह्ण हासिल नहीं कर पाई । ड्रीम रन में डिफेंडर मैट से बाहर निकले बिना तीन मिनट तक टिके रहते हैं, जिसके बाद डिफेंडिंग टीम को हर 30 सेकंड में एक पॉइंट मिलता है। नेपाल को टर्न 2 में छह पॉइंट हासिल करने के लिए लगभग दो मिनट लगे, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की। भारतीय डिफेंडर ड्रीम रन हासिल करने से रोक दिए गए, जिससे नेपाल को अपने टर्न के दौरान 20 पॉइंट हासिल करने का मौका मिल गया। नेपाल के ऑलराउंडर जोगेंद्र राणा मुख्य आक्रामक खिलाड़ी बनकर उभरे, उन्होंने दो डाइव सहित चार पॉइंट हासिल किए, जिससे उनकी टीम मुकाबले में पूरी तरह बनी रही। खो खो विश्व कप 2025 का पहला ड्रीम रन नेपाल के भरत सारू ने हासिल किया, लेकिन यह अपर्याप्त साबित हुआ क्योंकि भारत 24 पॉइंट से 42 पॉइंट पर पहुंच गया, जिससे मेजबान टीम की बढ़त खेल के चौथे टर्न में 21 पॉइंट पर पहुंच गई। झलक बीके ने टर्न 4 में नेपाल के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जिससे टीम ने एक बार फिर अंतर को पांच पॉइंट तक कम कर दिया। हालांकि, यह देर से मिली बढ़त टीम इंडिया को प्रभावशाली जीत हासिल करने से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं थी। और इसी के साथ मेजबान देश को खो-खो विश्व कप 2025 के लिए एक शानदार शुरूआत मिली।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के बाद बंगाल में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों पर कार्रवाई, 2 गिरफ्तार



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने उत्तर 24 परगना जिले में दो बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी दस्तावेजों के साथ भारत में अवैध रूप से रहने के बाद गिरफ्तार किया। रुल हक और रफीकुल इस्लाम, जो दोनों बांग्लादेश के निवासी हैं, कई साल पहले उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर पहुंचे थे और कथित तौर पर जाली दस्तावेज जमा करके मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे फर्जी पहचान पत्र प्राप्त किए थे। नुरुल हक पकड़े जाने से बचने के लिए नारायण अधिकारी नाम का इस्तेमाल कर रहा था। फीकुल इस्लाम का मूल घर बांग्लादेश के मदारीहाट में है और वह भारत आया था, जहां उसने फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड बनवाकर इलाके में जमीन खरीदी और घर बनाया। पश्चिम बंगाल पुलिस ने जिला पुलिस से नारायण अधिकारी उर्फ ??हक के बारे में इनपुट मिलने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया, जो रफीक इस्लाम नाम के एक मकान मालिक के किराए के मकान में रह रहे थे, जो एक बांग्लादेशी भी है। जांच के दौरान, यह पाया गया कि हक उत्तर 24 परगना जिले में मछली पकड़ने का व्यवसाय चलाता था। हक और इस्लाम, जिन्हें स्थानीय लोग इलाके में एक तथाकथित निजी डॉक्टर के रूप में जानते थे, काफी समय से अपनी संदिग्ध गतिविधियों के कारण पुलिस की जांच के दायरे में थे।

### उमर अब्दुल्ला मर्यादाओं का पालन कर रहे थे : रविन्द्र शर्मा



**जम्मू, एजेंसी।** कांग्रेस के प्रवक्ता रविन्द्र शर्मा ने सोमवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना पर कहा कि मुख्यमंत्री संभवतः मर्यादाओं का पालन कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग इलाके में जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। उन्होंने पीएम मोदी की जमकर सराहना की। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, केंद्र और राज्य के बीच एक मर्यादा होती है। शायद उमर अब्दुल्ला उसी मर्यादा का पालन कर रहे थे। हालांकि उन्हें यह भी कहा कि उमर अब्दुल्ला को यह समझना होगा कि हमें जो बहुमत मिला था, वह भाजपा की नीतियों के खिलाफ मिला था। गठबंधन की जीत हुई थी जिसका नेतृत्व उमर अब्दुल्ला कर रहे हैं। जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन पर उन्होंने कहा कि इस परियोजना को बहुत पहले शुरू हो जाना चाहिए था। इसमें देरी हुई है। केंद्र पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इस परियोजना के अलावा जितने भी प्रोजेक्ट हैं, पूर्व की केंद्र सरकार के दौरान लाए गए। कांग्रेस के समय में आधारशिला रखी गई। केंद्र की मोदी सरकार बस उद्घाटन कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू कश्मीर में विकास के लिए अनुच्छेद 370 कभी भी बाधा नहीं था। उसे हटाकर केंद्र सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है। मैं पूछना चाहता हूं कि 11 साल में जम्मू-कश्मीर में महत्वपूर्ण विकास कार्य क्यों नहीं हुए। उमर अब्दुल्ला के बयानों से उनकी मंशा जाहिर हो सकती है। लेकिन हमारी सरकार गठबंधन की है। जम्मू-कश्मीर हमेशा भारत और केंद्र सरकार के साथ खड़ा रहा है। तो फिर केंद्र को धन आवंटित करने में इतना समय क्यों लगा है।

### मध्य प्रदेश में फिर बदलेगा मौसम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव होने वाला है। एमपी में सर्द हवाओं से ठिठुरन बढ़ गई है। कोहरे से कई शहरों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मध्य प्रदेश में सर्द हवाएं बढ़ती चली जा रही है। मौसम को लेकर आए एक अपडेट में यह पता चला है कि आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। मध्य प्रदेश में 14 से 20 जनवरी तक सर्द हवाओं की रफ्तार में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

# 31 मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड, अचानक सुरजेवाला ने ली कर्नाटक में सीएलपी की बैठक



**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक के प्रभारी एआईसीसी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के भीतर संभावित सत्ता परिवर्तन के बारे में चल रही अटकलों को संबोधित करते हुए अफवाहों को मनगढ़ंत बताया। इस बीच, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार ने नियमित मूल्यांकन के हिस्से के रूप में सुरजेवाला को राज्य के 31 मंत्रियों की प्रदर्शन रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट सोमवार को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) कार्यालय में प्रस्तुत की गई, जिसमें मंत्रियों के विभागों के प्रबंधन के काम और पार्टी संगठन में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया।

बैठक के बाद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बताया कि हमारी अब तक हुई दो बैठकों का एजेंडा और सीएलपी की तीसरी बैठक जो जल्द ही होगी, बहुत सरल है। सबसे पहले, इस महीने की 21 तारीख को बेलगाम में जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली आयोजित की जाएगी, जहां इसे पहले स्थगित कर दिया गया था। रैली का उद्देश्य आपको पहले ही विस्तार से बताया जा चुका है। उन्होंने आगे कहादूसरा, हम पूरे कर्नाटक में 100 गांधी भारत कार्यालय खोलने जा रहे हैं। फरवरी में किसी समय बेंगलुरु से राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा इसकी आधारशिला रखी जाएगी। उनसे एक तारीख आवंटित करने का अनुरोध किया है। पार्टी के सभी विधायकों, मंत्रियों और अन्य साथियों को बुलाने का एक मकसद ये भी था कि अंतिम रूप और ढांचा तैयार करने के लिए करीब 74 जगहों पर पहले से ही जमे हुए हैं। बाकी को अब हमारे कार्यकारी अध्यक्षों और पार्टी द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। तीसरा, बेलगाम में सीडब्ल्यूसी द्वारा तय किए गए अनुसार यह संगठन का वर्ष है। इसलिए हमने निर्णय लिया है कि जहां तक रायपुर निर्णय है और पार्टी की जोधपुर घोषणा के अनुरूप हम अब पंचायत स्तर पर कांग्रेस कमेटी, वार्ड स्तर पर कांग्रेस कमेटी और मध्यस्थ मंडल कमेटी का गठन करेंगे और अपने सभी ब्लॉकों की समीक्षा करेंगे। 31 मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड पर कर्नाटक के डिप्टी सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि मंत्रियों ने अपने काम के बारे में जो भी जानकारी दी है, उसका रिपोर्ट कार्ड सौंप दिया गया है और केपीसीसी की ओर से एक अलग कमेटी बनायी जायेगी।

# ओडिशा सरकार आपातकाल के दौरान जेल गए लोगों को देगी 20,000 रुपये मासिक पेंशन



**भुवनेश्वर, एजेंसी।**
ओडिशा सरकार ने सोमवार 1975-77 में आपातकाल के दौरान जेल गए लोगों के लिए 20,000 रुपये मासिक पेंशन और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा को मंजूरी दी। राज्य गृह विभाग द्वारा जारी नवीनतम अधिसूचना के अनुसार यह पेंशन 26 जून, 1975 से 21 मार्च, 1977 तक मीसा (आंतरिक सुरक्षा अधिनियम, 1971) या डीआईआर (भारत रक्षा नियम) या डीआईएसआईआर (भारत रक्षा और आंतरिक सुरक्षा नियम) के तहत जेल में बंद व्यक्तियों को प्रदान की जाएगी। इसमें कहा गया है, पेंशन जीवित व्यक्तियों (अर्थात जो 1 जनवरी, 2025 तक जीवित थे) के पक्ष में स्वीकृत की जाएगी, भले ही वे जेल में कितने भी समय तक रहे हों। गृह विभाग ने कहा कि वे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रावधानों के अनुसार मुफ्त चिकित्सा उपचार का लाभ उठा सकते हैं। ये लाभ 1 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाली अवधि के लिए प्रदान किए जाएंगे। 1 जनवरी, 2025 से पहले की अवधि के लिए कोई लाभ नहीं दिया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन दोगुनी करने के अलावा मुख्यमंत्री मोहन माझी ने 2 जनवरी को घोषणा की कि आपातकाल के दौरान मीसा के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों को 20,000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। आपातकाल को लोकतंत्र के सबसे काले दौरों में से एक बताते हुए उन्होंने कहा, मीसा कानून के तहत कारावास झेलने वाले देशभक्तों के सम्मान में हमारी सरकार पेंशन, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा और मुफ्त बस पास मुहैया कराएगी। देश के तीन राज्यों ने आपातकाल के दौरान मीसा या डीआईआर बंदियों के लिए पेंशन योजना शुरू की है। मध्य प्रदेश जहां आपातकाल पीड़ितों को 15,000 से 25,000 रुपये प्रति वर्ष दे रहा है, वहीं छत्तीसगढ़ 5,000 से 25,000 रुपये प्रति माह और राजस्थान 20,000 रुपये प्रति माह दे रहा है । अगस्त 2019 में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली पिछली बीजू जनता दल (बीजद) सरकार ने मधुबाबू पेंशन योजना के तहत आपातकाल के दौरान गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को 500 रुपये पेंशन देने की घोषणा की थी।

# गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर दिखेगी उत्तराखंड की संस्कृति की झलक

### लोकनृत्य छपेली पर कलाकार देंगे प्रस्तुति







**अल्मोड़ा, एजेंसी।** दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में कर्तव्य पथ पर सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा के कलाकार अपनी कला का जलवा बिखेरेंगे. अल्मोड़ा की संस्कार सांस्कृतिक समिति के 50 कलाकार कुमाऊं के प्रसिद्ध लोकनृत्य छपेली पर प्रस्तुति देंगे. छपेली कुमाऊं के पर्वतीय अंचल के सबसे ज्यादा लोकप्रिय लोकगीतों में शुमार है. जिसका गायन खास मौकों पर किया जाता है.

कलाकारों का किया गया चयनः कुमाऊं की लोक संस्कृति की विभिन्न विधाएं हैं. कुमाऊंनी छपेली, उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में गाए जाने वाला एक पारंपरिक लोकगीत है और यह एक नृत्य गीत है, जिसे जोड़ और आलाप के साथ गाया जाता है. छपेली लोकनृत्य उल्लासपूर्ण संगीत के साथ भावपूर्ण होता है. जिसमें सजीव और अर्थपूर्ण नृत्य की भाव भंगिमाएं होती हैं. समिति के प्रकाश बिष्ट ने बताया कि इसके लिए दल के कलाकारों को चयनित किया गया है, जिसका नेतृत्व ललित मोहन बिष्ट कर रहे हैं.

रिर्हसल के बाद टीम रवानाः यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार व संगीत नाटक अकादमी के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है. जिसमें देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 5000 कलाकार हिस्सा ले रहे हैं. एक महीने की रिर्हसल के बाद कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को सभी कलाकार लोक संस्कृति की प्रस्तुति देंगे. जिसका नृत्य संयोजन जाने माने कोरियोग्राफर अकुर पठान, संजय शर्मा, कल्पेग सुभाष, शुभम पटेल और उनके 11 सदस्यीय दल द्वारा किया जा रहा है.

जनप्रतिनिधियों और सांस्कृतिक प्रेमियों ने जताई खुशीः इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड के सांस्कृतिक संस्था संस्कार सांस्कृतिक समिति के 50 कलाकारों का चयन किया गया है. अल्मोड़ा के कलाकारों का चयन होने पर विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविन्द सिंह कुंजवाल, सांस्कृतिक निदेशालय उत्तराखंड की निदेशक बीना भट्ट समेत कई सांस्कृतिक प्रेमियों ने खुशी व्यक्त की है.

# पत्रकार मुकेश चंद्राकर का अस्थि कलश तोड़ा, बिखेरी अस्थियां





**बीजापुर , एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद उसके अस्थियों से खिलवाड़ का मामला सामने आया है। इस घटना से परिवार के लोग आहत है। सोमवार की सुबह परिवार के सदस्य जब अस्थि कलश लेने पहुंचे तो वह निर्धारित स्थल पर नहीं था। परिजनों द्वारा खोजबीन करने पर कुछ दूरी पर टूटा हुआ कलश मिला और अस्थियां बिखरी पड़ी थीं।

इस मामले को लेकर दक्षिण बस्तर पत्रकार संघ के साथ ही बस्तर जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने बीजापुर पुलिस अधीक्षक से अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत की है।

दिवंगत पत्रकार मुकेश के परिजनों का कहना है कि अंतिम संस्कार करने के बाद अस्थियों को एक घड़े में रखकर मुक्तिधाम के एक पेड़ के पास रखा था। इन अस्थियों को नदी में विसर्जन किया जाना था, जिसके लिए मुक्तिधाम के पास जब अस्थि कलश लेने पहुंचे तो अस्थि कलश गायब था।

उसकी खोजबीन करने पर 50 मीटर दूरी पर कलश टूटा और अस्थियां बिखरी पड़ी थीं। इस घटना से परिवार को बहुत दुख पहुंचा है। मुकेश की हत्या कर दी गई और अब उस्की अस्थियों से खिलवाड़ बेहद शर्मनाक कृत्य है। इस घटना के बाद स्थानीय पत्रकारों और मुकेश के परिजनों में काफी आक्रोश भी है। बस्तर के पत्रकारों ने मामले की शिकायत बीजापुर स्क्र्से की है।

बता दें कि दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने बीजापुर में करोड़ों की लागत से बन रहे घटिया सड़क निर्माण को लेकर खबर टीवी चैनल में दिखाया था। खबर प्रसारित होने के बाद वह एक जनवरी से लापता थे। तीन दिन बाद तीन जनवरी को उनका शव ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के बाड़े में बने सैप्टिक टैंक में मिला था।

# आसाराम को 31 मार्च तक अंतरिम जमानत, राजस्थान हाई कोर्ट से बड़ी राहत

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान हाई कोर्ट ने रेप से दोषी मामले में आसाराम को 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी है। मंगलवार को जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर ने कहा कि आसाराम 31 मार्च 2025 तक जेल से बाहर रहकर अपना इलाज करवा सकेगा। इस दौरान उसे अपने किसी भी अनुयायी से मिलने की अनुमति नहीं होगी। न ही वे मीडिया में कोई बयान जारी सकेगा। 24 घंटे वह पुलिस पहरे में रहेगा और इलाज पूरा होने के बाद वापस जेल आएगा।

उल्लेखनीय है कि आसाराम के वकील आर. एस. सलूजा ने 8 जनवरी को हाई कोर्ट में अंतरिम जमानत के लिए यह अर्जी दाखिल की थी, जिस पर आज 6 दिन बाद फैसला आया है। 86 साल के आसाराम को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हैं, जिसमें हृदय रोग सबसे अहम है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एम. एम. सुंदरेश और राजेश बिंदल की बेंच ने इसी को आधार मानते हुए अंतरित जमानत मंजूर की थी अब सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत की शर्तों पर राजस्थान हाई कोर्ट ने भी आसाराम को अंतरिम जमानत दे दी है। बता दें आसाराम दो जघन्य मामलों में सजा काट रहा है। आसाराम को अपने आश्रम में नाबालिग से बलात्कार के आरोप में 2013 में जोधपुर पुलिस ने इंदौर के एक आश्रम से गिरफ्तार किया था। लंबी सुनवाई के बाद आसाराम को 2018 में पॉस्को एक्ट के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

# जापान में 6.9 तीव्रता के भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी



**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के दक्षिण पश्चिमी हिस्से में 6.9 तीव्रता का भूकंप आने के बाद सोमवार शाम सुनामी की चेतावनी जारी की गई। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि रात 9.19 बजे आए भूकंप की तीव्रता मियाजाकी प्रान्त के कुछ हिस्सों में जापानी भूकंपीय पैमाने 5 से कुछ अधिक मापी गई। जापान के भूकंपीय स्केल में अधिकतम मान 7 है। वहीं अधिकतम 10 मान वाले रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.9 मापी गई।

मौसम एजेंसी ने मियाजाकी और कोची प्रान्तों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। जापान टाइम्स के अनुसार, भूकंप का केंद्र ह्युगानाडा सागर में 30 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के तुरंत बाद, एजेंसी ने मियाजाकी और कोची प्रान्तों के तटों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की। उसने बताया है कि समुद्र में एक मीटर तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं। आस-पास के लोगों से तट से दूर रहने और ऊंचे स्थानों पर जाने का आग्रह किया गया है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि बीजिंग समय के अनुसार सोमवार रात 8.58 बजे शिजांग स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे में डिंगरी काउंटी में 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार, भूकंप का केंद्र 28.45 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.52 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। सीईएनसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। पिछले सप्ताह 7 जनवरी को तिब्बत क्षेत्र में डिंगरी काउंटी में आए 6.8 तीव्रता के भूकंप के पीड़ितों की याद में सोमवार को एक स्मारक सेवा भी आयोजित की गई। सुबह 9.30 बजे, चामको टाउनशिप में सायरन गूंजने लगे, जहां यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। टाउनशिप स्क्वायर में एक विशाल बोर्ड लगा था, जिस पर सफेद मंदारिन और तिब्बती अक्षरों में डिंगरी भूकंप में मारे गए लोगों के लिए गहरा शोक लिखा हुआ था। सरकारी अधिकारियों, बचावकर्मियों और स्थानीय निवासियों सहित सैकड़ों लोगों ने अपनी टोपियां उतारीं और मृतकों की याद में तीन मिनट तक मौन खड़े रहे।

# महाप्रलय से दुनिया के नक्शे से मिट जाएगा द्वीप देश, तय हो चुकी समाप्ति की तारीख

**तुवालु द्वीप एजेंसी।** तुवालु द्वीप , जो प्रशांत महासागर में स्थित है, एक ऐसे देश के रूप में सामने आया है जिसकी समाप्ति की तारीख निश्चित हो चुकी है। ग्लोबल वार्मिंग और समुद्र के बढ़ते स्तर के कारण यह द्वीप धीरे-धीरे डूबता जा रहा है और कुछ सालों में यह पूरी तरह से समुद्र में समा जाएगा। तुवालु द्वीप की औसत ऊंचाई समुद्र तल से सिर्फ 2 मीटर है। पिछले तीन दशकों में समुद्र का स्तर यहां 15 सेंटीमीटर बढ़ चुका है, जो वैश्विक औसत से डेढ़ गुना अधिक है। यह लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहा है। तुवालु वेटिकन सिटी के बाद दुनिया का सबसे कम आबादी वाला देश है, जहां करीब 11,000 लोग रहते हैं। इस देश की पूरी आबादी को जलवायु परिवर्तन और बढ़ते समुद्र के कारण विस्थापित होने के लिए मजबूर किया जाएगा। नासा के अनुसार, 2050 तक तुवालु के मुख्य एटॉल, फ़ुनाफ़ुटी का आधा हिस्सा समुद्र में समा जाएगा। इस स्थिति को देखते हुए, तुवालु और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2023 में एक समझौता हुआ। इसके तहत, 2025 से हर साल 280 लोगों को ऑस्ट्रेलिया में स्थायी रूप से विस्थापित किया जाएगा, ताकि उनका जीवन सुरक्षित हो सके। तुवालु में खारे पानी के कारण मीठे पानी की भारी कमी है, जिससे यहां के लोग बारिश के पानी को टैंक में जमा कर उगने वाले खाद्य पदार्थों के लिए इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, यहां के लोग अपने बच्चों का भविष्य लेकर चिंतित हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि उनका भविष्य क्या होगा। तुवालु के लोग अब अपनी मिट्टी से विस्थापित होने की तैयारी कर रहे हैं।

# टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने की समयसीमा बढ़ाई जाए, अमेरिकी सांसदों की जो बाइडन से अपील




**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
डेमोक्रेटिक सांसदों ने सोमवार को कांग्रेस और राष्ट्रपति जो बाइडन से टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने की समयसीमा बढ़ाने की मांग की। सांसदों ने चीन स्थित बाइटडांस के लिए टिकटॉक की अमेरिकी संपत्ति बेचने के लिए 19 जनवरी की समयसीमा बढ़ाने का आग्रह किया। दरअसल, अगर ऐसा न होने पर कंपनी को अमेरिका में प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को टिकटॉक और बाइटडांस की ओर से कानून को चुनौती देने पर सुनवाई की। कंपनियों के वकील नोएल फ्रांसिस्को ने कहा कि अगले सप्ताह की समयसीमा तक बिक्री पूरी करना असंभव होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर प्रतिबंध लगाया जाता है तो 170 मिलियन अमेरिकियों की ओर से इस्तेमाल किया जाने वाला शॉर्ट वीडियो एप बंद हो जाएगा। इसके बाद यह देश में पूरी तरह से ठप हो जाएगा।

दरअसल, अप्रैल में राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा हस्ताक्षरित एक विधेयक को कानून में बदल दिया गया था, जिसके तहत चीन के बाइटडांस (टिकटॉक का मालिक) को 19 जनवरी को अमेरिकी प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में अमेरिका में टिकटॉक के पास एक ही ऑप्शन है कि वह खुद को किसी अमेरिकी कंपनी को बेच दे। यदि ऐसा नहीं होता है तो कंपनी को अमेरिकी बाजार को छोड़ना होगा। अमेरिका में टिकटॉक के 170 मिलियन यानी करीब 17 करोड़ यूजर्स हैं।

टिकटॉक को लेकर अमेरिका की सरकार का आरोप है कि यह चीन को डाटा जुटाने और यूजर्स की जासूसी करने की अनुमति देता है। इसकी वीडियो होस्टिंग सेवा से दुष्प्रचार फैलता है। हालांकि चीन और बाइटडांस इसका विरोध कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में तीन न्यायाधीशों वाले अमेरिकी अपील अदालत ने सर्वसम्मति से कानून के आधार को बरकरार रखा कि टिकटॉक का चीनी स्वामित्व से अलग होना हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए आवश्यक है।

अगर बाइडन इस बात को मान लें कि बाइटडांस विनिवेश की दिशा में पर्याप्त प्रगति कर रहा है तो वे समयसीमा को 90 दिनों तक बढ़ा सकते हैं। हालांकि, यह संभावना न के बराबर है कि बाइटडांस उस मानक को पूरा कर पाएगा।

सीनेटर एडवर्ड मार्की ने कहा कि उन्होंने बाइटडांस को टिकटॉक बेचने या अतिरिक्त 270 दिनों के लिए प्रतिबंध का सामना करने की समय सीमा में देरी करने के लिए कानून पेश करने की योजना बनाई है। दरअसल, टिकटॉक प्रतिबंध उन लाखों अमेरिकियों पर गंभीर परिणाम डालेगा जो सामाजिक संपर्क और अपनी आर्थिक आजीविका के लिए एप पर निर्भर हैं। हम ऐसा होने की अनुमति नहीं दे सकते।

# बुशरा बीबी की बढ़ेगी मुश्किलें, विरोध प्रदर्शन से जुड़े 3 मामलों में अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इस्लामाबाद की अदालतों ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी द्वारा दायर तीन अंतरिम जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। इस्लामाबाद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुहम्मद अफजल मुजोका ने बुशरा बीबी द्वारा दायर तीन अंतरिम जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजक इकबाल काखर और वकील खालिद यूसुफ चौधरी अदालत में पेश हुए, जबकि बुशरा बीबी के वकील ने कार्यवाही के दौरान छूट के लिए याचिका पेश की। न्यायाधीश ने कहा कि आपको अभी तक जमानत बांड जमा नहीं करना है। अदालत में सुनवाई के दौरान वकील खालिद यूसुफ चौधरी ने कहा कि बुशरा बीबी को आज 190 मिलियन पाउंड के मामले में फैसले के लिए अदियाला जेल में उपस्थित रहना होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129